■ बोकारो और औरंगाबाद से प्रकाशित www.navbihartime.com Holi Hai ! ■ झारखंड एवं बिहार का अपना अखबार

नवबिहार टाइम्स

होली की हार्दिक शुभकामनाएँ

अपना प्रदेश, अपनी बात

वर्ष : 8 अंक : 291
पृष्ठ : 12
बोकारो, शुक्रवार
14 मार्च 2025
मूल्य : 3.00 रूपये
RNI No. : JHAHIN2017/72655

शुभकामनाएं

रंगों का त्योहार होली के अवसर पर नवबिहार टाइम्स के पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं सहयोगियों को हार्दिक शुभकामनाएं

मनोज विशाल, स्थानीय संपादक — कमल किशोर, संपादक

सूचना

होली के अवसर पर 14 एवं 15 मार्च 2025 को नवबिहार टाइम्स कार्यालय एवं प्रेस बंद रहेगा। अतः अगला अंक 17 मार्च को प्रकाशित होगा।

संपादक

झारखंड में नौकरियों की बहार, जल्द होगी 26 हजार शिक्षकों की बहाली

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

रांची/ सरायकेला। प्रदेश के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने जल्द शिक्षकों की भर्ती प्रक्रिया शुरू होने के संकेत दिए हैं। शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने बाहा बोंगा पर्व के मौके पर भाजपा सरकार को आड़े हाथों लेते हुए उन्होंने झारखंड के छात्रों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश पर 26 हजार शिक्षकों के नियोजन प्रक्रिया को जल्द पूरा करने की कवायद शुरू हम शुरू करने वाले हैं। इसके साथ ही शिक्षा मंत्री ने बताया कि झारखंड में आदिम जनजाति भाषा के 10 हजार शिक्षकों की बहाली प्रक्रिया भी पूरे झारखंड में जल्द शुरू की जाएगी।

26 हजार शिक्षकों की प्रक्रिया जल्द होगी शुरू

शिक्षा मंत्री रामदास सोरेनआदिवासी



समुदाय की आस्था से जुड़े 3 दिवसीय महापर्व बाहा बोंगा के दूसरे दिन नायके बाबा प्रवीण सोरेन को सामाजिक रीति रिवाज से स्वागत कर उन्हें पूजन स्थल तक लाया गया। उसके बाद उन्होंने जाहेरथान में साल वृक्ष के नीचे पारंपरिक रीति रिवाज से प्रकृति की पूजा अर्चना करके सुख, शांति और खुशहाली की कामना की।इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में प्रदेश के शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन मौजूद थे। इस मौके पर शिक्षा मंत्री रामदास सोरेन ने कहा कि आदिवासियों की संस्कृति और परंपरा को आगे बढ़ाना समाज का दायित्व है। बाहा पर्व आस्था का प्रतीक है, जो समाज को एक सूत्र में बांधकर संस्कृति को आगे बढ़ाने का काम करता है। सोरेन ने लोगों को इस महापर्व की शुभकामना दी।इस पूजनोत्सव में आसपास के करीब 150 गांवों के हजारों ग्रामीण समेत दर्जनों गांवों के मांझी बाबा ने हिस्सा लिया। इस मौके पर जाहेरगाड़ समिति के भोमरा बेसरा ने बताया कि इस महापर्व में प्रकृति की पूजा कर क्षेत्र की सुख-समृद्धि एवं शांति की कामना करते हैं। उन्होंने बताया कि जाहेरथान में पूजा अर्चना करने वालों में कोई भेदभाव नहीं होता।

सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर होगी कड़ी कार्रवाई : डीजीपी

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। होली और रमजान के जुमे को लेकर प्रशासन ने सुरक्षा को लेकर व्यापक प्रबंध किए हैं। बिहार के पुलिस महानिदेशक विनय कुमार ने प्रदेशवासियों से आपसी सौहार्द बनाए रखने की अपील की है। उन्होंने यातायात के नियमों का पालन करने, रैश ड्राइविंग न करने तथा डीजे न बजाने का संदेश दिया है। उन्होंने गुरूवार को कहा कि त्योहार के दौरान डीजे, सार्वजनिक रूप से अश्लील गाना बजाना, सड़कों पर हुड़दंग जैसी असामाजिक स्थिति को बढ़ावा न दें। विधि व्यवस्था को मजबूत बनाए रखने में सहयोग करें। विनय कुमार ने कहा कि सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों, वैमनस्यता को बढ़ावा देने वाले पोस्ट को शेयर करने वालों पर निगरानी रखी जाएगी। त्योहार के दौरान सामाजिक सौहार्द बिगाड़ने वालों पर कड़ी कार्रवाई भी की जाएगी। डीजीपी ने यह भी कहा कि सभी जिलों में सुरक्षा प्रबंधों को मजबूत किया जाएगा। संवेदनशील क्षेत्रों में अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा ताकि किसी भी अप्रिय घटना को रोका जा सके।

पेड़ से लटका मिला छात्र का शव

पटना (नबिटा ब्यूरो)। पटना के दुल्हिनबाजार थाना क्षेत्र में गुरुवार शाम एक छात्र का पेड़ से लटका शव मिला है। मृतक की पहचान सीही गांव निवासी योगेंद्र मोची के बेटे अमन कुमार के रूप में हुई है। मृतक के परिजनों ने बताया कि अमन पढ़ाई करता था। वह आज अचानक घर से गायब हो गया था। शाम को ग्रामीणों से उसके शव की सूचना मिली।

सड़क दुर्घटना में दो की मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

मदनपुर (औरंगाबाद)। मदनपुर बाजार से कपड़ा खरीद वापस घर लौट रहे तीन बाइक सवार युवकों को एक बेकाबू ट्रक ने रौंदा दिया जिसमें मौके पर ही दो युवकों की मौत हो गई जबकि एक गंभीर रुप से जख्मी हो गया। इसे ग्रामीणों के सहयोग से सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र मदनपुर में इलाज के लिए भर्ती कराया गया जहां चिकित्सकों द्वारा प्राथमिक इलाज के बाद बेहतर इलाज के लिए मगध मेडिकल कॉलेज गया में रेफर कर दिया गया है। इस घटना से मृतकों के परिजनों में शोक व्याप्त है और होली त्योहार की खुशियां मातम में बदल गई। परिजनों का रो-रो बुरा हाल है।

सिसोदिया-जैन के खिलाफ भ्रष्टाचार मामले की होगी जांच

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नई दिल्ली। राष्ट्रपति ने दिल्ली के पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया और मंत्री सत्येंद्र जैन के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मंजूरी दे दी। सूत्रों के मुताबिक गुरुवार को उपराज्यपाल सचिवालय को जानकारी दी। मामला दिल्ली के सरकारी स्कूलों में क्लास रूम बनाने में 1300 करोड़ रुपए के घोटाले जुड़ा है। केंद्रीय सतर्कता आयोग ने 17 फरवरी, 2020 की रिपोर्ट में 2400 से ज्यादा क्लास रूम बनाने में हुई अनियमितताओं को उजागर किया था। इसके बाद 2022 में दिल्ली सरकार के सतर्कता निदेशालय ने जांच की सिफारिश की और मुख्य सचिव को एक रिपोर्ट सौंपी थी। अभी मनीष सिसोदिया शराब घोटाले और सत्येंद्र जैन मनी लॉन्ड्रिंग मामले में जांच का सामना कर रहे हैं और दोनों जमानत पर हैं। इससे पहले 11 मार्च को राउज एवेन्यू कोर्ट ने पूर्व सीएम अरविंद केजरीवाल पर सरकारी पैसों के दुरुपयोग मामले में दिल्ली पुलिस को प्राथमिकी दर्ज करने के आदेश दिए थे। केजरीवाल पर आरोप है कि उन्होंने प्रचार के लिए बड़े होर्डिंग लगवाने में जनता के पैसे का गलत इस्तेमाल किया। कोर्ट ने पुलिस से 18 मार्च तक मामले की स्टेटस रिपोर्ट भी मांगी है। राउज एवेन्यू कोर्ट का आदेश 2019 के मामले में आया है। तब दिल्ली की एक अदालत में याचिका दायर कर आरोप लगाए गए थे कि अरविंद केजरीवाल, पूर्व विधायक गुलाब सिंह और द्वारका से पार्षद नितिका शर्मा ने पूरे इलाके में बड़े-बड़े होर्डिंग्स लगाकर जनता के पैसे का दुरुपयोग किया है। तब निचली अदालत ने याचिका खारिज कर प्राथमिकी की इजाजत देने से इनकार कर दिया था। जनवरी, 2024 में डायरेक्टरेट ऑफ इन्फॉर्मेशन एंड पब्लिसिटी ने भी इइच से राजनीतिक विज्ञापनों के लिए जनता के पैसे का दुरुपयोग करने के लिए ब्याज सहित 163.62 करोड़ रुपए वापस करने को कहा था।

गुमला पुलिस के शिकंजे में इनामी नक्सली, दो और भी गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

गुमला। जिला पुलिस ने पीएलएफआई उग्रवादी दुर्गा सिंह उर्फ पंजरी को रांची जिला के ओरमांझी इलाके से गिरफ्तार करने में बड़ी सफलता हासिल की है। उसे गुमला लाए जाने के बाद गहन पूछताछ के बाद जेल भेज दिया गया है। दुर्गा के ऊपर राज्य सरकार इनाम की राशि दो लाख से बढ़ाकर 10 लाख करने का प्रपोजल बना चुकी थी। मगर दिनेश गोप की गिरफ्तारी के बाद यह लंबित पड़ गया। दिनेश गोप से मिले इनपुट व एनआईए तथा झारखंड पुलिस के सुराग के बाद पुलिस दुर्गा पर लगातार नजर बनाए हुए थी। गुमला पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर क्यूआरटी द्वारा छापेमारी करते हुए कामडारा थाना क्षेत्र के मुरूमकेला तेतर टोली के पास से बाइक पर सवार पीएलएफआइ के केंद्रीय कमेटी के सदस्य जरिया जमाकेल निवासी दुर्गा सिंह उर्फ पंजरी सिंह को गिरफ्तार किया। इस कार्रवाई में एरिया कमांडर बकसपुर लापा खूंटी निवासी कालेश्वर हजाम उर्फ टेम्पू हजाम के अलावा हेंनदेबिल ओरमांझी निवासी रामकुमार सिंह को पुलिस ने दबोचा है। इसको लेकर गुमला एसपी शंभू कुमार सिंह ने कार्यालय परिसर में आयोजित प्रेस



वार्ता में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार तीनों नक्सलियों के पास से पुलिस ने एक राइफल, एक देसी रिवॉल्वर, 8 जिंदा गोली, पीएलएफआई पर्चा, मोबाइल व बाइक जब्त किया है। एसपी ने बताया कि दुर्गा वर्तमान में संगठन सुप्रीमो दिनेश गोप के जेल जाने के बाद पूरे संगठन का नेतृत्व कर रहा था। दुर्गा सिंह के खिलाफ गुमला सहित अन्य जिलों में लगभग 18 मामले दर्ज हैं। गुमला पुलिस द्वारा जिला में उग्रवाद और अपराध पर नियंत्रण के लिए लगातार कार्रवाई कर रही है। विगत 1 वर्ष में गुमला पुलिस एवं नक्सलियों के बीच दो मुठभेड़ हो चुकी है। पुलिस द्वारा 19 लाख के इनामी माओवादी नक्सलियों की गिरफ्तारी की गई। साथ ही भारी मात्रा में गोली व हथियार की भी बरामद अब तक हो चुकी है। एसपी ने कहा कि वहीं इनकी गिरफ्तारी के बाद जिला में संगठन समाप्ति की ओर है, इके-दुक्के ही शेष रह गए हैं। इस छापेमारी दल में सीडीपीओ बसिया अनुमंडल के नजीर अख्तर थाना प्रभारी शशि प्रकाश के अलावा अन्य कर्मी मौजूद रहे। अब पुलिस का अगला लक्ष्य दिनेश का राइट हैंड मार्टिन केरकेट्टा है। दुर्गा की गिरफ्तारी गुमला पुलिस के लिए एक बड़ी उपलब्धि है। गिरफ्तारी के बाद पुलिस ने उसके पास से बड़ी मात्रा में हथियार व गोली भी बरामद किया है। साथ ही उसकी निशानदेही पर लगातार छापामारी अभियान जारी है। तीन फरवरी 2023 को पश्चिमी सिंहभूम के सिदमा स्थित गुदड़ी थाना क्षेत्र में पीएलएफआई और पुलिस में मुठभेड़ हुई थी। इसमें दिनेश गोप समेत मार्टिन केरकेट्टा व दुर्गा भी शामिल था। दिनेश गोप से मार्टिन और दुर्गा के बारे में भी कई अहम जानकारियां सुरक्षा एजेंसियों को हासिल हुई हैं।ऐसे में दुर्गा व मार्टिन दोनों ही झारखंड पुलिस और एनआईए के ही रडार पर थे। झारखंड पुलिस एसआईबी दिनेश की गिरफ्तारी के बाद से ही पीएलएफआई उग्रवादियों पर मैन टू मैन वर्क कर रही थी। जो किसी न किसी जिले में सक्रिय हैं।

पटना हवाई अड्डे का विस्तार जल्द, मुख्यमंत्री ने किया कार्यों का निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा के निर्माणाधीन टर्मिनल का निरीक्षण किया। इस दौरान कैफेटेरिया, आधुनिक लांज, पार्किंग, चेक इन काउंटर समेत टर्मिनल के विभिन्न भागों का मुख्यमंत्री ने जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि जून माह तक सारे कार्य पूर्ण कर लिये जायेंगे। यहां 11 एयरो स्टेशन बनाये जा रहे हैं। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग निर्माण कार्य का लगातार निरीक्षण करते रहे हैं। बचे हुये कार्यों को तेजी से पूर्ण करें ताकि यहां यात्रियों को और सुविधा मिल सके। यात्रियों की संख्या में लगातार वृद्धि को देखते हुये इस एयरपोर्ट का विस्तारीकण किया जा रहा है, जिसमें यात्रियों को आधुनिक सुविधायें मिल सकेगी। इस एयरपोर्ट से अधिक से अधिक उड़ानें संचालित होने से बड़ी संख्या में यात्री हवाई यातायात का लाभ उठा सकेंगे। इसके पश्चात मुख्यमंत्री ने बिहटा में बनाये जानेवाले अन्तर्राष्ट्रीय एयरपोर्ट का स्थल निरीक्षण किया। इस दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को निर्माण कार्य के संबंध में विस्तृत जानकारी देते हुये बताया कि यह अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा आधुनिक सुविधाओं से लैश होगी। हवाई यातायात को बेहतर बनाने के लिये यहां आधुनिकतम व्यवस्थायें की जायेगी। यहां 10 ऐयरो स्टेशन होंगे। मुख्यमंत्री ने निर्माणाधीन खगौल बिहटा ऐलिवेटेड सड़क का भी निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि हमलोग चाहते हैं कि जल्द से जल्द बिहटा एयरपोर्ट का निर्माण हो ताकि लोगों को हवाई यात्रा में और सहूलियत हो। जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा, पटना और बिहटा एयरपोर्ट से इंटरनेशनल फ्लाइट की शुरूआत होगी, जिसका लाभ बिहार के लोगों को मिलेगा। विभिन्न जगहों के लोगों को कहीं भी विमान से आने-जाने में सहूलियत होगी। जयप्रकाश नारायण अन्तर्राष्ट्रीय हवाई अड्डा से बिहटा एयरपोर्ट तक कम से कम समय में पहुंचने के लिये खगौल बिहटा ऐलिवेटेड सड़क का निर्माण कराया जा रहा है। बिहटा एयरपोर्ट के निर्माण से और कनेक्टिविटी बढ़ेगी तथा पटना एयरपोर्ट पर पड़नेवाला भार भी कम होगा। साथ ही रोजगार और कारोबार के अवसर भी बढ़ेंगे। ज्ञातव्य है कि बिहार कैबिनेट ने हवाई संपर्क और क्षेत्रीय विकास को सुदृढ़ करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्तावों को मंजूरी दी है। रक्सौल ब्राउनफील्ड एयरपोर्ट के लिये 139 एकड़ भूमि का अधिग्रहण किया जाएगा, जिसकी लागत 207 करोड़ रूपये होगी। भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण द्वारा प्री-फिजिबिलिटी स्टडी और ऑब्स्टेकल लिमिटेशन सरफेस सर्वे पूरा कर लिया गया है। दरभंगा एयरपोर्ट का अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुसार रनवे विस्तार किया जायेगा ताकि बड़े विमान भी यहां उतर सकें। इसके लिए 90 एकड़ अतिरिक्त भूमि 245 करोड़ की लागत से अधिग्रहित की जाएगी। बिरपुर एयरपोर्ट (सुपौल) का उड़ान योजना के अंतर्गत विकास हेतु 88.83 एकड़ भूमि के अधिग्रहण को 42.37 करोड़ की लागत से कैबिनेट ने मंजूरी दी है। अब तक भूमि अधिग्रहण के लिये 495 करोड़ रूपये आवंटित की जा चुकी है। निरीक्षण के दौरान मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव दीपक कुमार, मुख्य सचिव अमृत लाल मीणा, मुख्यमंत्री के प्रधान सचिव डॉ0 एस0 सिद्धार्थ, मुख्यमंत्री के सचिव अनुपम कुमार, मुख्यमंत्री के सचिव कुमार रवि, पथ निर्माण विभाग के सचिव संदीप कुमार आर0 पुदुकलकुट्टी, मंत्रिमंडल समन्वय विभाग के विशेष सचिव निलेश देवरे, पटना के जिलाधिकारी डॉ0 चन्द्रशेखर सिंह आदि उपस्थित थे।

BAYC Institute
स्थापित 1972
बिहार एक्युप्रेशर योग कॉलेज
गांधी सेतु लिंक पथ, बिस्कोमान कॉलोनी गोलम्बर के पूरब, पटना-7



नामांकन प्रारंभ | नियमित / पत्राचार कोर्स

डॉक्टर बनें एक्युप्रेशर, योग, इलेक्ट्रोपैथी, ट्रेडिशनल मेडिसिन

DIPLOMA COURSE
DAT Acupressure Therapy
DAYS Acupressure Yoga Science
DY अवधि : 1 वर्ष Yoga योग्यता : 10th
DEMS अवधि : 2 वर्ष Electrohomeopathy Medicine Science योग्यता : 10th

DEGREE COURSE
MBBA Bachelor of Magnet & Acupressure
BAYS योग्यता : 10+2 Bachelor of Acupressure Yoga Science
BEMS Bachelor of Electrohomeopathy Medicine Science
MBAS अवधि : 4½ वर्ष Bachelor of Medicine in ALT. Science योग्यता : 10+2
MD (Acu Yoga)
MD (TM) अवधि : 1 वर्ष योग्यता : मेडिकल ग्रेजुएट
MD (EH) अवधि : 2 वर्ष योग्यता : BEMS
BA (Yoga) | MA (Yoga) | Yoga Teacher Course

PROFESSIONAL
BLIS | MLIS | BBA | MBA

TRADITIONAL
BA | MA HINDI | POLITICAL SCIENCE SOCIOLOGY | HISTORY

Proposed Campus

Bihar State Govt. University & Central University UGC DEB MHRD Govt. of India Recognised

Direct Admission | Regular Classes | Online Classes | Experienced Faculties

● एक्युप्रेशर चिकित्सा की उत्तम व्यवस्था यथा गर्दन, कंधा, कमर, घुटना दर्द, गठिया, डायबिटिज आदि।



डा. अजय प्रकाश
सचिव

कॉलेज से उत्तीर्ण हजारों विद्यार्थी सरकारी संस्थानों, गैर सरकारी संस्थानों एवं निजी संस्थान खोलकर सेवा दे रहे हैं।

Apply Online: www.bayc.in



डा. सर्वदेव प्रसाद गुप्त
अध्यक्ष

9572607696, 9304942855, 9334278279

Email : baycpatna@gmail.com | Website : www.indianacupressure.com

पुल निर्माण कार्य का टुण्डी विधायक ने किया शिलान्यास

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

टुण्डी (धनबाद)। पश्चिमी टुण्डी के जीतपुर पंचायत के अंतर्गत बंगारो से नवादा की ओर जाने वाली पथ पर जोरिया में पुल निर्माण कार्य का झारखंड विधानसभा के मुख्य सचेतक सह टुण्डी के जुझारू विधायक मथुरा प्रसाद महतो की उपस्थिति में गुरुवार को फीता काट कर एवं दीप प्रज्जवलित कर विधिवत शिलान्यास किया गया। विदित हो कि बंगारो से नवादा जाने वाली पथ पर दिन में भी किसी ने पैदल चलने का साहस जुटा नहीं पाते थे यह पथ पर न सड़क हुआ करता था न ही पुल की सुविधाएं हुआ करती थी उसके बाद उग्रवाद प्रभावित क्षेत्र होने से राहगीरों को काफी भय पैदा होता था। मगर समय ने इस तरह करवट लिया और वर्तमान विधायक मथुरा प्रसाद महतो की पैनी नजर ने इस क्षेत्रों में चार चांद लगा



दिया। इन उग्रवाद क्षेत्रों में विधायक द्वारा लगातार विकास कार्यों को अमलीजामा पहनाया गया साथ ही झारखंड सरकार की हर महत्वाकांक्षी योजना को इन क्षेत्रों में लागू कराने में विधायक मथुरा प्रसाद महतो द्वारा अहम भूमिका निभाई। आज जीतपुर की चहुंमुखी विकास से लोगों में काफी खुशी देखी जा रही है लगातार सड़कों को पुल पुलियां से जोड़कर मुख्य मार्ग तक सुलभ तरीके से आवाजाही मुहैया कराएं जाने से रोजगार में बढ़ोतरी हुई है। मौके पर टुण्डी विधायक मथुरा प्रसाद महतो उनके निजी सचिव बसंत महतो, सांसद प्रतिनिधि रामप्रसाद महतो, जिला परिषद सदस्या मीना हेंब्रम,टुण्डी प्रमुख मालती मरांडी, मुखिया इन्द्रलाल बास्की,के के तिवारी, श्रवण टुडू, आनंद महतो, सागर ओझा, श्रवण बेसरा, सुरेन्द्र सोरेन संवेदक प्रकाश चौधरी, विक्रम भारद्वाज समेत कई गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

विधायक गोपाल मंडल पर प्राथमिकी

भागलपुर (नबिटा ब्यूरो)। बिहार में भागलपुर जिले के गोपालपुर क्षेत्र से सत्तारुढ़ जनता दल यूनाइटेड (जदयू) के विधायक नरेन्द्र कुमार नीरज उर्फ गोपाल मंडल के विरुद्ध अश्लील भोजपुरी गीत गाने के आरोप में पुलिस ने आज स्थानीय थाने में एक प्राथमिकी दर्ज की है। पुलिस सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि जिले के नवगछिया बाजार में विगत दिनों होली मिलन समारोह में भोजपुरी गायक छैला बिहारी के चल रहे कार्यक्रम में जदयू विधायक गोपाल मंडल ने एक भोजपुरी गीत पर डांस करते हुए अभद्र भाषा का इस्तेमाल किया था। जिससे उस समय मौजूद महिला कलाकार की गरीमा धूमिल हुई है। सूत्रों ने बताया कि पुलिस अधिकारी ने आगे कहा कि विधायक श्री मंडल ने नवगछिया के अनुमंडल पदाधिकारी की ओर से जारी आदेश की शर्तों का भी उलंघन किया है। इस मामले के साक्ष्य के रुप में सोशल मीडिया पर वायरल वीडियो और विभिन्न अखबार रिपोर्टों को आधार बनाया है।

संक्षिप्त समाचार

युवती के खाते से उड़ाए पांच लाख

मुजफ्फरपुर, एजेंसी। सकरा थाना के चौसीमा सीहो निवासी मोनी कुमारी के बैंक खाते से पांच लाख रुपये का साइबर फ्रॉड हो गया है। मोनी ने साइबर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। उसने पुलिस को बताया है कि उसे कुछ पता नहीं है कि खाते से रुपये की निकासी कैसे हुई है। वह बैंक में गई तो उसे बताया गया कि आवेदन दीजिए कार्रवाई होगी। इसके बाद मोनी ने साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत की और थाने में एफआईआर दर्ज कराई है।

एसएसवीं कॉलेज में मनाया गया होली मिलन समारोह

भागलपुर, एजेंसी। कहलगांव के शंकर शाह विक्रमशिला महाविद्यालय में बुधवार को कॉलेज की छुट्टी होने से पूर्व छात्र-छात्राओं ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। छात्र-छात्राओं और प्राध्यापकों ने एक दूसरे को होली की शुभकामनाएं देते हुए अबीर-गुलाल लगाकर जमकर होली खेले। कॉलेज के प्रभारी प्राचार्य मिहिर मोहन मिश्रा सुमन ने होली की बधाई दी। इस अवसर पर प्रो. अनादी कुमार सिंह, प्रो. नमन कुमार, प्रो. शत्रुघ्न कुमार, लाल विनीत सिंह, दिलीप कुमार चौधरी आदि भी मौजूद रहे। वही सरकारी एवं निजी शिक्षण संस्थानों में होली को लेकर अवकाश हो गया है। अवकाश होने के पूर्व स्कूलों में भी छात्र-छात्राओं ने अबीर गुलाल लगाकर जमकर होली खेली।

होली की खरीदारी के दौरान हुई चोरी

रक्सौल में घर से एक घंटे की गैरमौजूदगी, गायब हुए जेवर और नकदी



मोतिहारी, एजेंसी। रक्सौल के लक्ष्मीपुर में होली से पहले एक चोरी की वारदात ने परिवार की खुशियां मातम में बदल दीं। पंडित अवधेश पांडेय के घर में कल शाम चोरी हुई। परिवार होली की खरीदारी के लिए बाजार गया था। चोरों ने परिवार की एक घंटे की गैरमौजूदगी का फायदा उठाया। उन्होंने घर का ताला तोड़कर अंदर प्रवेश किया। चोर अलमारी में रखे नकद, सोने-चांदी के आभूषण और अन्य कीमती सामान ले गए। परिवार जब बाजार से लौटा तो घर का ताला टूटा मिला। अंदर का नजारा देख परिवार के होश उड़ गए। अलमारी खुली थी और कपड़े कमरे में बिखरे पड़े थे। रक्सौल थाना पुलिस मौके पर पहुंची। इंस्पेक्टर राजीव नंदन सिन्हा के मुताबिक आसपास लगे सीसीटीवी फुटेज की जांच की जा रही है। पुलिस ने चोरों की जल्द गिरफ्तारी का भरोसा दिलाया है। त्योहार के समय हुई इस चोरी से क्षेत्र में दहशत का माहौल है। पुलिस सुरक्षा बढ़ाने और गश्त तेज करने की योजना बना रही है।

बिहार में जमीन मालिकों को राहत की आस, वंशावली घोषित करने की बढ़ सकती है समय सीमा

पटना, एजेंसी। बिहार में रैयतों को स्वघोषणा और वंशावली घोषित करने की समय सीमा बढ़ाई जा सकती है। राजस्व एवं भूमि सुधार मंत्री संजय सरावगी ने बुधवार को विधानसभा में इसके संकेत दिए हैं। अब तक लगभग 84 लाख लोगों ने स्वघोषणा कर दी है। स्वघोषणा की समय सीमा एक बार पहले बढ़ाई जा चुकी है। विधानसभा में विभागीय बजट पर हुए विमर्श के बाद उत्तर देते हुए सरावगी ने कहा कि सर्वे दिसम्बर 2026 तक होना है। रैयतों को 31 मार्च तक स्वघोषणा करनी है। लेकिन सॉफ्टवेयर में खराबी के चलते बीते कुछ महीनों में रैयतों को परेशानी हुई है। प्रमंडलों से इसकी रिपोर्ट मांगी गई है। इसके बाद समय सीमा बढ़ाने पर सरकार विचार करेगी। उन्होंने कहा कि राज्य में मठ-मंदिरों के पास कितनी जमीन है, इसका ब्योरा नहीं है।

बाल-बाल बचीं भाजपा विधायक श्रेयसी सिंह, ट्रैक्टर से टकराई कार





नालंदा, एजेंसी। बिहार के नालंदा में भीषण सड़क हादसा हुआ है. जहां जमुई की बीजेपी विधायक श्रेयसी सिंह का एस्कॉर्ट वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो गया है. इस हादसे में 5 लोग घायल हुए हैं. सभी को स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया है. घायलों में दो की हालत नाजुक बनी हुई है. वहीं, विधायक खुद भी अस्पताल में मौजूद हैं.

ट्रैक्टर से टकरायी श्रेयसी सिंह की कार

श्रेयसी सिंह अपने बॉडीगार्ड के साथ पटना से जमुई लौट रहीं थीं, तभी नालंदा के बिंद के पास बुधवार रात करीब साढ़े आठ बजे उनकी एस्कॉर्ट गाड़ी की ट्रैक्टर से टक्कर हो गई. भीषण टक्कर के बाद गाड़ी के परखच्चे उड़ गए. इस हादसे में कई लोग गंभीर रूप से घायल हो गए, सभी को आनन-फानन में स्थानीय अस्पताल में भर्ती कराया गया. जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए उन्हें हायर सेंटर रेफर कर दिया गया है.

विधायक भी पहुंचीं अस्पताल

घायलों से मिलने के लिए विधायक श्रेयसी सिंह भी सदर अस्पताल पहुंचीं और घायलों का हाल-चाल जाना. घायल अंगरक्षकों की पहचान नालंदा के रहने वाले रंजन कुमार और गोलू कुमार सिंह के रूप में हुई है. फिलहाल दोनों की हालत खतरे से बाहर बताई जा रही है.

हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक फरार


हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक गाड़ी लेकर फरार हो गया. वहीं, बिंद थानाध्यक्ष चंदन कुमार सिंह ने बताया कि अज्ञात ट्रैक्टर के खिलाफ मामला दर्जकर जल्द ही गाड़ी को जब्त कर लिया जाएगा.

कौन हैं श्रेयसी सिंह?

33 वर्षीय श्रेयसी सिंह जमुई विधानसभा सीट से भारतीय जनता पार्टी की विधायक हैं. उनके पिता दिग्विजय सिंह केंद्रीय मंत्री रहे थे, जबकि उनकी माता पुतुल कुमारी बांका से सांसद रह चुकी हैं. श्रेयसी निशानेबाज भी हैं. उन्होंने ग्लासगो में आयोजित 2014 राष्ट्रमंडल खेलों में निशानेबाजी की डबल ट्रैप स्पर्धा में रजक पदक प्राप्त किया है. 2014 एशियाई खेलों में डबल ट्रैप टीम स्पर्धा में शगुन चौधरी और वर्शा वर्मन के साथ कांस्य पदक जीता था.

सड़क निर्माण के दौरान रोड रोलर से मासूम को कुचला

● साइकिल चलाते समय हुआ हादसा, ग्रामीणों ने चालक को बनाया बंधक, मुआवजे की मांग



शेखपुरा, एजेंसी। शेखपुरा के हथियावां गांव में एक हादसे में 10 साल के बच्चे की मौत हो गई। मृतक की पहचान गोपाल कुमार के रूप में हुई है। वह राहुल कुमार का बेटा और भूषण सिंह का पोता था। घटना देर शाम की है। गोपाल अपने गांव के पास हथियावा-मेंहुस पथ पर साइकिल चला रहा था। उसी समय वहां सड़क का कालीकरण काम चल रहा था। अचानक गोपाल रोड रोलर की चपेट में आ गया और मौके पर ही उसकी मौत हो गई।

घटना के बाद गुस्साए ग्रामीणों ने रोड रोलर के चालक को बंधक बना लिया। लोगों ने कई घंटों तक मृतक के शव को अपने कब्जे में रखा और मुआवजे की मांग करते रहे। स्थानीय विधायक सुदर्शन कुमार के हस्तक्षेप के बाद मामला शांत हुआ और चालक को छोड़ दिया गया।

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा

हथियावा थाना पुलिस ने रात में शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल शेखपुरा भेज दिया। थाना के एएसआई सुरेश प्रसाद ने इस बात की पुष्टि की। गोपाल दो भाइयों में छोटा था। उसकी मौत से परिवार में मातम छा गया है।

बक्सर में सड़क हादसा, आलू लोड ट्रैक्टर पलटा:ट्रॉली में सो रहे व्यवसायी की मौत

चालक फरार, जेसीबी की मदद से शव को बाहर निकाला



बक्सर, एजेंसी। बक्सर-कोचस स्टेट हाईवे पर लड्डोपुर के पास एक हादसे में 24 साल के आलू व्यवसायी लव कुमार की मौत हो गई। व्यवसायी आलू लोड ट्रैक्टर की ट्रॉली पर सो रहा था। तेज रफ्तार के कारण ट्रैक्टर बेकाबू होकर सड़क किनारे गड्ढे में पलट गया। जिसकी सूचना पर पहुंची पुलिस युवक की पहचान होने पर परिजनों को सूचना दी है। लव कुमार भोजपुर जिले के गिद्धा थाना क्षेत्र के बीरमपुर गांव का रहने वाला था।

वह भोजपुर से आलू लोड कर बक्सर के चौसा बाजार जा रहा था। लाढ़ोपुर नारा के पास मोड़ पर चालक ने संतुलन खो दिया। ट्रैक्टर के पलटने से लव कुमार आलू के बोरों के नीचे दब गया। दम घुटने से मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मुफस्सिल थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचे। जेसीबी मशीन और स्थानीय लोगों की मदद से आलू के बोरों को हटाकर शव को बाहर निकाला गया। हादसे के बाद ट्रैक्टर चालक मौके से फरार हो गया। पुलिस चालक की तलाश कर रही है। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है।

आलू व्यवसाय के जरिए परिवार का भरण-पोषण : लव कुमार परिवार का एकमात्र कमाने वाला सदस्य था। वह आलू व्यवसाय के जरिए परिवार का भरण-पोषण करता था। उसकी मौत की खबर से गांव में मातम छा गया है। परिजन भोजपुर जिले से बक्सर के लिए चल दिए है। स्थानीय लोगों ने बताया कि हाईवे पर वाहनों की तेज रफ्तार अक्सर दुर्घटनाओं का कारण बनती है। इसी स्पॉट पर पहले भी कई हादसे हो चुके हैं। लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि सड़क पर सावधानी संकेतक और गति नियंत्रण के उपाय किए जाएं ताकि भविष्य में इस तरह की घटनाओं से बचा जा सके। पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है और फरार ट्रैक्टर चालक को पकड़ने के लिए छापेमारी कर रही है। थाना अध्यक्ष अरविंद कुमार ने बताया कि जल्द ही आरोपी चालक की गिरफ्तारी होगी और मामले में उचित कार्रवाई की जाएगी।

गर्मी से निपटने की तैयारी: 16 प्रखंडों में चापाकल मरम्मत दल भेजा, पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाएंगे



मुजफ्फरपुर, एजेंसी। बढ़ती गर्मी को देखते हुए जिला प्रशासन ने पेयजल व्यवस्था को लेकर कार्य योजना शुरू कर दी है। बुधवार को डीएम सुब्रत कुमार सेन ने कलेक्ट्रेट से चापाकल मरम्मत दल को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। जिले के सभी 16 प्रखंडों में एक-एक मरम्मत दल भेजा गया है। ये दल गांव-गांव जाकर खराब चापाकल और नल-जल योजनाओं की मरम्मत करेंगे। गर्मी में पानी का स्तर नीचे जाने से चापाकल खराब हो जाते हैं और नल-जल योजनाओं पर दबाव बढ़ जाता है।

प्राथमिकता के आधार पर स्कूलों, आंगनवाड़ी में मरम्मत के निर्देश : प्राथमिकता के आधार पर सार्वजनिक स्थानों, स्कूलों, आंगनबाड़ी केंद्रों और अनुसूचित जाति-जनजाति टोलों में मरम्मत कार्य किया जाएगा। मरम्मत के बाद संबंधित प्रखंड के कनीय अभियंता निरीक्षण करेंगे। लोग पेयजल समस्या की शिकायत के लिए 24 घंटे टॉल फ्री नंबर पर संपर्क कर सकते हैं। जिला नियंत्रण कक्ष से सुबह 10 बजे से शाम 5 बजे तक संपर्क किया जा सकता है।

डीएम ने बताया कि गर्मी बढ़ने से चापाकल में नई पाइप लगाने की जरूरत पड़ती है। नल-जल योजनाओं में मोटर खराब होने और पाइप लीकेज की समस्या आती है। पीएचईडी विभाग की ओर से भेजी गई टीमें इन समस्याओं का तुरंत समाधान करेंगी।

झगड़ा हुआ तो पहले पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला, फिर खुद मौत को गले लगाया



भागलपुर, एजेंसी। आजकल लोग इस कदर गुस्से में रहते हैं कि जान लेना और देना उनके लिए जैसे छोटी बात हो. एक ऐसा ही सनसनीखेज मामला भागलपुर से सामने आया है. यहां एक शख्स को इतना गुस्स आया कि पहले उसने पत्नी को पीट-पीटकर मार डाला. फिर खुद भी आत्मत्या कर ली.

भागलपुर में पत्नी की हत्या कर पति ने की आत्महत्या : भागलपुर जिले के शाहकुंड थाना क्षेत्र के दामोदर गांव में घटना को अंजाम दिया गया है. मृतकों की शिनाख्त दामोदर गांव निवासी रवि रंजन सिंह उर्फ मुरारी (30) और उसकी पत्नी प्रीति कुमारी (25) के रूप में हुई है.

आपसी विवाद बना मौत की वजह : बताया जाता है कि रवि रंजन और प्रीति की पांच साल पहले शादी हुई थी. शादी के बाद से ही दंपती के बीच अक्सर विवाद होता रहता था. स्थानीय लोगों का कहना है कि दोनों के रिश्ते में तनाव बना रहता था और कई बार उनके झगड़े बढ़ जाते थे. इसी बीच मंगलवार रात एक हृदय विदारक घटना हुई. पारिवारिक कलह के कारण पति ने पहले अपनी पत्नी की बेरहमी से पिटाई कर हत्या कर दी. फिर उसने भी मौत को गले लगा लिया.

बाथरूम करने गए फिर नहीं लौटे : मृतक रवि रंजन की मां सुनैना देवी ने बताया कि रोज की तरह पति-पत्नी दोनों रात में बाहर बाथरूम करने गए. इसके बाद यह घटना हुई. उन्होंने कहा कि किसलिए ऐसा हुआ यह पता नहीं. कहा कि दोनों को एक लड़का एक लड़की है.

पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा : घटना की जानकारी मिलते ही शाहकुंड और सजौर थाना पुलिस मौके पर पहुंची. पुलिस ने दोनों शवों को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भागलपुर भेज दिया. शाहकुंड थाना अध्यक्ष जयनाथ शरण ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है. मृतकों के परिजनों से पूछताछ की जा रही है और जल्द ही मामले में आगे की कार्रवाई की जाएगी.

गांव में पसरा मातम : इस हृदयविदारक घटना के बाद गांव में मातम पसर गया है. स्थानीय लोग स्तब्ध हैं और मृतक दंपती के परिवारजन गहरे सदमे में हैं. पुलिस मामले की बारीकी से जांच कर रही है और यह पता लगाने की कोशिश कर रही है कि विवाद की असली वजह क्या थी?

बांका में भोजपुरी गायिका देवी का जलवा कार्यक्रम में एक लाख लोग पहुंचे



बांका, एजेंसी। बांका के धोरैया प्रखंड में चल रहे मंदार महाकुंभ उत्सव में भोजपुरी की मशहूर लोक गायिका देवी का कार्यक्रम हुआ। धोरैया प्रखंड के गौरा गांव में श्री श्री 1008 सहस्त्र चंडी महायज्ञ के आठवें दिन आयोजित इस कार्यक्रम में एक लाख से अधिक लोग शामिल हुए। बिहार और झारखंड की काफी संख्या में दर्शक देवी को देखने को सुनने के लिए पहुंचा हुआ था। भीड़ को देखते हुए सुरक्षा व्यवस्था प्रशासन की ओर से टाइट की गई थी। जगह-जगह पुलिस बल की तैनाती थी। पूरा परिसर देवी देवी के आवाजों से गुंजा।

रात भर चलता रहा कार्यक्रम : कार्यक्रम की शुरुआत बुधवार रात 9 बजे हुई। यह कार्यक्रम रात भर चलता रहा। आयोजन कर्ता कौशल सिंह ने देवी का अंग वस्त्र और गौरा का स्मृति चिन्ह देकर स्वागत किया। देवी ने भक्ति गीतों से कार्यक्रम का आगाज किया। खड़ा बा पुजरिया और केवड़िया खोल ए मइया जैसे भक्ति गीतों ने श्रोताओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। बेहतरीन संगीत पर दर्शकों ने तालिया की बरसात कर दी। देवी ने रात भर एक से बढ़कर एक प्रस्तुति दी। इसे सुनने के लिए रात भर दर्शक भी जमे रहे। 5 मार्च से लगातार आयोजित इस विशाल कार्यक्रम का आज समापन हो जाएगा।

पूजा अर्चना के लिए काफी भक्तों की भीड़ : 13 मार्च को अंतिम प्रस्तुति शिवेश मिश्रा देंगे। मंदिर प्राण प्रतिष्ठा के बाद यहां पूजा अर्चना के लिए काफी भक्तों की भीड़ रही है। इस विशाल कार्यक्रम के दौरान भव्य मेला भी लगा हुआ है। यह भक्ति कार्यक्रम के साथ पूजा अर्चना और मेले का भी लुप्त उठा रहे हैं। देवी ने अपने मशहूर गीत निमिया के डाढ़ मड़या और लावेली हिलोरवा से माहौल को संगीतमय बना दिया। उन्होंने बहे के सांवरिया रे, पुरवा रामा, बह गईले पछिया, सजनवा रे और कजरा वाली जैसे लोकप्रिय गीत भी प्रस्तुत किए। श्रोताओं ने तालियों की गड़गड़ाहट से उनका उत्साह बढ़ाया। कार्यक्रम में पुरुषों के साथ-साथ महिलाएं भी देर रात तक मौजूद रहीं। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन ने कड़ी सुरक्षा व्यवस्था की थी। जगह-जगह पुलिस बल तैनात किया गया था। कार्यक्रम रात भर चलता रहा और श्रोता देवी के गीतों पर झूमते रहे।

पीएम आवास के रुपये ले लिए, पक्के मकान नहीं बनाए

बिहार के डेढ़ लाख लाभार्थियों को नोटिस



पटना, एजेंसी। बिहार सरकार ने प्रधानमंत्री आवास योजना-ग्रामीण (पीएमएवाई-जी) के डेढ़ लाख से ज्यादा लाभार्थियों को नोटिस जारी किया है। इन लाभार्थियों ने पीएम आवास योजना के तहत सरकार से रुपये ले लिए, लेकिन अभी तक पक्के मकान नहीं बनाए हैं। इनमें वे भी लाभार्थी शामिल हैं, जिन्होंने मकान बनाने का काम तो शुरू कर दिया लेकिन उसे पूरा नहीं किया गया है। बिहार के ग्रामीण विकास मंत्री श्रवण कुमार ने चेतावनी दी है कि बार-बार कहने पर भी मकान नहीं बनाने वाले लाभार्थियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी।

बिहार विधानसभा में बोलते हुए मंत्री श्रवण कुमार ने कहा कि विभाग ने उन 19,495 बकाएदारों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस भी दर्ज किया है, जिनके बैंक खातों में सरकार ने कई महीने पहले पीएम आवास योजना-ग्रामीण की सभी किस्तें जमा कर दी थी। इसके बावजूद उन्होंने मकान नहीं बनाया। इसके अलावा कुल 82,441 लाभार्थियों को व्हाइट नोटिस दिया गया। यह विभागीय कार्रवाई से बचने के लिए लाभार्थियों को एक तरह की चेतावनी होती है। मंत्री ने आगे कहा कि इनके अलावा पीएम आवास योजना के 67,733 लाभार्थियों को 'रेड' नोटिस भी दिया गया है। इसका मतलब है कि बार-बार चेतावनी देने के बावजूद निर्माण पूरा न करने पर उनके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। मंत्री ने कहा, 'रेड नोटिस के बाद भी अगर लोग नहीं बाज आते हैं तो उनके खिलाफ सर्टिफिकेट केस दायर किया जाता है। विभाग ने 19 हजार से ज्यादा लाभार्थियों के खिलाफ सर्टिफिकेट केस भी दायर किया है।' इस योजना के तहत ग्रामीण इलाकों में रहने वाले गरीब परिवारों को सभी बुनियादी सुविधाओं के साथ पक्के मकान की सुविधा उपलब्ध कराई जाती है। मैदानी क्षेत्रों में मकाने बनाने के लिए हर लाभार्थी को तीन किस्तों में 1.20 लाख रुपये की वित्तीय सहायता दी जाती है।

यह राशि सरकार द्वारा डीबीटी के जरिए सीधे लाभार्थियों के बैंक खातों में ट्रांसफर की जाती है। वहीं, पहाड़ी और दुर्गम क्षेत्रों जैसे हिमालयी एवं पूर्वोत्तर राज्यों तथा जम्मू-कश्मीर जैसे केंद्र शासित प्रदेश में इस योजना के तहत 1.30 लाख रुपये की राशि मिलती है। इस योजना की 60 प्रतिशत राशि केंद्र सरकार देती है, तो शेष 40 प्रतिशत राज्य सरकारें वहन करती हैं।

रोहतास पुलिस की अनूठी पहल, चालकों को मिलेगा सम्मान

ट्रैफिक नियम पालन करने पर बनेंगे रोड सेफ्टी चैंपियन, दिया जाएगा प्रशंसा पत्र



सासाराम (रोहतास), एजेंसी। रोहतास पुलिस ने ट्रैफिक नियमों के पालन को बढ़ावा देने के लिए एक नई पहल शुरू की है। पुलिस अब रोज एक ऐसे वाहन चालक को रोड सेफ्टी चैंपियन के रूप में सम्मानित करेगी, जो सभी ट्रैफिक नियमों का पालन करता हो। इस पहल के तहत पहला सम्मान धौलागढ़ गांव के अनिश कुमार को मिला। डेहरी एएसपी किरण कोटा ने उन्हें यह सम्मान प्रदान किया। अनिश और उनके साथी दोनों ने बाइक चलाते समय हेलमेट पहना था। उनकी बाइक के सभी कागजात भी नियमानुसार अपडेट थे।

रोड सेफ्टी चैंपियन को प्रशंसा पत्र

एसपी रौशन कुमार ने बताया कि हर रोड सेफ्टी चैंपियन का विवरण पुलिस के आधिकारिक सोशल मीडिया अकाउंट पर साझा किया जाएगा। साथ ही, डेहरी एसपी कार्यालय में उन्हें आधिकारिक प्रशंसा पत्र भी दिया जाएगा। यह पहल ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ाने और सड़क सुरक्षा को बेहतर बनाने की दिशा में एक सकारात्मक कदम है।

Page 3_16.12..2018 PAGE-04.qxd 13-03-2025 22:25 Page 1

कब्र से निकाला गया सन्नी का शव

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। नालंदा में 11 मार्च को एक युवक की संदिग्ध स्थिति में मौत हो गई थी। शव मिलने के बाद परिजनों ने आनन-फानन में शव को दफना दिया था। मृतक नगर थाना क्षेत्र के थवई मोहल्ला निवासी बबलू खान का पुत्र सन्नी खान (32) था। परिवार वालों ने पत्नी और उसके प्रेमी पर हत्या का आरोप लगाया, जिसके बाद दफन शव को अनुमंडल पदाधिकारी बिहार शरीफ के निर्देश पर गुरुवार को कब्र से खोद कर बाहर निकाला गया।

सन्नी खान के मामा का कहना है कि उसकी पत्नी का अफेयर पिछले एक साल से मोहल्ले के ही एक युवक से चल रहा था। 11 मार्च की अहले सुबह प्रेमी को बुलाकर सन्नी खान की पत्नी हेना प्रवीण ने उसकी हत्या कर दी। परिजनों का आरोप है कि पत्नी ने अपने प्रेमी के साथ साजिश कर के सन्नी खान की हत्या कर दी और इसे खुदकुशी बता रही है। परिजनों का कहना है कि उसका शव फर्श पर पड़ा हुआ था। उसके बाद आनन-फानन में बड़ी दरगाह स्थित कब्रिस्तान में सन्नी के शव को दफन कर दिया गया।

परिजनों का कहना है कि उन्हें इस बात की आशंका थी कि सन्नी की मौत हार्ट अटैक से हुई है। इसलिए उन लोगों ने मिट्टी मंजिल कर दिया। परंतु बाद में इनलोगों को पता चला कि मृतक की पत्नी का किसी और मर्द के साथ संबंध है, जिस कारण सन्नी की हत्या की गई। जानकारी मिलने के बाद मृतक की मां ने पुत्र की हत्या की आशंका होने पर शव का पोस्टमार्टम कराने का अनुरोध किया।

5 साल पूर्व सन्नी खान की शादी थवई मोहल्ला निवासी हेना प्रवीण से हुई थी। इस बीच दोनों से दो बच्चे भी हुए। विगत एक साल से हेना प्रवीण की मोहल्ले के ही एक व्यक्ति से प्रेम प्रसंग चल रहा था। सन्नी खान अपनी पत्नी के साथ घर में अकेले रहता था। सन्नी राजमिस्त्री का काम करता था। इधर हत्या की आशंका व्यक्त करते हुए सन्नी के परिवार वालों ने बिहार थाना में पत्नी और उसके प्रेमी के खिलाफ हत्या का आवेदन देते हुए दफन शव का पोस्टमार्टम कराने की गुजारिश की है।

अनुमंडल पदाधिकारी बिहार शरीफ के निर्देश के बाद नगर थाना पुलिस की मौजूदगी में सन्नी के शव को कब्र से बाहर निकाला गया और पोस्टमार्टम हेतु बिहार शरीफ सदर अस्पताल भेज दिया गया। नगर थाना अध्यक्ष सम्राट दीपक ने बताया कि पोस्टमार्टम रिपोर्ट से ही मौत के कारणों का पता चल सकेगा। फिलहाल पुलिस मामले की जांच में जुट गई है। मृतका की पत्नी से भी पूछताछ की जा रही है।

डीएम व एसपी ने सड़कों पर किया फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। होली और रमजान एक ही दिन पड़ने के मद्देनजर जिला प्रशासन ने सुरक्षा व्यवस्था को चाक-चौबंद कर दिया है। गुरुवार को जिलाधिकारी डॉ. नवल किशोर चौधरी और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक हृदयकांत के नेतृत्व में पुलिस बल ने पूरे शहर में फ्लैग मार्च किया।

यह फ्लैग मार्च स्टेशन चौक से शुरू होकर तातारपुर चौक, परबत्ती चौक, साहेबगंज चौक, नाथनगर चौक, विश्वविद्यालय चौक, सराय चौक, नया बाजार चौक होते हुए पुलिस लाइन में समाप्त हुआ। प्रशासन ने स्पष्ट संदेश दिया कि किसी भी प्रकार की अफवाह या माहौल बिगाड़ने की कोशिश को सख्ती से कुचला जाएगा।

अफवाहों और भ्रामक सूचनाओं पर नियंत्रण रखने के लिए सोशल मीडिया की विशेष निगरानी की जा रही है। प्रशासन ने जनता को सुरक्षा का भरोसा दिलाते हुए उपद्रवियों को सख्त चेतावनी दी है कि किसी भी तरह की गड़बड़ी बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

भागलपुर के संवेदनशील इलाकों में मजिस्ट्रेट और पुलिस बल की तैनाती की गई है। सीसीटीवी के जरिए 24 घंटे निगरानी रखी जा रही है, खासतौर पर धार्मिक स्थलों और प्रमुख बाजारों की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।

डीएम डॉ. नवल किशोर चौधरी ने बताया कि यह पहली बार नहीं है जब होली और रमजान एक साथ मनाए जा रहे हैं। प्रशासन पूरी तरह तैयार है।

जिलेभर में 600 से अधिक स्थानों पर मजिस्ट्रेट और पुलिस बलों की प्रतिनियुक्ति की गई है। 50 से ज्यादा क्यूआरटी (त्वरित प्रतिक्रिया दल) टीमें सतर्क रहेंगी।

एसएसपी हृदयकांत ने सभी से शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील की है। उन्होंने बताया कि सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए एसएसबी कंपनियों सहित अतिरिक्त पुलिस बल को बुलाया गया है।

रोहू मछली को जीआई टैग मिलने की बढ़ी उम्मीदें

मछली पालकों की आय में होगी बढ़ोतरी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

दरभंगा। मिथिला की रोहू मछली को जीआई टैग मिलने की उम्मीद बढ़ गई है। पशु एवं मत्स्य विभाग अनुसंधान केंद्र पटना के डा. टुनटुन सिंह के नेतृत्व में एक टीम ने पिछले दिनों हायाघाट के होरलपट्टी स्थिल गंगासागर तालाब का जिला मत्स्य पदाधिकारी के साथ निरीक्षण किया था।

इसके बाद किशनगंज और मुजफ्फरपुर की टीम यहां से मछली का सैंपल लेकर गई है। जिले में दो जगहों पर रोहू मछली की 10 से 15 साल पुरानी प्रजाति पाई जाती है। इसमें बिरौल प्रखंड की पोखराम पंचायत स्थित कोनी घाट और हायाघाट प्रखंड के होरलपट्टी स्थित गंगासागर तालाब शामिल हैं।

पिछले दिनों कोनी घाट में पानी काला हो जाने के कारण बड़े पैमाने पर मछलियां मर गई थीं। इस कारण पटना की टीम ने होरलपट्टी स्थित गंगासागर तालाब का चयन कर निरीक्षण किया। जिले की टीम उक्त तालाब से मछली का सैंपल लेगी। रोहू मछली तालाब की मछलियों की सबसे विशिष्ट प्रजातियों में से एक है।

मिथिला क्षेत्र की रोहू मछली विशेष रूप से दरभंगा और



मधुबनी में अपने स्वाद के लिए जानी जाती है। मत्स्य विभाग की मानें तो विशेषज्ञों ने इसे लेकर अपनी रिपोर्ट तैयार कर केंद्रीय वाणिज्य मंत्रालय को सौंप दिया है।

मत्स्य पालकों का कहना है कि मिथिला की रोहू मछली को जीआई टैग मिलने से विशेष पहचान के साथ वैश्विक बाजार मिलेगा। इससे किसानों की आय में बढ़ोतरी होगी। मत्स्य विभाग के अनुसार, जिले में 17 हजार टन रोहू मछली का वार्षिक उत्पादन होता है। इसके साथ ही जिले में रोहू, नैनी, कतला सहित अन्य मछलियों का सालाना उत्पादन 75 हजार टन है।

रोहू मछली को जीआई टैग मिलने की दिशा में प्रक्रिया तेज हो चुकी है। इसके लिए रोहू मछली का सैंपल एकत्रित कर जांच के लिए किशनगंज और मुजफ्फरपुर के लैब में भेजा गया है। यह क्षेत्र निकट भविष्य में मछली निर्यातक बन जाएगा।

पुलिस की बर्बरता आयी सामने, रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मुजफ्फरपुर। जिले के पानापुर करियात थाना क्षेत्र में पुलिस की बर्बरता का मामला सामने आया है। आरोप है कि बाइक चोरी के आरोप में पकड़े गए किशोर से पूछताछ के बाद पुलिस ने उसके बहनोई को भी बुलवाया और बेरहमी से पिटाई कर दी। यही नहीं, बल्कि उसे छोड़ने के बदले पुलिस ने एटीएम से पैसे भी निकलवाए।

पीड़ित ने इस घटना की शिकायत वरीय अधिकारियों से की है और न्याय की गुहार लगाई है।

पीड़ित युवक रौशन कुमार सिंह के अनुसार, 11 मार्च की सुबह 3 बजे पानापुर थाना क्षेत्र के हरचंदा गांव से एक अपाचे बाइक चोरी हो गई थी। बाइक में जीपीएस लगा था, जिससे ट्रैक करने पर लोकेशन बहिलबारा में मिली।

पुलिस जब मौके पर पहुंची तो बाइक नहीं मिली, लेकिन पास की एक झोपड़ी से एक किशोर को हिरासत में ले लिया गया। रौशन सिंह का आरोप है कि जिस जगह चोरी की बाइक की लोकेशन मिली थी, वह शिवशंकर मिश्रा नामक व्यक्ति की है, जो पहले भी बाइक चोरी के मामले में जेल जा चुका है और फिलहाल फरार है।

पुलिस ने रौशन के साले को डिटेन कर लिया और जब वे उसके बारे में पूछताछ करने थाने पहुंचे, तो पुलिस ने उन्हें भी पकड़ लिया और थर्ड डिग्री टॉर्चर किया।

रौशन का आरोप है कि पुलिस ने उन्हें छोड़ने के बदले पैसे की मांग की और एटीएम लेकर जाकर 20 हजार रुपये निकलवाए। बाद में, उनकी मां 50 हजार रुपये लेकर थाने पहुंचीं, तब जाकर उन्हें छोड़ा गया।

रौशन सिंह ने आरोप लगाया कि पुलिस ने उनकी चमड़ी तक उधेड़ दी और क्रूरता की हदें पार कर दीं। उन्होंने इस घटना की शिकायत वरीय अधिकारियों से की है और दोषी पुलिसकर्मियों के खिलाफ कार्रवाई की मांग की है।

हलफनामे में गलत जानकारी देने के कारण वार्ड पार्षद की गयी सदस्यता

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

शेखपुरा। नगर परिषद के वार्ड संख्या 4 की पार्षद उमा कुमारी उर्फ उमा देवी की सदस्यता रद्द कर दी गई है। उमा देवी ने अपने हलफनामे में गलत जानकारी देकर चुनाव जीता था। चुनाव आयोग के नियमानुसार, जिस उम्मीदवार के दो से अधिक संतान होती हैं, वह चुनाव नहीं लड़ सकता। इसके बावजूद, तीन बच्चों की माँ होने के बावजूद उमा देवी ने अपने हलफनामे में सिर्फ दो संतान होने की जानकारी दी और चुनाव जीत गई थीं।

वार्ड संख्या 4 से चुनाव लड़ चुकीं महेश यादव की पत्नी पिंकी देवी ने चुनाव आयोग में शिकायत दर्ज कराई कि उमा कुमारी ने अपने हलफनामे में तीसरी संतान की जानकारी छुपाई है। चुनाव आयोग ने मामले की जांच कराई और आरोप सही पाए गए। इसके बाद आयोग ने बर्खास्तगी का आदेश जारी कर जिला पदाधिकारी और नगर परिषद को पत्र भेज दिया। अब उमा कुमारी पार्षद पद से बर्खास्त हो चुकी हैं और उनके खिलाफ आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जा सकती है।

शिकायत के बाद राज्य चुनाव आयोग ने शेखपुरा डीएम को जांच के निर्देश दिए। डीएम के आदेश पर जिला पंचायती राज पदाधिकारी धर्मेश कुमार ने जांच की। इस दौरान वारसलीगंज प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र (पीएचसी) की आशा कार्यकर्ता संजू रानी ने पुष्टि की कि उमा कुमारी की तीसरी संतान का जन्म उनके देखरेख में हुआ था। इसके अलावा, नवादा जिले के वारसलीगंज थाना क्षेत्र स्थित मीरबीघा गांव निवासी उमा कुमारी की बहन रिंकू देवी ने भी बताया कि तीसरी संतान को छुपाने के लिए गलत जानकारी दी गई थी। राज्य निर्वाचन आयोग ने डीएम सह जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) को निर्देश दिया है कि बिहार नगरपालिका अधिनियम 2007 की धारा 447 व भारतीय दंड संहिता की सुसंगत धाराओं के तहत कार्रवाई की जाए। डीएम से इसकी रिपोर्ट चुनाव आयोग को भेजने के निर्देश भी दिए गए हैं। अब उमा कुमारी न केवल पार्षद पद से हटाई जा चुकी हैं, बल्कि उन पर आपराधिक मामला भी दर्ज हो सकता है।

फंदे से लटकी मिली लाश

मुजफ्फरपुर। नगर थाना क्षेत्र के गोला बांध रोड महावीर स्थान में एक रिटायर्ड बैंक कर्मी का शव संदिग्ध परिस्थितियों में फंदे से लटका मिला। मृतक की पहचान 67 वर्षीय विनय भूषण के रूप में हुई, जो यूको बैंक में क्लर्क पद से 2016 में सेवानिवृत्त हुए थे। शव उनके घर के एक कमरे में पंखे से लटका पाया गया। चौंकाने वाली बात यह रही कि उनके दोनों पैर रस्सी से बंधे हुए थे। परिजनों के मुताबिक, विनय भूषण कल रात ही पटना से अपनी बड़ी बेटी के घर से लौटे थे। घटना की जानकारी मिलने पर स्थानीय लोग जुट गए और पुलिस को सूचना दी गई। मृतक की पत्नी शीला देवी ने बताया कि वह होली की तैयारी में व्यस्त थे और सामान्य व्यवहार कर रहे थे। दोपहर में जब वह चाय देने कमरे में गईं, तो उन्होंने देखा कि उनके पति पंखे से लटके हुए थे।

युवक की गला दबाकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

भागलपुर। जिले के कहलगांव थाना क्षेत्र के श्यामपुर पंचायत अंतर्गत गगलदेई गांव में एक युवक की गला दबाकर हत्या कर दी गई। ग्रामीणों ने शव बहियार में देखा और तुरंत पुलिस को सूचना दी। मृतक की पहचान गगलदेई गांव निवासी जागो मंडल के 35 वर्षीय पुत्र सौरभ कुमार के रूप में हुई है। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। फिलहाल मृतक के परिजनों द्वारा पुलिस को कोई लिखित शिकायत नहीं दी गई है।

बुधवार रात करीब 11 बजे सौरभ अपने तीन दोस्तों के साथ गांव के समीप धागढशाही बस्ती में शराब पीने गया था।

आशंका है कि शराब के नशे में किसी बात को लेकर विवाद हुआ और गुस्से में दोस्तों ने गमछे से गला दबाकर उसकी हत्या कर दी। बाद में शव को बहियार में फेंक दिया गया।

ग्रामीणों के अनुसार, धागढशाही बस्ती में अवैध रूप से देसी शराब बनाई और बेची जाती है। प्राथमिक जांच में यह भी सामने आया है कि हत्या के पीछे शराब की अवैध बिक्री से जुड़ा कोई विवाद हो सकता है।

नेहा ने 14वीं रैंक लाकर बढ़ाया जिले का मान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रोहतास। रोहतास जिले के नोखा प्रखंड के ऑक्शन कॉन्वेंट स्कूल की छात्रा नेहा त्रिपाठी ने एसएससी सीजीएल परीक्षा में 14वीं रैंक हासिल कर केंद्रीय सचिवालय सेवा में अधिकारी के पद पर चयनित होकर विद्यालय और जिले का मान बढ़ाया है नेहा के पिता धनंजय त्रिपाठी किसान हैं, जिन्होंने खेतों में कठिन मेहनत और सीमित संसाधनों के बावजूद बेटी की पढ़ाई को हमेशा प्राथमिकता दी। उनकी मां मंजू त्रिपाठी गृहिणी हैं।

नेहा त्रिपाठी ने 2017 में 10वीं और 2019 में 12वीं की परीक्षा दी और दोनों बार बैच टॉपर रहीं। इसके बाद उन्होंने 2023 में स्नातक की पढ़ाई पूरी की। पढ़ाई के साथ-साथ वे ऑक्शन कॉन्वेंट स्कूल में शिक्षिका के रूप में भी कार्यरत हैं।

नेहा ने अनुशासन, समर्पण और मजबूत इच्छाशक्ति के बल पर यह मुकाम हासिल किया है, जो आज के युवाओं के लिए एक प्रेरणा है। उनकी उपलब्धि में प्रधानाचार्य दिवाकर पांडेय, निदेशक दामोदर तिवारी व विद्यालय के अन्य शिक्षकों का मार्गदर्शन रहा है।

गौरतलब है कि कर्मचारी चयन आयोग (एसएससी) ने संयुक्त स्नातक स्तरीय (सीजीएल) परीक्षा 2024 फाइनल रिजल्ट घोषित कर दिया है। वेबसाइट २२ॅ्रङ्म५ल्ल पर रिजल्ट के लिए लिंक अपलोड कर दिया गया है। इसके माध्यम से केंद्रीय सरकार के विभागों में 18 हजार 174 पदों पर भर्ती होनी है। 1,267 अभ्यर्थियों का फाइनल रिजल्ट रोका गया है। 253 अभ्यर्थियों की टियर क्क एसएससी सीजीएल 2024 परीक्षा रद्द कर दी गई थी। इसमें शामिल होने के लिए 30 लाख अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। टियर-1 की परीक्षा पांच दिसंबर, 2024 और टियर-2 की 18 जनवरी, 2025 को आयोजित की गई थी। इससे ग्रुप सी और डी के पदों पर भर्ती की जाएगी।

विलुप्त होती जा रही पुरानी परम्पराएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। होलिका दहन से पहले विधि-विधान के साथ पूजा-हवन की परंपरा रही है। पुराने दौर में होलिका दहन के लिए चारों दिशाओं से मिट्टी का ढेला लाकर रखा जाता था।

इसके बाद होली गीत के बीच होलिका दहन होता था। खेतों में उगने वाले आनाज गेहूं, मटर, चना, अरहर, जौ का होरहा जलाकर लोग मवेशी के बथान में टांगते थे। होलिका दहन के अगले दिन लोग उसी राख को उड़ाने की सामाजिक परंपरा का निर्वाह करते हुए उस ढेले को निकालते थे।

पानी भरे कलश के आसपास रखे ढेले को देखा जाता कि किस दिशा का ढेला कितना भीगा है। उसी से अनुमान लगाया जाता था कि किस माह में कितना पानी होगा।

अलग-अलग दिशा से उठाया गया ढेला महीने का प्रतीक बनाया जाता था। समय के साथ अब यह सारी परंपराएं लुप्त हो गईं।

गम्हरियां खुर्द निवासी रघुवीर महतो कहते हैं कि पहले सम्मत के नीचे कलश में पानी रखकर पुआल से उसे ढक दिया जाता था। उसके बाद गड्ढे के अंदर पुआल रखकर फिर माटी से कलश को भरते हुए उसके ऊपर होलिका की लकड़ी और पुआल लाकर जलाया जाता था।

कलश के पास पूरब से आषाढ़ की माटी, दक्षिण से सावन, भादो का पश्चिम तथा अश्विन उत्तर की ओर रखा जाता। ठेला लाने का विधान भी था। उसमें पूरब से आषाढ़, दक्षिण से सावन, पश्चिम से भादो और उत्तर से आश्विन को संबोधित करते हुए मिट्टी लाई जाती थी।

उसके बाद एक जगह जमा होने के बाद ढेले को गोलाकार बनाते हुए टोली निकलती थी। प्रमाण यह था कि जिस माह की मिट्टी जितनी भीगी रहती है, उसके हिसाब से अंदाज लगाया जाता कि कितनी बारिश होगी।

मिठनसराय निवासी अधिवक्ता अरुण पांडेय कहते हैं कि अब मौसम का पूवार्नुमान लोग मोबाइल, टीवी और अखबारों में देख लेते हैं, इसलिए पुरानी परंपराएं छोड़ दी गईं।

पहले खेती-किसानी के लिए होलिका दहन के दिन पूवार्नुमान होता था। उसी के साथ लोग गरमा फसल की तैयारी करते थे। लक्ष्मण सहनी तथा सेवानिवृत्त दारोगा लालबाबू सिंह कहते हैं कि न वह देवी है न वह कराह। सब बदल गया।

अब सम्मत यानी होलिका दहन तो हो रहा, लेकिन समाजिक परंपराएं हमसे दूर हो गईं। जहां मन होता है, वहीं पर कूड़ा-कचरा जमा करके लोग जला देते हैं।

बाबा गरीबननाथ मंदिर के प्रधान पुजारी 67 वर्षीय पंडित विनय पाठक कहते हैं कि जब हम लोग बच्चे थे, तब देखते थे कि गांव में होलिका दहन की एक जगह बनाई जाती थी। उस जगह की विधिवत सफाई के बाद होलिका के लिए पंचांग के अनुसार जो समय तय होता, वहां पूरे गांव के लोग होलिका जलाने के लिए अपने-अपने घर से गोईंठी, लकड़ी, पुआल आदि लेकर आते थे। देखते ही देखते एक बड़ा ढेर लग जाता। फिर वहां पर होलिका की पूजा होती थी।

गांव के सभी लोग हवन करते थे और यह कामना की जाती थी कि गर्मी में गांव की रक्षा हो। अगलगी की घटना न हो और किसान का अनाज सुरक्षित तरीके से घरों में आ जाए। गांव में शांति और समृद्धि रहे। होलिका जलने के बाद होली गीत गाते हुए लोग वापस अपने घर आते थे।

रूई दुकान में लगी आग ने बैंक को भी लिया चपेट में



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बिहारशरीफ। नालंदा जिले के बिहार थाना क्षेत्र स्थित अंबेर मोड़ पर गुरुवार को भीषण आग लगने की घटना सामने आई। मुन्ना नामक व्यक्ति की 'बाबा रुई दुकान' में अचानक आग भड़क उठी, जो तेजी से विकराल रूप लेती चली गई। इस आग की चपेट में आसपास की कई अन्य दुकानें और दक्षिण बिहार ग्रामीण बैंक की शाखा भी आ गई। घटना की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की तीन गाड़ियां मौके पर पहुंचीं और आग बुझाने का प्रयास शुरू कर दिया। आग की भयावहता को देखते हुए अतिरिक्त दमकलकर्मियों को भी बुलाया गया। दमकलकर्मियों के अनुसार आग को काबू में करने के लिए युद्धस्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं।

बैंक में काम कर रहे कर्मचारी आग लगते ही बाहर निकल आए। एक बैंककर्मी ने बताया, ₹हमने पहले धुएं की गंध महसूस की, फिर चीख-पुकार मच गई। बाहर देखा तो पास की रुई दुकान से आग की लपटें उठ रही थीं। हमने तुरंत सभी को बाहर निकलने के लिए कहा।₹ स्थानीय निवासियों और प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, आग लगने का कारण अभी स्पष्ट नहीं है। प्रत्यक्षदर्शियों का कहना है कि सबसे पहले रुई दुकान से धुआं निकलता दिखा।

मुर्दों के इलाज के नाम पर पैसे की उगाही का मामला उजागर

आयोग से मामले को संज्ञान में लेने की मांग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। उत्तर प्रदेश और बिहार के सरकारी व निजी अस्पतालों में कथित रूप से मुर्दों के इलाज और इस आड़ में चल रहे गोरखधंधे का मामला उजागर हुआ है। इस गंभीर प्रकरण को लेकर मानवाधिकार अधिवक्ता डॉ. एस.के. झा ने राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग , बिहार राज्य मानवाधिकार आयोग और उत्तर प्रदेश राज्य मानवाधिकार आयोग में तीन अलग-अलग याचिकाएं दायर की हैं।

हाल ही में यह चौंकाने वाला खुलासा हुआ कि बिहार और उत्तर प्रदेश के कई सरकारी व निजी अस्पतालों में मृत व्यक्तियों के इलाज के नाम पर पैसे की उगाही और फजीर्वाड़ा किया जा रहा है। जांच में यह भी सामने आया कि ऑपरेशन और अन्य चिकित्सीय प्रक्रियाओं के दौरान अस्पतालों के कर्मी और चिकित्सक इस तरह की धोखाधड़ी में संलिप्त हैं। इन घटनाओं को गुप्त कैमरों की मदद से रिकॉर्ड किया गया, जिससे यह सनसनीखेज मामला सामने आया।

डॉ. एस.के. झा ने इस पूरे प्रकरण को मानवाधिकार कानून और चिकित्सकीय आचार संहिता का घोर



उल्लंघन बताया है। उन्होंने अपनी याचिका में यह मांग की है कि गहराई से जांच हो और पूरे मामले की निष्पक्ष जांच कर दोषियों की पहचान की जाए। आगे ये भी कहा गया है कि जिन अस्पतालों और चिकित्सकों ने इस फजीर्वाड़े में भूमिका निभाई है, उनके खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की जाए।

कहा जा रहा है कि यह मामला केवल आर्थिक धोखाधड़ी ही नहीं, बल्कि चिकित्सा जगत की साख पर भी गंभीर प्रश्नचिह्न लगाता है, इसलिए मानवाधिकार आयोग को इसे गंभीरता से लेना चाहिए। डॉ. झा ने कहा कि यह मामला संज्ञेय अपराध की श्रेणी में आता है और इसमें दोषियों पर आपराधिक धाराओं के तहत कार्रवाई होनी चाहिए। अब यह देखना होगा कि मानवाधिकार आयोग इस पर क्या रुख अपनाता है और कब तक इस पर ठोस कदम उठाए जाते हैं।

अलग-अलग घटनाओं में महिला सहित दो की हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

गया। बिहार के गया जिला अंतर्गत बेलागंज एवं चाकंद थाना क्षेत्र में दो अलग-अलग घटनाओं में एक महिला सहित दो लोगों की हत्या कर दी। पहली घटना चाकंद थाना क्षेत्र के बीथो गांव की है, जहां एक खंडहरनुमा मकान में ग्रामीणों के निशानदेही पर पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया है। वहीं दूसरी घटना बेलागंज थाना क्षेत्र के घासी बिगहा गांव की है, जहां पति ने पीट-पीटकर अपनी पत्नी की हत्या कर दी। मृत महिला के पिता ने अपनी बेटी की हत्या कर देने का आरोप लगाते हुए बेलागंज थाना में लिखित आवेदन देकर कार्रवाई की मांग की है। वहीं बीथो गांव में हुई घटना के कारणों का पता नहीं चल सका है।

पहली घटना चाकंद थाना क्षेत्र के बीथो गांव का है, जहां गांव के एक खंडहरनुमा मकान में ग्रामीणों के निशानदेही पर पुलिस ने एक युवक का शव बरामद किया। मृतक की पहचान कंडी गांव निवासी 42 वर्षीय अरविन्द राम के रूप में हुई है। पुलिस के अनुसार हत्या के कारणों की पता अभी नहीं स्पष्ट हो पाया है। जबकि ग्रामीणों के अनुसार हत्या का मामला पूर्व से चला आ रहा दो पक्षों का विवाद बताया जा रहा है। घटना के संबंध में चाकंद थानाध्यक्ष अवध किशोर सिंह ने बताया कि बीथो गांव स्थित रमेश यादव के खंडहरनुमा मकान के शौचालय से एक अधेड़ व्यक्ति का शव बरामद किया गया है। मृतक की पहचान कंडी गांव निवासी अरविन्द राम के रूप में हुई है। मृतक के सर पर गम्भीर जख्म पाया गया है। थानाध्यक्ष ने बताया कि घटना के कारणों का पता अभी नहीं चला है। वही शव को अंतःपरीक्षण के उपरांत अंतिम संस्कार के लिए परिजनों को सौंप दिया गया।

दूसरी घटना बेलागंज थाना क्षेत्र के घासी बिगहा गांव की है, जहां एक महिला की हत्या उसके पति और ससुराल वालों ने पीट-पीटकर कर दी। सूचना के बाद मौके पर पहुंची बेलागंज थाना की पुलिस ने शव को अंतःपरीक्षण के लिए मगध मेडिकल अस्पताल भेज दिया।

पीके के बाद अब केके ने बढ़ायी तेजस्वी की चिंताएं

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पटना। तेजस्वी यादव की चिंता अभी तक जन सुराज पार्टी के सूत्रधार पीके (प्रशांत किशोर) बढ़ाए हुए थे, लेकिन अब केके (कृष्णा अल्लावरु और कन्हैया कुमार) भी छकाने लगे हैं। पीके की जुगत तो सीधे राजद के वोट बैंक में सेंध लगाने की है, जबकि केके संभावना वाली उन सीटों को झटकना चाह रहे, जिनसे कांग्रेस को राजद अभी तक वंचित रखे हुए है।

ऐसी लगभग चार दर्जन सीटें हैं, जिन पर राजद की संभावना कांग्रेस से गठजोड़ के बाद और मजबूत हो जाती है। इस मजबूती में कांग्रेस अपने जनाधार की छवि देख रही, जो उसे उन सीटों पर दावे के लिए बाध्य किए हुए है। बिहार कांग्रेस के प्रभारी का दायित्व मिलने के बाद से ही कृष्णा की बढ़ी सक्रियता राजद को बेचैन किए हुए है।

आरा में स्वामी सहजानंद सरस्वती के जयंती समारोह में वे स्पष्ट कह चुके हैं कि कांग्रेस विधानसभा का चुनाव ए-टीम की तरह लड़ेगी, वह राजद की बी-टीम नहीं। उनके इस बयान से पहले ही पटना में कन्हैया की प्रशंसा में पोस्टर लग चुके थे। चर्चा है कि विधानसभा चुनाव में कन्हैया कांग्रेस के प्रमुख चेहरों में होंगे।

लोकसभा चुनाव में उन्हें कांग्रेस बेगूसराय के मैदान में उतारना चाहती थी, लेकिन लालू प्रसाद की अनिच्छा के कारण दिल्ली जाना पड़ा। लालू नहीं चाहते कि तेजस्वी के सामने महागठबंधन में कोई दूसरा युवा चेहरा आगे हो। संयोग से कन्हैया के साथ कृष्णा भी युवा ही हैं। तेजस्वी की चिंता स्वाभाविक है, क्योंकि विधानसभा की 70 सीटों की मांग कर चुकी कांग्रेस "नौकरी दो यात्रा" निकालने जा रही है। इसके सूत्रधार कृष्णा हैं तो नायक कन्हैया।

"नौकरी दो यात्रा" 16 मार्च से 14 अप्रैल के बीच 20 जिलों से होकर गुजरेगी। कभी उन क्षेत्रों में कांग्रेस का मजबूत जनाधार था। समय के साथ उस जनाधार के अधिसंख्य सवर्ण भाजपा के साथ हो लिए और मुसलमान आदि राजद के। अनुसूचित जाति के साथ कांग्रेस उस वोट को दोबारा पाना चाहती है। महागठबंधन में सीट बंटवारे में भी उन क्षेत्रों में उसे अब तक हुई अपेक्षा की टीस है। ऐसे में इस यात्रा को राजद अधिक सीटों पर दावेदारी के लिए माहौल बनाने का उपक्रम मान रहा।

दरअसल, इस यात्रा के जरिये कांग्रेस का प्रयास शिक्षा, रोजगार और पलायन आदि मुद्दों पर जनमत बनाने का होगा। इन मुद्दों पर तेजस्वी भी मुखर हैं। समग्रता में यह महागठबंधन की आवाज लग रही, लेकिन अंदरखाने की राजनीति वर्चस्व की है।

नाम नहीं छापने की शर्त पर राजद के एक पदाधिकारी का कहना है कि कांग्रेस का यह उपक्रम सीट और समीकरण के साथ मुद्दों पर भी राजद से बढ़त लेने का है। फिर भी उन्हें इत्मीनान है कि समय रहते गठबंधन के पचड़े सुलझा लिए जाएंगे, अन्यथा विधानसभा चुनाव का हश्र उप चुनाव से भी बदतर होगा।

उल्लेखनीय है कि विधानसभा की चार सीटों पर हुए उप चुनाव में महागठबंधन उन तीन सीटों को भी गंवा बैठा था, जिन पर 2020 में उसे सफलता मिली थी। जसुपा के खाते में गए लगभग 10 प्रतिशत वोट ने महागठबंधन की मिट्टी पलीद कर दी थी।

वीडियो वायरल होने के बाद भतीजी की गला दबाकर हत्या

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मधेपुरा। मधेपुरा में 26 जनवरी को एक लड़की का आपत्तिजनक वीडियो वायरल होने के बाद उसकी मौत हो गई थी। पुलिस ने लगभग डेढ़ माह बाद इस घटना खुलासा किया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में सामने आया कि गला दबाकर लड़की की हत्या की गई थी। उसकी हत्या चाचा ने ही की थी। इसकी जानकारी गुरुवार को मधेपुरा एसपी संदीप सिंह ने प्रेसवार्ता में दी। एसपी ने बताया कि इस मामले में अब तक आरोपी चाचा समेत पांच गिरफ्तारी हुई है, जबकि एक आरोपी कोर्ट में सरेंडर कर चुका है। बता दें कि अमर उजाला ने खबर को लगातार तीन दिनों तक प्रमुखता चलाया था। वायरल वीडियो के आधार हर बिंदु पर फोकस करते हुए खबर प्रकाशित किया था। इसके बाद पुलिस हरकत में आई और आरोपियों की गिरफ्तारी शुरू हुई।

प्रेसवार्ता में एसपी ने बताया कि जांच में रेप की बात नहीं आई है। लड़की के साथ चाचा को आपत्तिजनक हालत में देखकर कुछ लड़कों ने उसका वीडियो बना लिया था। मामले को दबाने के लिए आरोपी चाचा ने उसकी हत्या कर दी थी। एसपी ने कहा कि मर्डर में घर के और लोग शामिल थे या नहीं इस पर अभी जांच चल रही है। एफएसएल की टीम ने इस घटना में बहुत बढ़िया काम किया।

शंकरपुर थाना क्षेत्र के एक गांव की लड़की का 25 जनवरी को चाचा के साथ आपत्तिजनक हालत में कुछ युवकों ने वीडियो बनाया गया था। 26 जनवरी को वीडियो वायरल हुआ और इसी दिन लड़की की मौत भी हो गई। परिवार का कहना था कि ठंड लगने से उसकी मौत हुई है। लड़की की मौत के कुछ ही घंटे के बाद परिवार वालों ने उसके शव को दफना दिया था। हालांकि कोर्ट के आदेश पर 31 जनवरी को पुलिस ने लड़की के शव को कब्र से बाहर निकाला और भागलपुर में पोस्टमार्टम करवाया था। इस मामले में आरोपी चाचा मो. एनुल होदा को सबसे पहले गिरफ्तार किया गया था। इसके बाद वीडियो बनाने और लड़की के साथ छेड़खानी करने वाले तीन युवकों को गिरफ्तार किया गया।

मॉर्निंग वॉक पर निकली थी महिला, तेज रफ्तार बाइक की टक्कर से हुई मौत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। नवादा में तेज रफ्तार के कहर देखने को मिला, एक महिला की जान तेज रफ्तार रहे बाइक चालक ने ले ली। वहीं घटना के बाद बाइक भी पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया है। मौत की खबर मिलते ही मृतक के परिवार का रो-रोकर बुरा हाल है। रोह थाना प्रभारी विनय कुमार घटनास्थल पर पहुंच कर मृतक का शव अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। यह घटना जिले के रोह प्रखंड के रूपौ रोड में हुई, जहां तेज रफ्तार बाइक की चपेट में आने से महिला की जान गई है। मृतका की पहचान रूपौ गांव के स्वर्गीय लखन तिवारी की लगभग 50 वर्षीया पत्नी फुलवा देवी के रूप में हुई है। वह अन्य महिलाओं के साथ रोज की तरह मॉर्निंग वॉक पर गई हुई थी और इस दौरान एक तेज रफ्तार बाइक ने उसे धक्का मार दिया और उसकी मौत हो गई। घटना के बाद बाइक सवार बाइक छोड़कर फरार होने में सफल रहा। इस घटना की जानकारी स्थानीय पुलिस को दी गई, जहां पुलिस ने मौके पर पहुंचकर महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा। पुलिस बाइक को जब्त कर आगे की कानूनी कार्रवाई में जुड़ गई है। बताया जाता है कि मृतक महिला प्रतिदिन मॉर्निंग में घूमने के लिए निकलती थी और आज भी मॉर्निंग में घूमने के लिए निकली थी। इसी दौरान तेज रफ्तार में बाईक रहने के कारण पीछे से महिला को धक्का मार दिया, जिसके कारण महिला अचानक गिर गई और सर में काफी चोट लगी है। महिला ने घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। वही लगभग आधा घंटा तक चार मृतक की शव के साथ लोग रोड पर बैठे रहे और थाना प्रभारी के समझा बुझाने के बाद स्थानीय लोगों ने मृतक की शव को पुलिस के हवाले कर दिया है।

पूरी घटना के बाद थाना प्रभारी विनय कुमार के द्वारा बताया गया कि महिला की मौत हुई है। आगे की जांच पुलिस के द्वारा की जा रही है। एक गाड़ी को भी बरामद किया गया जिस गाड़ी से घटना घटी है। दुर्घटना के बाद गाड़ी छोड़कर चालक भाग गया है।

फहद शाही ने राज्यपाल से मिलकर समस्याओं को अवगत कराया



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रफीगंज (औरंगाबाद)। रफीगंज के बशारतपुर गांव निवासीफहद शाही राज्यपाल आरिफ मोहम्मद खान से मिलकर क्षेत्र में शिक्षा के प्रति हो रहे समस्याओ को लेकर अवगत कराया। मगध विश्वविद्यालय मे स्नातक का सत्र तीन साल की जगह पांच साल में समाप्त हो रहा है। जिससे छात्र-छात्राओ को काफी कठिनाई हो रही है। राज्यपाल से मिलकर समस्या बताने पर प्रखंड अध्यक्ष विकी यादव, माहिद खां, तारिक, सहित कई लोगो ने धन्यवाद दिया।

डीएम ने गंगटा महादलित टोला का किया निरीक्षण

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो



नवादा। क्षेत्र भ्रमण कार्यक्रम के अन्तर्गत जिला पदाधिकारी, रवि प्रकाश एवं उप विकास आयुक्त द्वारा अकबरपुर प्रखंड के पंचगावां पंचायत पहुंचकर वार्ड नं0-2 के महादलित टोला-गंगटा का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान पाया गया कि प्राथमिक विद्यालय में बच्चों की संख्या कम है जिसपर जिला पदाधिकारी ने प्रधानाध्यापक को निर्देश दिया कि महादलित टोलों से एवं अन्य जगहों से विद्यालय में ज्यादा से ज्यादा बच्चों का नामांकन कराएंगे। उन्होंने निर्देश दिया कि विद्यालयों में बच्चों के लिए मध्याह्न भोजन, शौचालय, पेयजल, किताब आदि की सुविधा उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।

जिलाधिकारी ने टोले में घूम-घूमकर सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का एक-एक कर जायजा लिया। निरीक्षण के दौरान यह भी पाया गया कि इस महादलित टोला में कई ऐसे परिवार है जिन्होंने शौचालय का निर्माण नहीं किया है अथवा उनका शौचालय वर्तमान समय में उपयोग के लायक नहीं है। प्रखंड विकास पदाधिकारी अकबरपुर को निर्देश दिया गया है कि सार्वजनिक शौचालय निर्माण के लिए अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे। उन्होंने कहा कि राशन कार्ड के लिए कैम्प लगाकर लाभुकों का राशन कार्ड बनबाना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने वृद्धों और दिव्यांगजनों को पेंशन मुहैया कराने का सख्त निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि समाज के वंचित व गरीब लोगों को सरकार द्वारा चलायी जा रही कल्याणकारी योजनाओं के बारे में बताना एवं उसे लाभ देना सुनिश्चित करेंगे। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को महादलित टोले में कल्याणकारी योजनाओं के क्रियान्वयन में तेजी लाने के लिए और तत्परता से काम करने का निर्देश दिया। जिलाधिकारी द्वारा गंगटा में वार्ड नं0-02 में आंगनबाड़ी केन्द्रों का भी निरीक्षण किया। उप विकास आयुक्त ने संबंधित अधिकारी को अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के महादलित टोला में विकास शिविर का आयोजन कर सरकार द्वारा चलाये जा रहे लोक कल्याणकारी योजनाओं से आच्छादित करने का निर्देश दिया। इस अवसर पर जिला कल्याण पदाधिकारी प्रकाश प्रिय रंजन, प्रखंड विकास पदाधिकारी अकबरपुर गीता के साथ-साथ अन्य पदाधिकारी उपस्थित थे।

जिलास्तरीय प्रतियोगिता में पकरीबरावां के बच्चों का प्रदर्शन बेहतर



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पकरीबरावां। बिहार दिवस को लेकर आयोजित जिलास्तरीय प्रतियोगिता में पकरीबरावां के बच्चों का शानदार प्रदर्शन रहा है। कुल नौ बच्चों में से तीन पकरीबरावां के सफल हुए हैं। वर्ग 9 से 12 के अंतर्गत पेंटिंग प्रतियोगिता में रामधन मुलको प्रोजेक्ट कन्या इंटर विद्यालय पकरीबरावां की कृतिका राज ने सफलता प्राप्त की है। वर्ग 9 से 12 गणित ओलंपियाड में इंटर विद्यालय पकरीबरावां के सौरव कुमार यादव सफल हुए। वर्ग 1 से 5 समूह में गणित ओलंपियाड में राजकीय मध्य विद्यालय थालपोस की अनुष्का शर्मा ने सफलता पाई है। गौरतलब है कि प्रखंडस्तरीय प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल में शामिल बीआरपी किशोरी शरण वर्मा, उत्क्रमित मध्य विद्यालय हसनगंज के प्रभारी प्रधानाध्यापक डॉ. मुकेश कुमार सिन्हा, प्राथमिक विद्यालय पकरी के शिक्षक सुबोध कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय रेवार पश्चिमी के शिक्षक संतोष कुमार, उत्क्रमित मध्य विद्यालय मिर्ज़ापुर के शिक्षक सूर्यप्रकाश एवं मध्य विद्यालय धमौल के शिक्षक सूर्यदेव प्रसाद यादव द्वार चयनित बच्चों ने जिलास्तरीय प्रतियोगिता में सफलता प्राप्त की। प्रखण्ड शिक्षा पदाधिकारी मिसिन्दर पासवान ने सफल बच्चों को शुभकामनाएं दी है।

द नवादा सेंट्रल कापरेटिव बैंक में होली मिलन समारोह

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

नारदीगंज,नवादा। द नवादा सेंट्रल कापरेटिव बैंक नारदीगंज में गुरुवार को होली मिलन समारोह आयोजित की गई। अध्यक्षता शाखा प्रबंधक रमेश कुमार ने की। इस मौके पर एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर हार्दिक बधाई दी। शाखा प्रबंधक ने होली पर्व की नागरिकों, अधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, पदाधिकारियों, किसानों व आम नागरिकों को शुभकामनाएं देते हुए शांति, सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। कहा कि यह रंगोत्सव का पर्व है।हिंदुओं का प्रमुख त्योहार है। समाज के हर वर्ग के लोगों के साथ भाईचारे व आपसी मतभेद को भुलाकर यह पावन पर्व शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न कराने में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की। मौके पूर्व शाखा प्रबंधक प्रमोद कुमार, समिति प्रबंधक रामबिलास सिंह, पैक्स अध्यक्ष प्रो.उपेन्द्र नारायण सिंह, श्रवण कुमार, डाटा आपरेटर मुकेश प्रसाद, विजय रंजन नीरू, सुभाष कुमार, अर्जुन सिंह, मनोज शर्मा, महेंद्र पंडित समेत अन्य शामिल हुए।

अबीर-गुलाल लगाकर बीज विक्रेताओं ने एक दूसरे को दी होली की बधाई



नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

नवादा। जिला मुख्यालय के स्टेशन रोड स्थित कृषक सेवा केंद्र के प्रांगण में बीज विक्रेताओं की होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में नवादा के बीज विक्रेता उपस्थित हुए। मौके पर सभी ने एक दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दिया। होली मिलन समारोह को संबोधित करते हुए सुरेश प्रसाद ने कहा कि होली प्रेम और भाईचारा का पर्व है। इस मौके पर रंग-बिरंग गुलाल यह बताता है कि सभी जाति धर्म और संप्रदाय के लोग एक होकर शांति के मार्ग को प्रशस्त कर सकते हैं। वहीं डेल्टा एग्री जीनेटिक्स प्राइवेट लिमिटेड के एरिया मैनेजर डा मनोज कुमार चांद ने कहा कि होली सभी को एक रंग में रंगने का त्योहार है। आपसी बैमनस्ता भूलकर होली को रंगीन बनाना चाहिए। साथ ही कहा कि ग़ुलाल का मतलब यह है की होली शांति और सौहार्द का महापर्व है। इस मौके पर सोनाली फसल के एरिया मैनेजर अजित कुमार, चंद्रिका प्रसाद कुशवाहा, रौशन कुमार सिंह, संतोष कुमार, संजीव कुमार, चन्दन कुमार आदि दर्जनों बीज बिक्रेता उपस्थित थे।

होली मिलन समारोह में पारंपरिक गीतों पर झूमे लोग



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

पकरीबरावां। गुरुवार को आदर्श ग्रीन पंचायत के दुर्गा मंदिर परिसर में जदयू के वरीय नेता डॉ. रविकांत उर्फ अजय सिंह के नेतृत्व में होली मिलन समारोह आयोजित की गई। कार्यक्रम में लोक गायक पिंटू चौधरी की टीम ने होली के पारंम्परिक गीतों को प्रस्तुत किया। लोगों ने अबीर-गुलाल लगाकर एक- दूसरे को होली की बधाई दी। होली गायक कलाकार सोनू हसमुखिया ने अपने नृत्य वाले अंदाज में होली गाकर सबो को मुग्ध कर दिया। मौके पर कृषि समन्वयक मदन मोहन कुमार, पूर्व पंसस राम बिहारी सिंह, मुखिया सुलेखा देवी, सरपंच फूलकुमारी दास, ग्रामीण उपेंद्र नारायण सिंह, चंदन करण, मनोज कुमार, अरुण सिंह, मुकेश सिंह, दिलीप सिंह, सुधीर कुमार, संजीव कुमार सहित अन्य उपस्थित थे।

एक नजर

पुलिस ने 108 लीटर अंग्रेजी शराब किया बरामद

नारदीगंज, नवादा। थाना क्षेत्र के चौरमा गांव में पुलिस ने बुधवार की रात में छापेमारी की। एसआई धीरेन्द्र पासवान, एएसआई प्रेम कुमार, एएसआई दिनेश कुमार पुलिस बल के सहयोग से छापेमारी की।मौके पर चौरमा गांव में प्रकाश यादव के घर से 108 लीटर अंगेजी शराब को बरामद किया।पुलिस को देखते ही शराब तस्कर भाग गए। थानाध्यक्ष प्रभा कुमारी ने कहा आरोपित के विरुद्ध कांड संख्या 100/2025 दर्ज किया गया है। उन्होंने कहा यह कार्रवाई गुप्त सूचना के आधार पर की गई है।

सोनपुरा गांव में होली मिलन समारोह का आयोजन



मेसकौर (नवादा)। गुरुवार को प्रखंड अंतर्गत बड़ोसर पंचायत के सोनपुरा गांव के सामुदायिक भवन में होली पर्व के अवसर पर हिंदू और मुस्लिम समुदाय के लोगों ने होली मिलन समारोह आयोजित कर सामाजिक सौहार्द का एक अच्छा उदाहरण पेश किया जिसमें दोनों समुदाय के लोगों ने एक दूसरे को रंग और गुलाल लगाकर एक दूसरे के गले मिले और वहां उपस्थित लोगों ने होली पर्व को शान्ति और भाईचारे के साथ मनाने का संकल्प लिया मौके पर पूर्व प्रमुख प्रतिनिधि संतोष कुमार, मीनू यादव,डब्लू यादव, पैक्स प्रत्याशी भोला मियां, छोटू मियां, अरुण यादव, सत्येंद्र शर्मा, शंकर चौहान, कृष्ण चौहान, प्रद्युम्न कुमार सहित कई समाजसेवी मौजूद रहे

शांतिपूर्ण तरीके से मनायें होली



रजौली। नगर पंचायत कार्यालय में गुरुवार को वार्ड पार्षदों एवं पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को उत्साह एवं उमंग के साथ अबीर व गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी साथ ही एक दूसरे से गले मिलकर भाईचारगी एवं प्रेम को बढ़ावा दिया गया। इस दौरान नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश एवं लोक स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार के अलावे बड़ा बाबू प्रभु कुमार कुशवाहा, लिपिक कुश कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गोपाल प्रसाद यादव व राजू कुमार,वार्ड पार्षद धीरज कुमार भी मौजूद रहे।इस दौरान नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश ने नगर पंचायतवासियों से अपील किया कि होली रंगों का बहुत ही प्यारा त्योहार है। मान्यता के अनुसार होली मनाने के पीछे धार्मिक कारण है कि यह पर्व भगवान विष्णु के भक्त प्रहलाद की रक्षा और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दौरान सभी नगरवासी प्रत्येक वर्ष की भांति आपसी भाईचारे के साथ इस त्योहार को और अधिक प्रिय बनाएंगे।साथ ही बताया कि होली के मद्देनजर नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई का भरपूर ख्याल रखा गया है। सभी नगरवासियों को होली की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं भी दी गई। इस दौरान नगर पंचायत कार्यालय के लिपिक कुश कुमार, कर संग्रह नवीन कुमार, कार्यपालक सहायक विकु कुमार व अमन कुमार, आकाश कुमार, शैलेश कुमार, कुंदन कुमार समेत दर्जनों लोग मौजूद रहे।

होली में भुगतान नहीं होने से शिक्षकों में रोष

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। नवादा जिला के सक्षमत्ता पास विशिष्ट शिक्षकों को तीन माह से वेतन नहीं प्राप्त हुआ है। मात्र तीन प्रतिशत विशिष्ट शिक्षकों को भी वेतन काटकर भुगतान किया गया है। होली पर्व पूर्ण रूप से विभाग ने सादा कर दिया,जो दुर्भाग्यपूर्ण एवं निंदनीय है। वर्ष 2022 में बहाल नियोजित शिक्षकों का एरियर भी भुगतान नहीं किया गया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर सक्षमता परीक्षा उत्तीर्ण करने के बाद शिक्षकों में उत्साह भरा हुआ था, परन्तु होली ऐसे महत्वपूर्ण त्यौहार में जिस तरह हतोत्साहित किया जा रहा है, अत्यंत निंदनीय है। विभाग संवेदनहीन होकर तमाशा देख रही है।वहीं विभाग के प्रति विशिष्ट शिक्षको में रोष व्याप्त है। विशिष्ट शिक्षक महाजन समेत अन्य बकायेदारों का फोन नहीं उठाते हैं,तो सुबह में बकायेदार घर पर जाकर मानसिक रूप से प्रताड़ित कर रहे हैं। इस बाबत रजौली प्रखंड के विशिष्ट शिक्षक सह शिक्षक नेता अजित कुमार ने कहा कि इससे पूर्व बीपीएससी नवनियुक्त शिक्षकों को मात्र एक माह में ही प्राण बनाकर उनका भुगतान सुनिश्चित कर दिया गया था। जिला शिक्षा पदाधिकारी नवादा,स्थापना जिला कार्यक्रम पदाधिकारी और अन्य जो प्राण बनाने और भुगतान करवाने में सम्मिलित है,उनसे प्रार्थना है कि सक्षमत्ता-1 और सक्षमत्ता-2 दोनो में उतीर्ण विशिष्ट शिक्षकों को यथाशीघ्र प्राण बनाकर भुगतान करने की कृपा करें,ताकि शिक्षण कार्य प्रभावित नहीं हो।

शांतिपूर्ण तरीके से त्योहार मनाने की अपील

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रजौली। नगर पंचायत कार्यालय में गुरुवार को वार्ड पार्षदों एवं पदाधिकारियों ने एक-दूसरे को उत्साह एवं उमंग के साथ अबीर व गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दी साथ ही एक दूसरे से गले मिलकर भाईचारगी एवं प्रेम को बढ़ावा दिया गया। इस दौरान नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश एवं लोक स्वच्छता पदाधिकारी राहुल कुमार के अलावे बड़ा बाबू प्रभु कुमार कुशवाहा, लिपिक कुश कुमार, वार्ड पार्षद प्रतिनिधि गोपाल प्रसाद यादव व राजू कुमार,वार्ड पार्षद धीरज कुमार भी मौजूद रहे। इस दौरान नगर पंचायत पदाधिकारी राजेश ने नगर पंचायतवासियों से अपील किया कि होली रंगों का बहुत ही प्यारा त्योहार है। मान्यता के अनुसार होली मनाने के पीछे धार्मिक कारण है कि यह पर्व भगवान विष्णु के भक्त प्रहलाद की रक्षा और बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक है। इस दौरान सभी नगरवासी प्रत्येक वर्ष की भांति आपसी भाईचारे के साथ इस त्योहार को और अधिक प्रिय बनाएंगे साथ ही बताया कि होली के मद्देनजर नगर पंचायत क्षेत्र में साफ-सफाई का भरपूर ख्याल रखा गया है। सभी नगरवासियों को होली की ढ़ेर सारी शुभकामनाएं भी दी गई।

दक्षिण पूर्व रेलवे, निविदा

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनकी तरफ से, मंडल रेल प्रबंधक (इंजीनियरिंग)/आद्रा, **आंचलिक कार्यों, स्कॉर सुरक्षा और विविध कार्यों** हेतु नीचे उल्लिखित 04 (चार) ई-निविदाएं आमंत्रित करते हैं: **क्रम सं.; निविदा सं.; कार्यों का विवरण; निविदा मूल्य (रु. में): (1);ई-डीआरएम-इंजी.-आद्रा-16-25, दिनांक 11.03.2025;** आंचलिक कार्य अर्थात् (क) नए कार्य जोड़ना, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्तन, विशेष मरम्मत कार्य और भवन निर्माण सामग्री की आपूर्ति जिसमें प्रत्येक ऐसे कार्य की लागत 5 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा (ख) सभी सामान्य मरम्मत और रखरखाव कार्य 30.06.2026 तक सेवा भवनों, कर्मचारी क्वार्टरों और आद्रा मंडल में एस.एस.ई. (कार्य)/अनारा के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत आने वाली कॉलोनी के रखरखाव के लिए; **₹1,80,00,000.00; (2); ई-डीआरएम-इंजी.-आद्रा-17-25, दिनांक 11.03.2025;** आंचलिक कार्य अर्थात् (क) नए कार्य जोड़ना, मौजूदा संरचनाओं में परिवर्तन, विशेष मरम्मत कार्य और भवन निर्माण सामग्री की आपूर्ति जिसमें प्रत्येक ऐसे कार्य की लागत 5 लाख से अधिक नहीं होनी चाहिए तथा (ख) सभी सामान्य मरम्मत और रखरखाव कार्य 30.06.2026 तक आद्रा बस्ती (दक्षिण) में एस.ई. रेलवे अस्पताल सहित सेवा भवनों के रखरखाव के लिए; **₹ 3,80,00,000.00; (3); ई-डीआरएम-इंजी.-आद्रा-18-25, दिनांक 11.03.2025;** आद्रा मंडल के बांकुड़ा-खड़गपुर और बांकुड़ा-मसाग्राम खंड में मानसून के लिए एल.सी. सं. केए-12, केए-21, केए-28, केए-65, केए-67, केए-73, केए-82, केए-83, बीआर-37, बीआर-42, बीआर-45, बीआर-106, बीआर-108, बीआर-109 (कुल 14 सं. एलएचएस) के बदले सबवे पर पंपिंग व्यवस्था का प्रावधान तीन वर्षों के लिए; **₹ 89,71,452.00; (4); ई-डीआरएम-इंजी.-आद्रा-19-25, दिनांक 11.03.2025;** बांकुड़ा-मसाग्राम खंड के बीच पुल सं. 344 और खड़गपुर-बांकुड़ा खंड के बीच 284 (अप & डाउन) के पियर सं. पी2, पी3, पी4, पी5, पी6 और पी7 के चारों ओर स्कॉर सुरक्षा कार्य; **₹ 4,61,26,650.48;** ई-निविदाएं जमा करने की अंतिम तिथि और समय 07.04.2025 को 15:00 बजे है। उपरोक्त ई-निविदाओं का विवरण वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर देखा जा सकता है।

(PR-1230)

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

ई-नीलामी सूचना संख्या: कॉम/पीयूबी/एचडब्ल्यूएच/ईएमयू/2024 **दिनांक: 12.03.2025**

वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक, पूर्व रेलवे, हावड़ा मंडल, डीआरएम बिल्डिंग, हावड़ा, चौथी मंजिल, यात्री निवास, हावड़ा स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा वाणिज्यिक प्रचार अधिकारों का ठेका देने हेतु ई-नीलामी आमंत्रित की जाती है। **कैटलॉग संख्या:** पीयूबी- एचडब्ल्यूएच -25-12; **नीलामी शुरू होने की तिथि और समय:** 27.03.2025 को 12:00 बजे; **क्रम सं.;** एए/1; **लॉट संख्या:** एडीवीटी-इंटएक्सटें-एस1-ईएमयूआर2-25-1 (विज्ञापन - ट्रेन आंतरिक और बाहरी); **विवरण:** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण पार्श्व दीवारों (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार अधिकार प्रदान करना। **क्रम सं.;** एए/2; **लॉट संख्या:** एडीवीटी-इंटएक्सटें-एस1-ईएमयूआर8-25-1 (विज्ञापन - ट्रेन आंतरिक और बाहरी); **विवरण:** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण पार्श्व दीवारों (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार अधिकार प्रदान करना। **क्रम सं.;** एए/3; **लॉट संख्या:** एडीवीटी-इंटएक्सटें-एस1-ईएमयूआर43-25-1 (विज्ञापन - ट्रेन आंतरिक और बाहरी); **विवरण:** हावड़ा मंडल में चलने वाली 12 कोच ईएमयू रेक के कोचों के अंदर निर्दिष्ट स्थानों पर और संपूर्ण पार्श्व दीवारों (खिड़कियों और अनिवार्य साइनेज को छोड़कर) की बाहरी सतह पर विनाइल रैपिंग (आरडीएसओ विनिर्देश के अनुसार ग्राफिक फिल्म) के माध्यम से वाणिज्यिक प्रचार अधिकार प्रदान करना।

(HWH-673/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

पूर्व रेलवे

ई-नीलामी सूचना

संख्या: ओएएच/2/1/जनरल दिनांक: 12.03.2025। निम्नलिखित ई-निविदा वरिष्ठ मंडल अभियंता (मुख्यालय), पूर्व रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा-711101 द्वारा उन निविदाकारों से आमंत्रित की जाती है जिनके पास समान प्रकृति के कार्य का अनुभव है और सिंचाई/सीपीडब्ल्यूडी/एसईबी/एमईएस या किसी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम के साथ पंजीकृत लोगों सहित अपेक्षित वित्तीय क्षमताएं हैं, जो **वरिष्ठ डीईएन/मुख्यालय/एचडब्ल्यूएच के अंतर्गत** निम्नलिखित कार्य के लिए आवेदन कर सकते हैं। **क्रम सं.: (1); ई-निविदा संख्या: 375_2024-25; कार्य का विवरण:** एईएन/मुख्यालय/एचडब्ल्यूएच के अंतर्गत एसवाईएई में कैटवॉक 6, 8, 9 की सतह क्षति की मरम्मत और कैटवॉक संख्या 3, 4, 5, 6 और 9 के खंभों के दरारों की मरम्मत। **अनुमानित लागत:** रु.70,10,812.67; **बयाना राशि:**रु.1,40,200.00; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** 0.00; **पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 8 (आठ) महीने। **क्रम सं.: (2); ई-निविदा संख्या: 376_2024-25; कार्य का विवरण:** एईएन/मुख्यालय/एचडब्ल्यूएच के अंतर्गत एस.एस.ई./डब्ल्यू/बीएमजी के खंड में पिट संख्या 1, 2 और 5 के लिए बामनगाछी यार्ड के साथ आपूर्ति जल पाइप लाइन को बदलना। **अनुमानित लागत:**रु.1,68,12,702.24; **बयाना राशि:**रु.2,34,100.00; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** 0.00; **पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 8 (आठ) महीने। **क्रम सं.: (3); ई-निविदा संख्या: 377_2024-25; कार्य का विवरण:** एईएन(मुख्यालय)/एचडब्ल्यूएच के क्षेत्राधिकार के अंतर्गत एस.एस.ई./डब्ल्यू/बीएमजी के अधीन लगातार 2 (दो) वर्षों की अवधि के लिए भारतीय मानक ब्यूरो के मापदंड आईएस 10500-1991 के अनुसार पेयजल का बैक्टीरियोलॉजिकल उपचार का प्रावधान और एस.एस.ई./डब्ल्यू/एचडब्ल्यूएच के खंड में 24 (चौबीस) महीनों की अवधि के लिए एचडब्ल्यूएच गुड्स क्षेत्र में प्रेसर फिल्टर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और स्वचालित क्लोरीनेशन प्लांट का संचालन और रखरखाव। **अनुमानित लागत:** रु. 36,32,129.76; **बयाना राशि:** रु. 72,700.00; **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** 0.00; **पूर्णता अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 24 (चौबीस) महीने। **निविदा बंद होने की तिथि और समय:** 08.04.2025 को 14:00 बजे। यदि निविदा आमंत्रित करने की सूचना में उल्लिखित निविदा बंद होने की तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित किया जाता है, तो ऑनलाइन निविदा बंद होने की तिथि में कोई परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर दिया गया आवेदन निविदा बंद होने की तिथि और समय के बाद किसी भी प्रस्ताव को जमा करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि ऑनलाइन निविदाएं अगले कार्य दिवस पर खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकारों से अनुरोध है कि वे अपना प्रस्ताव उपरोक्त वेबसाइट पर ऑनलाइन जमा करें। बयाना राशि (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत का भुगतान - ई-निविदा के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत का भुगतान केवल नेट बैंकिंग या भुगतान गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाएगा। **नोट:** फिक्स्ड डिपॉजिट रसीद (एफडीआर) आईआरईपीएस ई-निविदा पोर्टल पर आमंत्रित निविदाओं के लिए बयाना राशि (ईएमडी) के रूप में स्वीकार नहीं की जाएगी)। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-679/2024-25)

निविदा सूचनाएं वेबसाइट **www.er.indianrailways.gov.in/ www.ireps.gov.in** पर भी उपलब्ध हैं।

हमें अनुसरण करें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

गोली कांड में दो महिला गिरफ्तार

बिहारशरीफ। राजगीर थाना क्षेत्र के गाजीपुर गांव में बुधवार को हुई गोलीबारी कांड में पुलिस ने दो महिलाओं को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। वहीं घटना में संलिप्त सभी पुरुष घर छोड़ कर फरहार हैं। राजगीर थाना प्रभारी रमण कुमार नें बताया कि घटना में नामजद दो महिलाओं को गिरफ्तार किया गया है।

पूर्व रेलवे

सं.ओएएच/2/1/जनरल.दिनांक:12.03.2025 डिवीजनल रेलवे मैनेजर, पूर्वी रेलवे, हावड़ा, डीआरएम बिल्डिंग, रेलवे स्टेशन के पास, हावड़ा- 711101 द्वारा समान प्रकृति के कार्य का अनुभव रखने वाले और आवश्यक वित्तीय क्षमता रखने वाले निविदाकारों सहित सिंचाई / सीपीडब्ल्यूडी / एसईबी / एमईएस या किसी भी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम में पंजीकृत निविदाकारों से निम्नलिखित कार्य के लिए निम्नलिखित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है: **सीनियर डीईएन/3/ एचडब्ल्यूएच के अधीन। क्रम संख्या: (1); ई-निविदा संख्या: 369_2024-25; कार्य का विवरण:** हावड़ा डिवीजनों में विभिन्न आरओबी और आरयूबी के स्टील गर्डर का सुदृढ़ीकरण। **लगभग लागत:** रु. 1,02,48,186.00; **बयाना राशि:** रु. 2,01,300.00; **समापन अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी करने की तारीख से 08 (आठ) महीने; **क्रम संख्या: (2) ई-निविदा संख्या: 370_2024-25;कार्य का विवरण:** एचडब्ल्यूएच-बीडीसी मुख्य लाइन खंड में पुल सं.11,16,20, 21, 27, 28, 34, 37, 40, 41ए, 42, 52, 58, 63, 73, 77, 77ए, 87, 98ए के स्टील ब्रिज गर्डरों की पेंटिंग, एसीसीएल खंड में पुल सं.16, 17एसीसीएल और 20, एनएच-बीडीसी खंड में पुल सं.159, टीएके शाखा पुल सं.5, हावड़ा डिवीजन के बीबी लूप खंड में पुल सं.167, 168ए, 169, 171,171ए, 173, 174ए, 179, 180ए। **लगभग लागत:** रु.1,56,72,765.21; **बयाना राशि:** रु. 2,28,400.00; **पूर्णता अवधि :** स्वीकृति पत्र जारी करने की तिथि से 09 (नौ) माह; **निविदा की समापन तिथि एवं समय : 02.04.2025 को 14.00 बजे।** यदि निविदा आमंत्रण सूचना में उल्लिखित समापन तिथि को किसी भी कारण से अवकाश/बंद/हड़ताल घोषित कर दिया जाता है तो ऑनलाइन निविदा खोलने की तिथि में परिवर्तन नहीं किया जाएगा क्योंकि आईआरईपीएस की वेबसाइट पर आवेदन निविदा की समापन तिथि और समय के बाद कोई प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं देता है। हालांकि, ऑनलाइन निविदाएं अगले कार्य दिवस पर खोली जाएंगी। निविदा का विवरण वेबसाइट: **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकर्ताओं से अनुरोध है कि वे उपरोक्त वेबसाइट पर अपना प्रस्ताव ऑनलाइन प्रस्तुत करें। ईएमडी और टीडीसी का भुगतान - ई-निविदा के संबंध में बयाना राशि जमा (ईएमडी) और निविदा दस्तावेज लागत का भुगतान केवल नेट बैंकिंग या पेमेंट गेटवे के माध्यम से स्वीकार किया जाना चाहिए। **टिप्पणी:** आईआरईपीएस (ई-टेंडर पोर्टल) पर आमंत्रित निविदाओं के लिए सावधि जमा रसीद (एफडीआर) को ईएमडी के रूप में स्वीकार नहीं किया जाएगा। कोई भी मैनुअल प्रस्ताव स्वीकार नहीं किया जाएगा।

(HWH-676/2024-25)

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter

शालीमार रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास से यात्री सुविधाओं में होगा बड़ा बदलाव

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

कोलकाता। दक्षिण पूर्व रेलवे (एसईआर) के प्रमुख टर्मिनल शालीमार रेलवे स्टेशन का पुनर्विकास कार्य तेजी से प्रगति पर है। यह स्टेशन कोलकाता को देश के विभिन्न हिस्सों से जोड़ने में अहम भूमिका निभाता है। हावड़ा जंक्शन पर भीड़ कम करने के उद्देश्य से विकसित किए गए इस स्टेशन का महत्व लगातार बढ़ता जा रहा है। वर्तमान में यहां से मुंबई, चेन्नई, हैदराबाद, विशाखापत्तनम, उदयपुर, पुरी और भुवनेश्वर जैसी प्रमुख गंतव्यों के लिए कई एक्सप्रेस और सुपरफास्ट ट्रेनें संचालित होती हैं। यात्रियों की बढ़ती संख्या और ट्रेनों की आवाजाही को सुचारु बनाने के लिए दक्षिण पूर्व रेलवे ने शालीमार स्टेशन के व्यापक पुनर्विकास की योजना बनाई है। रेलवे अधिकारियों के अनुसार, पुनर्विकास के तहत कई प्रमुख संरचनात्मक कार्य पूरे हो चुके हैं जिनमें शामिल हैं- नया



स्टेशन भवन (संरचनात्मक कार्य पूर्ण), 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, जो प्लेटफॉर्म-1 को प्लेटफॉर्म-2 और 3 से जोड़ता है, दूसरा 12 मीटर चौड़ा फुट ओवर ब्रिज, जो प्लेटफॉर्म-2 और 3 को प्लेटफॉर्म-4 और 5 से जोड़ता है, चार पिट लाइन और छह स्टैबलिंग लाइनें का निर्माण, नए प्लेटफॉर्म नंबर-1 का नवीनीकरण, स्टेशन क्षेत्र में कंक्रीट सड़क और गंगा छोर पर कार पार्किंग निर्माण, तीन अंडरपास/सबवे, दो लाख गैलन क्षमता के तीन ओवरहेड टैंक, शामिल हैं। यात्रियों के लिए आधुनिक सुविधाएं भी बधाई गयीं जिनमें स्टेशन भवन में 5 लिफ्ट की स्थापना, प्लेटफार्म-1 से प्लेटफार्म-2/3 तक जाने के लिए 4 एस्केलेटर, प्लेटफार्म-1 से प्लेटफार्म-2/3 के अंडरपास तक जाने के लिए 4 ट्रैवलेटर, प्लेटफार्म और सबवे-3 को जोड़ने के लिए 4 एस्केलेटर शामिल हैं। आने वाले समय में पूरे किए जाने वाले कार्य में प्लेटफॉर्म-2/3 पर नया प्लेटफॉर्म शेल्टर का निर्माण, प्लेटफॉर्म-4/5 के लिए नया द्वीप प्लेटफॉर्म और दो सबवे, 64.09 मीटर लंबे रोड ओवर ब्रिज का निर्माण, रैंप और सीमित ऊँचाई वाले अंडरपास का निर्माण, सीसीटीवी कैमरों की स्थापना, पब्लिक एड्रेस सिस्टम का उन्नयन शामिल हैं। दक्षिण पूर्व रेलवे के अधिकारियों का कहना है कि शालीमार स्टेशन का पुनर्विकास चरणबद्ध तरीके से पूरा किया जाएगा ताकि यात्रियों को किसी भी प्रकार की असुविधा न हो और रेलवे संचालन प्रभावित न हो। इस परियोजना के पूरा होने के बाद शालीमार रेलवे स्टेशन एक आधुनिक यात्री टर्मिनल के रूप में उभरेगा, जिससे यात्रियों को अधिक सुविधाएं और सुगम यात्रा अनुभव मिल सकेगा।

अररिया में एएसआई की हत्या ने खोली सरकार की कलई : राजेश राठौड़

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार के अररिया जिले में अपराधियों को पकड़ने गए पुलिस बल पर हमला करके एएसआई की हत्या किए जाने पर बिहार कांग्रेस के मीडिया विभाग के चेयरमैन राजेश राठौड़ ने कहा है कि राज्य में नीतीश भाजपा सरकार का इकबाल खत्म हो चुका है। अपराधियों का मनोबल सातवें आसमान पर है। बिहार में रोज अपराधियों का कहर जारी है और अब प्रशासन पर भी अपराधी कहर बनकर टूट रहे हैं जो यह बताने को काफी है कि अब राज्य में सरकार पूरी तरीके से नाकाम हो चुकी है। बिहार कांग्रेस के मुख्य प्रवक्ता राजेश राठौड़ ने कहा कि जिस दिन अखबार या समाचार देखिए तो राजधानी पटना में दिनदहाड़े हत्या, गैंगवॉर, अपहरण तो आरा मुख्य बाजार में भीषण डकैती की घटना ही पढ़ने देखने को मिलती है। कभी शराब व बालू माफियाओं के द्वारा पुलिस पर हमले तो कभी तस्करों के द्वारा हमले के बाद अब अपराधियों की धरपकड़ करने गई पुलिस को भी अपराधियों के समक्ष आत्म रक्षा नहीं कर पाना यह बताता है कि राज्य में अराजक माहौल बन चुका है जिसके जिम्मेदार नीतीश और भाजपा की सरकार है। राज्य में महाजंगलराज का माहौल बन गया है जिसमें व्यवसायी और आम आदमी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहा है, लेकिन अब तो पुलिस भी इस मामले में खुद को असक्षम साबित कर चुकी है। अररिया की घटना जिसमें नाहक बिहार पुलिस के एएसआई की हमलावर भीड़ हत्या कर देती है वो बर्दाश्त से बाहर है। रोज अपराधियों के द्वारा हत्याओं, लूट, डकैती और छिनतई की घटनाओं के बाद अब पुलिस को ही लक्षित करके अपराधी हमले करने लग रहे हैं। राज्य में पुलिस के माध्यम से सरकार वसूली और दबंगई का वीडियो देखने की आदि जनता को अब पुलिस के ऊपर ही ऐसी ज्यादती देखने को मिल रही है तो इसमें सीधे-सीधे सरकार और प्रशासन जिम्मेदार है।

स्वास्थ्य की दृष्टि से जैविक खाद और जैविक कीटनाशकों का उपयोग अत्यंत आवश्यक

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मगध विश्वविद्यालय के जंतु विज्ञान विभाग द्वारा स्नातकोत्तर छात्र-छात्राओं के लिए शैक्षणिक परिभ्रमण का आयोजन किया गया। यह परिभ्रमण 10 मार्च 2025 को विभागाध्यक्ष प्रो दिलीप कुमार केसरी के नेतृत्व में संपन्न हुआ जिसमें सत्र 2022-2024 के सभी विद्यार्थियों ने भाग लिया। परिभ्रमण के अंतर्गत विद्यार्थियों ने शेखवारा स्थित नंदिनी बायोफर्टिलाइजर संस्थान का दौरा किया जहां उन्होंने जैविक कृषि से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारियां प्राप्त कीं। इस शैक्षणिक भ्रमण में विभाग के शिक्षकों–डॉ कुमारी अदिति, पूनम सिंह और आभा



कुमारी की भी सक्रिय भागीदारी रही। संस्थान के प्रोपराइटर संतोष कुमार ने विद्यार्थियों को केंचुआ पालन एवं केंचुआ खाद निर्माण की विभिन्न तकनीकों का व्यावहारिक ज्ञान प्रदान किया। इसके साथ ही छात्रों ने जैविक खाद एवं जैविक कीटनाशकों के महत्व को समझा और उनके प्रयोग से संबंधित व्यवहारिक जानकारी प्राप्त की। इस अवसर पर प्रो दिलीप कुमार केसरी ने विद्यार्थियों को संबोधित करते हुए कहा कि पर्यावरण संतुलन, जैव विविधता और मानव स्वास्थ्य की दृष्टि से जैविक खाद और जैविक कीटनाशकों का उपयोग अत्यंत आवश्यक है। पारंपरिक रासायनिक उर्वरकों की तुलना में जैविक खाद अधिक टिकाऊ और पर्यावरण हितैषी होती है जिससे कृषि उत्पादकता को बिना किसी हानिकारक प्रभाव के बढ़ाया जा सकता है। इस शैक्षणिक परिभ्रमण के माध्यम से विद्यार्थियों को जैविक कृषि और सतत विकास की ओर एक व्यावहारिक दृष्टिकोण प्राप्त हुआ। कार्यक्रम के सफल आयोजन के लिए विद्यार्थियों ने विश्वविद्यालय प्रशासन और जंतु विज्ञान विभाग को धन्यवाद दिया।

स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में जरूर भाग लें : डा. नीतू कुमारी नवगीत

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। नगर निगम स्वच्छता जागरूकता टीम द्वारा मां गायत्री बाल संस्कार शाला में स्वच्छता जागरूकता अभियान के तहत सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से स्वच्छता सर्वेक्षण के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। पटना नगर निगम की ब्रांड एंबेसडर डॉ नीतू कुमारी नवगीत ने सभी उपस्थित लोगों से कहा कि स्वच्छता सर्वेक्षण अभियान में जरूर से जरूर भाग लें। ताकि पटना की स्वच्छता रैंकिंग में सुधार हो सके। संस्कारशाला की संचालिका श्वेता रश्मि ने कहा कि शहर की स्वच्छता के लिए हर



व्यक्ति को अपनी ओर से योगदान देना चाहिए। उन्होंने कहा कि स्वच्छता को हमारी आदतों में शुमार होना चाहिए। इस अवसर पर शुभम रंजन ने विस्तार से स्वच्छता के महत्व पर प्रकाश डाला। स्वच्छता जागरूकता कार्यक्रम में माया रानी, सतवंती देवी, मंजू देवी, आशादीप, सविता अग्रवाल, शीला देवी, अनुराधा सिंह, नीलिमा सिंह, शोभा देवी, सुशीला देवी, गौरी देवी, आशा देवी, पार्वती देवी, बिंदु देवी, विभा कर्ण, गंगा देवी, प्रतिमा देवी, मीना देवी आदि ने स्वच्छता सर्वेक्षण में भाग लिया और स्वच्छता के प्रति समर्पित रहने का संकल्प लिया। जागरूकता कार्यक्रम में राजनंदनी कुमारी, शिखा कुमारी, रिया कुमारी, मुस्कान कुमारी, कोमल कुमारी, खुशी कुमारी, प्रिंस कुमार, अंशु कुमार, विकास कुमार, मनीष कुमार, राजीव कुमार और शिवांश प्रतीक ने भी हिस्सा लिया। लोक गायिका नीतू नवगीत ने बिहार के पारंपरिक गीतों के माध्यम से स्वच्छता और श्रमदान के महत्व पर प्रकाश डाला।

कर्मचारी राज्य बीमा निगम में 'सुविधा समागम' का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। कर्मचारी राज्य बीमा निगम, आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ, पटना में प्रणय सिन्हा, बीमा आयुक्त (पूर्वी अचंल) की अध्यक्षता में सुविधा समागम का आयोजन किया गया। बैठक में बिहार क्षेत्र के बीमाकृत व्यक्तियों को प्रदान किये जा रहे चिकित्सा हितलाभ, बीमारी हितलाभ, मातृत्व हितलाभ, अपंगता हितलाभ, आश्रितजन हितलाभ, अंत्येष्टि व्यय एवं प्रसूति व्यय से संबंधित विभिन्न पहलुओं पर विस्तृत से चर्चा की गयी। इस अवसर पर 9 बीमाकृत व्यक्तियों एवं उनके परिजनों के विभिन्न समस्याओं, विशेषकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति से सम्बंधित मामलों के विषय में



जानकारी ली गयी एवं मौके पर ही इसके निराकरण हेतु समुचित निर्णय किए गए। सुविधा समागम में उपस्थित बीमाकृत व्यक्तियों को सूचित किया गया कि आपातकालीन स्थिति में निजी चिकित्सा संस्थानों में इलाज कराकर चिकित्सा प्रतिपूर्ति का दावा करने पर उसे सीजीएसएस/ सरकारी दर से सीमित कर दावे का भुगतान किया जाता है। इसलिए बीमाकृत व्यक्तियों को यह सलाह दिया गया कि गैर आपातकालीन के मामलों में कर्मचारी राज्य बीमा निगम आदर्श अस्पताल, फुलवारीशरीफ या कर्मचारी राज्य बीमा निगम अस्पताल सह चिकित्सा महाविद्यालय, बिहटा में पहले इलाज प्राप्त करें वहां चिकित्सा उपलब्ध नहीं होने की स्थिति में ही निजी संस्थान में इलाज करायें।

होली स्पेशल ट्रेनों का परिचालन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

हाजीपुर। होली के अवसर पर यात्रियों की अतिरिक्त भीड़ के मद्देनजर रेलवे द्वारा कई स्पेशल ट्रेनों का परिचालन किया जा रहा है। इसी कड़ी में कुछ और अतिरिक्त स्पेशल ट्रेनों का परिचालन निम्नानुसार किया जा रहा है। गाड़ी सं. 03253 पटना-चर्लपल्ली (हैदराबाद)-पटना स्पेशल (गया-कोडरमा-गोमो-बोकारो-रांची-बिलासपुर-रायपुर-नागपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 03253 पटना-चर्लपल्ली (हैदराबाद) स्पेशल 17.03.2025 से 28.05.2025 तक पटना से प्रत्येक सोमवार एवं बुधवार को 15.00 बजे खुलकर तीसरे दिन 03.30 बजे चर्लपल्ली पहुंचेगी। वापसी में गाड़ी सं. 07255 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल 19.03.2025 से 28.05.2025 तक चर्लपल्ली से प्रत्येक बुधवार को 23.00 बजे खुलकर शुक्रवार को 11.30 बजे पटना पहुंचेगी तथा गाड़ी सं. 07256 चर्लपल्ली-पटना स्पेशल 21.03.2025 से 30.05.2025 तक चर्लपल्ली से प्रत्येक शुक्रवार को 21.00 बजे खुलकर रविवार को 09.30 बजे पटना पहुंचेगी। गाड़ी सं. 05273/05274 दरभंगा-दौराई (अजमेर)-दरभंगा स्पेशल (सीतामढ़ी-रक्सौल- नरकटियागंज-गोरखपुर-मथुरा-जयपुर के रास्ते) - गाड़ी सं. 05273 दरभंगा-दौराई स्पेशल 22 एवं 29 मार्च, 2025 को दरभंगा से 13.15 बजे खुलकर अगले दिन 22.30 बजे दौराई पहुंचेगी।

बिहार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से हो चुकी है ध्वस्त : अखिलेश सिंह

सार्वजनिक जीवन में सभी को मर्यादा में रहना चाहिए, चाहे वह कोई भी हो

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। बिहार प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अखिलेश प्रसाद सिंह ने अररिया में दारोगा की हत्या पर राज्य सरकार को आड़े हाथों लिया। उन्होंने गुरुवार को कहा कि बिहार में कानून व्यवस्था पूरी तरह से ध्वस्त हो चुकी है। मुख्यमंत्री के हाथ में कुछ भी नहीं है, वे सिर्फ वही कर रहे हैं जो भारतीय जनता पार्टी उन्हें कह रही है। पूर्व मुख्यमंत्री राबड़ी देवी और मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के बीच बिहार विधान परिषद में हुई तीखी बहस पर उन्होंने कहा कि सार्वजनिक जीवन में सभी को मर्यादा में रहना चाहिए, चाहे वह कोई भी हो। मुख्यमंत्री के इस्तीफे की मांग पर उन्होंने कहा कि बिहार में स्थिति बेहद खराब है और मुख्यमंत्री को इस पर खुद निर्णय लेना चाहिए। दरअसल, एक दिन पहले नीतीश कुमार और राबड़ी देवी में सदन में काफी देर तक नोकझोंक हुई थी। बाद में राबड़ी देवी ने कहा कि मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने उनका अपमान किया। नीतीश कुमार पर आरोप लगाया कि वे अक्सर ही महिलाओं के लिए अपमानसूचक टिप्पणी करते हैं। इसे लेकर सदन में और फिर बाहर भी काफी हंगामा हुआ। राबड़ी देवी ने इस मुद्दे पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार का इस्तीफा भी मांगा। बिहार में कांग्रेस की रोजगार दो और पलायन रोको यात्रा को लेकर अखिलेश सिंह ने कहा कि अब कांग्रेस कमर कसकर चुनावी मैदान में उतरेगी। इसी के तहत बिहार की यात्रा का कार्यक्रम बनाया गया है। वहीं संभल में मस्जिदों को ढकने के मामले पर उन्होंने कहा कि यह एक एजेंडा है और इस पर विस्तार से बात की जानी चाहिए।

मसौढ़ी अनुमंडल में 58 जगहों पर जली होलिका, चप्पे-चप्पे पर रही पुलिस की नजर

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। बुराई पर अच्छाई का प्रतीक होलिका दहन धू धू कर जली, गांव से लेकर शहर तक लोगों में होलिका दहन को लेकर उत्साह रहा। देर रात तक होलिका दहन के पास भजन कीर्तन के साथ फगुआ गीत गाते रहे। ऐसे में होलिका दहन पर विधि व्यवस्था की संधारण को लेकर पुलिस प्रशासन भी अलर्ट मोड पर दिखी, एक तरफ जहां बिजली विभाग भी चौकस रहीं, अपने कर्मचारियों को जगह-जगह पर प्रतिनियुक्ति की है वहीं पूरे मसौढी अनुमंडल 58 जगहों पर 14 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल मुख्यालयों में नियंत्रण कक्ष कार्यरत है। ऐसे में पूरे मसौढ़ी अनुमंडल के तीनों प्रखंड मिलाकर कुल 58 जगहों पर 14 दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। अनुमंडल में नियंत्रण कक्ष स्थापित किया गया है जो तीन पालियों में मुस्तैद रहेंगे। मसौढ़ी प्रखंड में कुल 25, धनरूआ प्रखंड में 18 और पुनपुन प्रखंड में 15 जगहों पर दंडाधिकारियों की प्रतिनियुक्ति की गई है। एसडीएम अमित कुमार पटेल ने होलिका दहन के दौरान सभी अस्पतालों को एंबुलेंस, क्यूआरटी टीम गठन और बिजली विभाग के पदाधिकारी को मुश्तैद रहने की हिदायत दी है।

इनर ह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र द्वारा होली मिलन समारोह का आयोजन

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। इनर ह्वील क्लब ऑफ पाटलिपुत्र ने रंगों के पर्व होली के शुभ अवसर पर अम्बुजा नेवटिया कॉमन हॉल में होली मिलन समारोह का आयोजन किया। इस उत्सव का नेतृत्व क्लब की अध्यक्ष संगीता गोयल ने किया। इस अवसर पर क्लब की सभी सदस्याओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और एक-दूसरे को रंग एवं गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। कार्यक्रम की शुरुआत गणेश वंदना से हुई जिसके बाद विभिन्न सांस्कृतिक प्रस्तुतियां, गीत-संगीत, होली की विशेष कविताएं और मनोरंजक खेल आयोजित किए गए। अध्यक्ष



संगीता गोयल ने कहा इनर ह्वील क्लब का उद्देश्य समाज में सद्भाव, सेवा और सहयोग की भावना को बढ़ावा देना है। इस तरह के आयोजन हमें आपस में जोड़ते हैं और सामाजिक कार्यों के प्रति हमारी प्रतिबद्धता को और मजबूत करते हैं। इस मौके पर क्लब की अन्य वरिष्ठ सदस्याओं ने भी अपने-अपने विचार व्यक्त किए और समाज सेवा के प्रति क्लब की भूमिका पर प्रकाश डाला। कार्यक्रम में स्वादिष्ट पारंपरिक व्यंजनों का भी आनंद लिया गया जिसमें विशेष रूप से ठंडई और गुझिया आकर्षण का केंद्र रहे। कार्यक्रम का समापन होली गीतों और नृत्य के साथ हुआ। सभी उपस्थित सदस्यों ने इस आयोजन को यादगार बनाने के लिए क्लब की पूरी टीम को बधाई दी। एम पी जैन ने बताया कि कार्यक्रम में पूर्व मंडला अध्यक्षा श्वेता सिंहा, वीणा जैन, क्लब अध्यक्षा संगीता गोयल, सचिव अपर्णा भारती, पूर्व अध्यक्षा सुनीता खेमका, बबीता बीदासरिया, कंचन रॉय, नीलू अरोड़ा, नीतू बिड़ला आदि उपस्थित थी। इस समारोह की व्यवस्था पूर्व अध्यक्षा सुमन माहेश्वरी, स्वाति मोदी, रुचिका अग्रवाल, सीमा पचीसिया, बिंदु चौधरी, श्रुति बंसल, सुधा बीदासरिया, सुधा चौधरी, कविता सुनीता ने बहुत सुन्दर तरीके से किया।

धनरूआ प्रखंड प्रमुख कार्यालय में होली मिलन समारोह



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। रंगों का त्योहार होली पर्व में आपसी एकता एवं भाईचारे के साथ धनरूआ में प्रखंड प्रमुख कार्यालय में सभी पंचायत समिति अन्य कर्मचारियों के साथ प्रखंड प्रमुख बबीता देवी की अध्यक्षता में होली मिलन कार्यक्रम किया गया जहां पर सभी पंचायत समिति अन्य कर्मचारी, सीओ, प्रखंड शिक्षा पदाधिकारी को रंग अबीर लगाकर होली की बधाई दी गई एवं सबको सम्मानित किया गया। इस मौके पर उप प्रखंड प्रमुख प्रेम कुमार ने बताया कि गुरुवार को धनरूआ प्रखंड कार्यालय के सभी कर्मचारियों के साथ रंग अबीर के साथ सबको शुभकामना दी गई है एवं आपसी सौहार्द के साथ होली मनाने की अपील की गई है। इस मौके पर बबीता देवी प्रखंड प्रमुख, प्रेम कुमार प्रखंड उप प्रमुख, धर्मेन्द्र रजक पंचायत समिति सदस्य, सुरेंद्र यादव, मथुरा प्रसाद, राज किशोर प्रसाद, धर्म वीर प्रसाद, चितरंजन पासवान, रवि जी, मंटू जी, शैलेन्द्र जी, सुजीत कुमार, अंचल अधिकारी श्वेता कुमारी, सांख्यिकी पदाधिकारी मिथलेश कुमार शामिल रहे।

एग्जीबिशन रोड में राजस्थानी परम्परा से मना होलिका दहन का त्योहार

नवबिहार टाइम्स ब्यूरो

पटना। मारवाड़ी समाज की महिलाओं के द्वारा राजधानी के एग्जीबिशन रोड में पूरी राजस्थानी संस्कृति से होलिका दहन का त्योहार विधि विधान से मनाया गया। इस मौके पर राजस्थानी समाज की महिलाओं ने पूरी संस्कृति के अनुसार होलिका दहन का त्योहार मनाया और ठंडी होलिका की पूजा की। इस संदर्भ में शक्तिधाम स्थित दादी जी मंदिर के मुख्य संस्थापक अमर कुमार अग्रवाल ने बताया कि वहां विगत 35 साल से होलिका दहन का कार्यक्रम मनाया जा रहा है जहां



राजस्थानी समाज की महिलाएं चुनरी पहनकर पूरी, हलवा व कच्चा सूत लेकर होलिका की परिक्रमा करती है और ठंडी होली की पूजा करती है। एम पी जैन ने बताया कि इस मौके पर निर्मल झुनझुनवाला, हनुमान गोयल, संतोष अग्रवाल, अक्षय अग्रवाल, राजकुमार अग्रवाल, प्रदीप पंसारी, शकुंतला अग्रवाल, रेखा मोदी, इंदिरा खंडेलवाल, सरोज बंका, सरिता बंका सहित बड़ी संख्या में मारवाड़ी समाज के लोगों ने होलिका दहन की पूजा अर्चना की।

होली मिलन समारोह का आयोजन



नवबिहार टाइम्स संवाददाता

बाढ़। स्थानीय अवर निबंधन कार्यालय में अवर निबंधक डॉक्टर रत्नामनी केसरी के नेतृत्व में वसीका नवीससंघ के सदस्य एवं कर्मचारियों के साथ एक-दूसरे को गुलाल लगाकर होली की बधाई दी। इस मौके पर डॉक्टर रत्नामनी केसरी ने कहा कि होली रंग उमंग और प्रेम का प्रतीक है। इस मौके पर वसीका नवीससंघ के अध्यक्ष गिरीश नंदन सिंह, कार्यालय कर्मी तरुण कुमार, राजन कुमार, गणेश कुमार, भूषण कुमार, दीपक कुमार, गौरव सिन्हा सहित कई कर्मी और दस्तावेज लेखक मौजूद थे।

बाइक सवार तीन युवक पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। कादिरगंज थाना क्षेत्र के बारिबिगहा के पास बाइक पर सवार तीन युवकों को कादिरगंज पुलिस ने पांच जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया। दरअसल पुलिस को गुप्त सूचना के आधार पर जानकारी मिली थी कि कुछ युवक गांव के आसपास मंडरा रहे हैं। शायद कोई अपराध की योजना बनाने में जुटे थे। ऐसे में तुरंत पुलिस ने छापेमारी की और भागते हुए सभी लफंगों को धर दबोचा। तलाशी के दौरान पांच जिंदा कारतूस, तीन मोबाइल और एक



बाइक को जब्त किया गया है। हालांकि उसके पास पिस्तौल की जानकारी मिली थी, लेकिन पुलिसिया तलाशी के दौरान कहीं फेंक देने की भी सूचना है। जांच के दौरान पिस्टल नहीं मिली है। पूछताछ के दौरान पता चला कि तीनों युवक जहानाबाद जिले के बीबीपुर पाली के रहने वाले हैं और यहां नाच देखने के लिए आए हुए थे। गिरफ्तार युवक का नाम विक्की कुमार पिता संजय प्रसाद, बीबीपुर पाली फिलहाल लग्नपट्टी अपने मामा के यहां रहता है, दूसरा साहिल कुमार पिता शास्त्री प्रसाद, तीसरा बृजेश कुमार दिनेश प्रसाद सभी बीबीपुर पाली जहानाबाद के रहने वाले हैं गिरफ्तार सभी युवकों का अपराधिक इतिहास खंगाला जा रहा है।

पीएम जन विकास कार्यक्रम के तहत पुनपुन में चार पुस्तकालय

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। प्रधानमंत्री जन विकास कार्यक्रम के तहत अल्पसंख्यक समुदाय के लोगों के जीवन की गुणवत्ता में सुधार लाने को लेकर शिक्षा, स्वास्थ्य, कौशल विकास, खेलकूद, पेयजल, स्वच्छता व सोलर एनर्जी के प्रोजेक्ट स्वीकृत किए जाएंगे। ऐसे में मसौढ़ी अनुमंडल के सभी प्रखंडों में योजना का चयन किया जा रहा है जहां पुनपुन में तीन उच्च विद्यालय में लाइब्रेरी नगर पंचायत के वार्ड नंबर 2 में पटेल पुस्तकालय, धनरूआ प्रखंड के मई नेतौल में डिजिटल लाइब्रेरी और सामुदायिक शौचालय योजना चयन किया गया है। गौरतलब है कि पीएम जन विकास कार्यक्रम हेतु पुनपुन में चार पुस्तकालय की योजना ली गई है जिसमें उच्च विद्यालय केवड़ा, उच्च विद्यालय लखना, उच्च विद्यालय डुमरी और नगर पंचायत वार्ड संख्या 2 में पटेल पुस्तकालय हैं की योजना ली गई है। सभी पुस्तकालय 1700 स्क्वायर फीट में बनेगा तकरीबन 47 लाख की लागत से यह बनाया जाएगा जिसका संचालन विद्यालय प्रबंधन समिति के द्वारा किया जाना है।

दो ऑटो पर लदी भारी मात्रा में शराब जब्त

मसौढ़ी (नबिटा सं.)। होली पर्व को लेकर चलाए जा रहे ऑपरेशन देसी शराब के दौरान मसौढ़ी पुलिस ने संघत पर मोहल्ले के पास दो ऑटो में लदा हुआ भारी पैमाने पर देसी शराब को जब्त किया। बताया जाता है कि संघत पर मुसहरी से देसी शराब पॉलिथीन में भरकर अन्यत्र जगह पर डिलीवरी करने की तैयारी थी। ऐसे में सूचना के आधार पर मिली जानकारी पर पुलिस ने दो ऑटो में लदा हुआ पॉलिथीन में भरा हुआ देसी शराब को जब्त किया गया जहां 156 लीटर देसी शराब है। वहीं शराब धंधेबाज भागने में सफल रहे। विजय यादवेंदु ने बताया कि संघतपर मुसहरी से कहीं और ले जाने की तैयारी में थे जिसे मौका रहते उसे जब्त कर लिया गया है अन्य बिंदुओं पर जांच चल रही है।

होली की पूर्व संध्या पर कई थानों की पुलिस ने शहर में निकला फ्लैग मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मसौढ़ी। होली पर्व और रमजान के जुम्मे को लेकर इन दिनों मसौढ़ी अनुमंडल के सभी पुलिस अलर्ट मोड पर हैं, ऐसे में होली की पूर्व संध्या पर मसौढ़ी थाने की पुलिस एवं धनरूआ थाने के पुलिस समेत कई थानों की पुलिस शहर में पैदल गश्ती का फ्लैग मार्च करते हुए पूरे शहर में एरिया डोमिनेशन की। मसौढ़ी थानाध्यक्ष विजय यादवेन्दु और धनरूआ के थानाध्यक्ष शुभेंदु कुमार ने बताया कि यह फ्लैग मार्च पूरे पुलिस टीम के साथ थाने से निकालकर पूरे शहर में भ्रमण कराया गया है। मसौढ़ी मुख्य शहर के अलावा रहमतगंज, मालिकाना, कश्मीरगंज, पुरानी बाजार, संगत पर मोहल्ले में गश्ती मार्च निकाला गया है। इसके अलावा धनरूआ में शाहरू बाजार पभेडा, छाती, कैली आदि जगहों पर फ्लैग मार्च करते हुए लोगों से शांति आपसी भाईचारा के साथ होली पर्व मनाने की अपील की है। इसके साथ ही माइकिंग के द्वारा होली में हुड़दंग करने वाले लोगों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा है कि अगर होली में कोई भी विधि व्यवस्था में बाधक बनेंगे तो उन पर पुलिस सख्त कार्रवाई होगी।

संपादकीय

राष्ट्रपति शासन के बाद भी मणिपुर में हिंसा का सिलसिला जारी

मणिपुर में हिंसा की ताजा घटनाएं यह बताने के लिए काफी हैं कि वहां शांति बहाल करने और समस्या का कोई ठोस हल निकालने के लिए अब तक जितने भी प्रयास किए गए, उनके पीछे दूरदर्शिता की कमी रही। हैरानी की बात यह है कि राज्य में हिंसा की शुरूआत के बाद मई में अब दो वर्ष हो जाएंगे। इसके कारण आमतौर पर स्पष्ट रहे हैं कि यह टकराव मैतेई समुदाय को जनजातीय दर्जा देने के मसले से पैदा हुआ। इसके बावजूद राज्य से लेकर केंद्र सरकार की ओर से ऐसा कोई हल या प्रस्ताव सामने नहीं आ सका है, जिस पर संबंधित पक्षों के बीच सहमति बने और राज्य में शांति कायम हो। यह एक तरह से राज्य सरकार की नाकामी ही थी कि चौतरफा और लगातार सवाल उठने के बीच वहां के मुख्यमंत्री को आखिर इस्तीफा देना पड़ा। उसके बाद लागू राष्ट्रपति शासन में भी हिंसक घटनाओं पर काबू पाने और स्थिति में सुधार के मोर्चे पर अब तक आश्वासनों से आगे बढ़ कर कुछ भी ऐसा नहीं किया जा सका है, जो जमीनी स्तर पर स्थानीय लोगों और खासतौर पर हिंसा प्रभावित समुदायों के भीतर विश्वास पैदा करे और वे राज्य में शांति बहाली में भागीदारी निभाएं। गौरतलब है कि मणिपुर के कांगपोकपी में शनिवार को इंफल-दीमापुर उच्च मार्ग पर कुकी समुदाय और सुरक्षाबलों के बीच झड़प हुई, जिसमें एक व्यक्ति की जान चली गई। वहीं इस टकराव में सत्ताईस से ज्यादा जवान घायल हो गए। दरअसल, केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने मणिपुर में सभी सड़कों पर वाहनों की स्वतंत्र आवाजाही को लेकर एक निर्देश जारी किया था। राज्य में सबसे ज्यादा प्रभावित समुदाय के स्थानीय लोगों ने निर्देश का व्यापक विरोध किया, जिसके बाद तनाव बढ़ गया और अब फिर अराजकता की स्थिति में कांगपोकपी में कई इलाकों में कर्फ्यू लगाने की नौबत आई। यह स्थिति तब है, जब मुख्यमंत्री के इस्तीफे के बाद वहां राष्ट्रपति शासन लगा दिया गया है, वहां के राज्यपाल ने उपद्रवियों से सभी लूटे गए हथियार जमा करने को कहा है। अब तक पांच सौ से ज्यादा हथियार जमा भी किए जा चुके हैं। मगर यह साफ है कि हिंसा को थामने और उससे भी ज्यादा समस्या के हल के लिए कुछ भी ऐसा ठोस नहीं किया गया है, जिससे स्थायी रूप से शांति कायम करने का कोई रास्ता निकले। सही है कि सड़कों पर बेरोकटोक आवाजाही सुनिश्चित करना स्थिति को सामान्य बनाने में एक सहायक कदम हो सकता है। लंबे समय से राज्य में जारी हिंसा के बीच संभवत-वहां के सभी प्रभावित लोग और समुदाय शांति की उम्मीद में होंगे। लेकिन यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि अगर यह समस्या के मूल कारणों को दूर किए बिना सतह पर कुछ किया जाता है, तो इसके नतीजे अनुकूल नहीं भी आ सकते हैं। ताजा हिंसा के बाद स्थानीय कुकी संगठनों की ओर से जैसी प्रतिक्रिया आई है, वह इसी का उदाहरण है। कुकी समुदाय का प्रतिनिधित्व करने वाले एक संगठन की ओर यह कहा गया कि वे शांति का समर्थन करते हैं, लेकिन इस तरह के उपायों से नाराजगी और संघर्ष की स्थिति पैदा होगी। राज्य में हिंसा की शुरूआत के करीब पौने दो वर्ष बाद भी अगर हालात में कोई सुधार आता नहीं दिख रहा है, तो यह सरकारों के भीतर ईमानदार राजनीतिक इच्छाशक्ति की कमी को ही दर्शाता है। जब तक स्थायी शांति के लिए राजनीतिक स्तर पर ठोस समाधान नहीं निकाला जाता, तब तक तात्कालिक उपायों का शायद कोई ठोस परिणाम सामने नहीं आएगा।

अमेरिका ने वैश्विक आर्थिक नीतियों पर लिया यू टर्न

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारत के पूंजी (शेयर) बाजार से अपना निवेश अक्टूबर 2024 माह से लगातार निकाल रहे हैं। फरवरी 2025 माह में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा 34,574 करोड़ रुपए (397 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक) की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से निकाला गया है। वर्ष 2025 में अभी तक 137,000 लाख करोड़ रुपए (1,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा निकाला जा चुका है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश निकालने के पीछे कई कारण गिनाए जा रहे हैं।



(प्रह्लाद सबनानी)

सितम्बर 2024 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारतीय कम्पनियों में किए गए निवेश का पोर्टफोलियो 40,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो आज गिरकर 30,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा गया है। इसमें 25 प्रतिशत की भारी भरकम गिरावट दर्ज की गई है।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारत के पूंजी (शेयर) बाजार से अपना निवेश अक्टूबर 2024 माह से लगातार निकाल रहे हैं। फरवरी 2025 माह में भी विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा 34,574 करोड़ रुपए (397 करोड़ अमेरिकी डॉलर से अधिक) की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से निकाला गया है। वर्ष 2025 में अभी तक 137,000 लाख करोड़ रुपए (1,600 करोड़ अमेरिकी डॉलर) से अधिक की राशि का निवेश भारतीय शेयर बाजार से विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा निकाला जा चुका है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों द्वारा भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश निकालने के पीछे कई कारण गिनाए जा रहे हैं। सबसे पहिले तो वित्तीय वर्ष 2024-25 के प्रथम एवं द्वितीय तिमाही में भारत के सकल घरेलू उत्पाद में वृद्धि दर में आई गिरावट एक मुख्य कारण रही इसके बाद सितम्बर 2024 तिमाही में भारतीय कम्पनियों की लाभप्रदता में आई कमी को दूसरे कारण के रूप में देखा गया। परंतु अब तो अमेरिका में नव निर्वाचित राष्ट्रपति ट्रम्प के प्रशासन द्वारा टैरिफ के संदर्भ में की जा रही नित नयी घोषणाओं को भी एक महत्वपूर्ण कारण माना जा रहा है। ट्रम्प प्रशासन ने चीन, कनाडा एवं मेक्सिको से अमेरिका में आयात किए जाने वाले विभिन्न उत्पादों पर टैरिफ की दर को बढ़ा दिया गया है और अब यह घोषणा भी की जा रही है कि भारत सहित विभिन्न देशों द्वारा अमेरिकी उत्पादों के आयात पर लगाए जाने वाले टैरिफ की तरह ही अमेरिका भी इन समस्त देशों से अमेरिका में होने वाले विभिन्न उत्पादों के आयात पर 2 अप्रेल 2025 से टैरिफ लगाएगा। ट्रम्प प्रशासन का तो यहां तक कहना है कि भारत अपने देश में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर तो 100 प्रतिशत तक का टैरिफ लगाता है अतः अब अमेरिका भी भारत से अमेरिका में होने वाले कुछ उत्पादों के आयात पर 100 प्रतिशत तक टैरिफ लगाएगा। इससे बहुत सम्भव है कि भारत के फार्मा क्षेत्र, ऑटोमोबाइल क्षेत्र, इंजीनीयरिंग क्षेत्र एवं सूचना प्रौद्योगिकी जैसे क्षेत्रों पर विपरीत प्रभाव पड़े।

विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारत के शेयर बाजार में किये गए निवेश का पोर्टफोलियो लगभग 20 प्रतिशत गिर गया है। विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को यह आभास हो रहा है कि इसमें अभी और गिरावट आ सकती है अतः विदेशी पोर्टफोलियो निवेशक भारतीय शेयर बाजार से अपना निवेश अभी भी लगातार निकाल रहे है। दूसरे, विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों को भारतीय बाजार तुलनात्मक रूप से महंगे लग रहे हैं क्योंकि चीन एवं कुछ अन्य देशों की कम्पनियों के शेयर इन देशों के शेयर बाजार में सस्ते में उपलब्ध हैं। अमेरिका में बांड यील्ड के उच्च स्तर (4.75 प्रतिशत से भी ऊपर) जाने के चलते भी अमेरिकी पोर्टफोलियो निवेशक भारत से अपना निवेश निकाल कर चीन, अमेरिका एवं अन्य इमर्जिंग बाजारों में निवेश कर रहे हैं। साथ ही, अंतरराष्ट्रीय बाजार में अमेरिकी डॉलर के लगातार मजबूत होते जाने से भारतीय रुपए पर लगातार दबाव बना हुआ है एवं भारतीय रुपए का अवमूल्यन हुआ है। हाल ही के समय में एक अमेरिकी डॉलर का मूल्य भारत के लगभग 88 रुपए के स्तर पर पहुंच गया है, इससे विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों की भारत के शेयर बाजार में होने वाली आय भी कम हुई है एवं उनकी लाभप्रदता पर विपरीत प्रभाव पड़ा है।

सितम्बर 2024 में विदेशी पोर्टफोलियो निवेशकों का भारतीय कम्पनियों में किए गए निवेश का पोर्टफोलियो 40,000 करोड़ अमेरिकी डॉलर का था जो आज गिरकर 30,400 करोड़ अमेरिकी डॉलर का रहा गया है। इसमें 25 प्रतिशत की भारी भरकम गिरावट दर्ज की गई है। 2 अप्रेल 2025 से ट्रम्प प्रशासन द्वारा भारत पर रेसिपरोकल टैरिफ लगाए जाने की घोषणा के चलते अभी भी भारतीय पूंजी बाजार पर लगातार दबाव बना रह सकता है। हालांकि, इसी समय में भारतीय संस्थागत निवेशक एवं खुदरा (रीटेल) निवेशक भारतीय कम्पनियों के शेयरों में भारी मात्रा में निवेश कर रहे हैं इसीलिए भारतीय शेयर बाजार बहुत अधिक नहीं गिरा है। परंतु फिर भी, भारतीय शेयर बाजार में माहौल तो बिगड़ ही रहा है।

अभी तक तो विकसित देशों द्वारा वैश्वीकरण की नीतियों के आधार पर अपनी आर्थिक नीतियां बनाई जा रही थीं एवं विश्व के अन्य विकासशील देशों पर यह दबाव बनाया जा रहा था कि वे भी इन नीतियों का अनुपालन करते हुए विश्व के विकसित देशों के लिए विकासशील देश अपने द्वार खोलें ताकि इन देशों के संस्थागत निवेशक विकासशील देशों के पूंजी बाजार में अपना निवेश बढ़ा सकें। जबकि आज, विशेष रूप से अमेरिका, वैश्वीकरण की नीतियों को धत्ता बताते हुए केवल अपने देश को प्रथम स्थान पर रखकर वैश्वीकरण की नीतियों के संदर्भ में यू टर्न लेता हुआ दिखाई दे रहा है। किसी भी देश के लिए टैरिफ को अंधाधुंध बढ़ाना दुधारी तलवार की तरह है। जिस भी देश में भारी मात्रा में टैरिफ बढ़ाए जा रहे हैं उस देश के नागरिकों पर निश्चित रूप से इन उत्पादों के महंगे होने के चलते भारी बोझ पड़ने की सम्भावना बढ़ जाती है। क्योंकि, टैरिफ बढ़ाए जाने वाले देश में आयात की जा रही वस्तुओं के महंगे होने का खतरा बढ़ता है जिससे उस देश में मुद्रा स्फीति की दर में वृद्धि होती है और आर्थिक मंदी की सम्भावना बढ़ती जाती है।

अमेरिका की देखा देखी अब रूस ने भी चीन से आयात किए जा रहे चारपहिया वाहनों पर टैरिफ लगाने की घोषणा कर दी है। चीन ने, आज रूस के 3/4 ऑटोमोबाइल बाजार पर अपना कब्जा कर लिया है। चीन ने हालांकि रूस में चार पहिया वाहनों के निर्यात के मामले में पश्चिमी देशों को झटका देते हुए अपना निर्यात रूस में बढ़ाया है। शुरू शुरू में तो रूस को यह सब अच्छा लगा परंतु अब उसे महसूस हो रहा है कि किसी भी उत्पाद के आयात के मामले में केवल एक देश पर निर्भरता उचित नहीं है। अतः अब रूस ने चीन से आयात किए जाने वाले चारपहिया वाहनों पर टैरिफ लगाना प्रारम्भ कर दिया है। साथ ही, रूस अब अपने देश में ही चारपहिया वाहनों का उत्पादन करने वाली विनिर्माण इकाईयों की स्थापना करना चाहता है ताकि रूस में ही रोजगार के नए अवसर निर्मित हो सकें।

टैरिफ युद्ध के चलते अमेरिका में भी आर्थिक मंदी का खतरा बढ़ता जा रहा है। हालांकि इसकी सम्भावना वर्ष 2024 में भी की जा रही है। जे पी मोर्गन ने पूर्व में अपने एक आंकलन में बताया था कि अमेरिका में आर्थिक मंदी की सम्भावना 17 प्रतिशत है जबकि अब अपनी एक नई रिसर्च के आधार पर एक आंकलन में बताया है कि अमेरिकी में आर्थिक मंदी की सम्भावना 31 प्रतिशत तक बढ़ गई है। इसी प्रकार गोल्डमैन सैचस ने भी पूर्व में अमेरिका में आर्थिक मंदी की 14 प्रतिशत की सम्भावना व्यक्त की थी जो अब बढ़कर 24 प्रतिशत हो गई है। अमेरिका अपने देश में विभिन्न वस्तुओं के आयात पर टैरिफ लगा रहा है क्योंकि अमेरिका को ट्रम्प प्रशासन एक बार पुनः वैभवशाली बनाना चाहते हैं परंतु इसका अमेरिकी अर्थव्यवस्था पर ही विपरीत प्रभाव होता हुआ दिखाई दे रहा है। अमेरिकी शेयर बाजार नसदक पिछले माह के दौरान 7 प्रतिशत से अधिक नीचे आया है, डाउ जोनस 4 प्रतिशत के आसपास नीचे आया है एवं एसएंडपी-500, 5 प्रतिशत के आसपास टूटा है। अमेरिका में जनवरी 2025 माह में उपभोक्ता खर्च में 0.2 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। किसी भी अर्थव्यवस्था के विकास के लिए उपभोक्ता खर्च में वृद्धि बहुत महत्वपूर्ण भूमिका अदा करती है। इसके साथ ही, ट्रम्प प्रशासन के टैरिफ सम्बंधी निर्णयों की घोषणा में भी एकरूपता नहीं है। कभी किसी देश पर टैरिफ बढ़ाने के घोषणा की जा रही है तो कभी इसे वापिस ले लिया जा रहा है, तो कभी इसके लागू किए जाने के समय में परिवर्तन किया जा रहा है, तो कभी इसे लागू करने की अवधि बढ़ा दी जाती है। कुल मिलाकर, अमेरिकी पूंजी बाजार में सधे हुए निर्णय होते हुए दिखाई नहीं दे रहे हैं इससे पूंजी बाजार में निवेश करने वाले निवेशकों का आत्मविश्वास टूट रहा है। और, अंततः इस सबका असर भारत सहित अन्य देशों के पूंजी (शेयर) बाजार पर पड़ता हुआ भी दिखाई दे रहा है।

हालांकि अमेरिकी अर्थव्यवस्था का मूलभूत आधार बहुत मजबूत बना हुआ है। अमेरिका में फरवरी 2025 माह में 150,000 रोजगार के नए अवसर निर्मित हुए हैं, यह आर्थिक मंदी का चिन्ह तो नहीं हो सकता है, बल्कि यह तो मजबूत अमेरिकी अर्थव्यवस्था का संकेत है। हां, अमेरिकी अर्थव्यवस्था की विकास दर में कुछ कमी आ सकती है। मोर्गन स्टैनली के एक अनुमान के अनुसार अमेरिका में इस वर्ष विकास दर घटकर 1.5 प्रतिशत के स्तर पर आ सकती है। अमेरिका में धीमी हो रही आर्थिक विकास की दर के चलते अमेरिकी फेडरल रिजर्व, बहुत सम्भव है कि, यू एस फेड रेट (ब्याज दर) में कमी की शीघ्र ही घोषणा करे, इससे अमेरिका में बांड यील्ड में कमी आ सकती है एवं अमेरिकी डॉलर पर दबाव बढ़ सकता है, इससे रुपए को मजबूती मिल सकती है एवं अंततः विदेशी पोर्ट फो लियो निवेशक एक बार पुनः वापिस भारत लौट सकते हैं।

(लेखक सेवानिवृत्त उपमहाप्रबंधक, भारतीय स्टेट बैंक)

आखिर क्यों होलिका दहन की राख को घर ले जाया जाता है? जानें इसके पीछे के नियम

(दिव्यांशी भदौरिया)

सनातन धर्म में होली का त्योहार का विशेष महत्व है। होलिका दहन को शुभता और सकारात्मकता का प्रतीक माना जाता है। क्या आप जानते हैं कि घर में होलिका दहन की राख क्यों ले जाते हैं और इसके पीछे के क्या नियम है, आइए आपको बताते हैं।



फाल्गुन मास की पूर्णिमा तिथि को होली का पर्व मनाया जाता है। होली का त्योहार बुराई पर अच्छाई का प्रतीक है। छोटी होली को होलिका दहन होता है। धार्मिक मान्यता के अनुसार, होलिका दहन का त्योहार सुख-समृद्धि और व्यक्ति के जीवन में चल रही परेशानियों को दूर करता है। यदि आपके जीवन में नकारात्मक ऊर्जा का संचार हो रहा है, तो होलिका दहन के दिन आप होलिका दहन के दिन होलिका अग्नि की पूजा और परिक्रमा लगाने से उत्तम फलों की प्राप्ति हो सकती है। अब आपको बताते हैं होलिका दहन की राख को घर ला सकते हैं। आइए इस लेख में आपको बताते हैं।

होलिका दहन के बाद इसकी राख को अपने घर में लेकर जरुर आना चाहिए। इस राख को बेहद ही पवित्र माना जाता है। होलिका की राख घर की नकारात्मक ऊर्जा को दूर करता है और सकारात्मक ऊर्जा का संचार करती है। होलिका की राख को घर के दक्षिण-पूर्व कोने में रखने से वास्तु दोष दूर होते हैं। अगर घर में कोई बीमार है। तो होलिका की राख को उसके सिरहाने रखने से रोग मुक्ति होती है। होलिका की राख को कपड़े में बांधकर घर के गुप्त स्थान पर रखने से बुरी नजर से बचाव होता है।

होलिका की राख को घर में रखने के नियम

* होलिका अग्नि की राख को सही दिशा और स्थान पर रखने से लाभ होते हैं।

*होलिका की अग्नि को राख को घर के किसी कोने में रख सकते हैं।

*होली की राख को घर के मुख्य द्वार के पास रख सकते हैं।

*होलिका की राख को ज्यादा दिन तक घर में नहीं रखना चाहिए, कुछ दिनों के बाद इसे किसी पवित्र जगह जैसे पेड़ के नीचे या नदी में विसर्जित कर देना चाहिए।

होली का महत्व, 'रंगों का त्यौहार'

(संदीप राजपूत)

होली, भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है, होली रंगों और खुशियों का प्रतीक है। इसे 'रंगों का त्यौहार' भी कहा जाता है, क्योंकि इस दिन लोग एक-दूसरे को रंग और गुलाल लगाते हैं। होली का त्यौहार हिन्दू पंचांग के अनुसार फाल्गुन मास की पूर्णिमा को मनाया जाता है, जो मार्च महीने में आता है। होली हिंदूओं का प्रमुख त्योहार है।

भारतीय त्योहारों में होली का बहुत महत्व है। होली भारत के प्रमुख त्योहारों में से एक है। होली को फाल्गुन 'या वसंत ऋतु के आगमन के लिए महत्वपूर्ण माना जाता है इसे फाल्गुन मास की पूर्णिमा के दिन मनाया जाता है। होली का त्योहार सर्दियों के मौसम के अंत का भी प्रतीक है। यह बहुत सारे रंग, पानी के फुहारे, और गुब्बारों के संग इस दिन को और रंगीन कर देता है। होली एक सौहार्दपूर्ण त्यौहार है, जिसमें लोग वर्षों पुरानी दुश्मनी, लड़ाई, झगड़ा भुलाकर एक दूसरे से गले मिल जाते हैं, इसीलिए इस त्यौहार को दोस्ती का भी प्रतीक कहा गया है। इस दिन समाज में कोई ऊंच-नीच नहीं देखता। सभी लोग एक दूसरे को गले लगा कर होली का त्यौहार मनाते हैं। इससे समाज में ऊंच-नीच की खाई कम होती है इसलिए यह त्यौहार सामाजिक महत्व भी रखता है। इस दिन सभी लोग आपस के गिले शिकवे मिटा कर मिलते है और सभी को रंग लगाकर होली की शुभकामनाएं देते है। होली के दिन बुराई पर अच्छाई की जीत हुई थी इसलिए लोगों को इस त्यौहार से शिक्षा मिलती है कि चाहे बुराई कितनी भी बड़ी क्यों ना हो, हमेशा अच्छाई की जीत होती है इसलिए वह हमेशा अच्छे रास्ते को ही अपनाए। होली का महत्व हमारे जीवन के हर पहलू में महसूस किया जाता है क्योंकि इस दिन हम अपने मतभेदों को भूल जाते हैं और त्योहार की खुशियों को साझा करने के लिए एक-दूसरे को गले लगाते हैं। भारत में होली का त्यौहार सभी के जीवन मे बहुत सारी खुशियॉ और रंग भरता है, लोगों के जीवन को रंगीन बनाने के कारण इसे आमतौर पर 'रंग महोत्सव' कहा गया है। यह लोगो के बीच एकता और प्यार लाता है। बुराई पर अच?छाई की जीत की प्रतीक होली का सामाजिक महत?व भी है। यह एक ऐसा पर्व होता है जब लोग आपसी मतभेद भुलाकर एक हो जाते हैं। मान?यता है कि इस दिन अगर किसी को लाल रंग का गुलाल लगाया जाए तो सभी तरह के मनभेद और मतभेद दूर हो जाते हैं। क?योंकि लाल रंग प?यार और सौहार्द का प्रतीक होता है।

भारत में होली का जश्न मनाने के लिए यह हैं बेहतरीन जगहें

रंगों का त्योहार होली बस आने ही वाला है। इस साल यह त्यौहार 14 मार्च को मनाया जाएगा। इस खास मौके के लिए बस कुछ ही दिन बचे हैं, लोग अभी से ही मौज-मस्ती करने के लिए सबसे अच्छी जगहों की तलाश शुरू कर रहे हैं। अगर आप भी होली मनाने की योजना बना रहे हैं, लेकिन उलझन में हैं कि कहां जाकर होली मनाएं, तो चिंता न करें, हम आपकी मदद के लिए मौजूद हैं। आइए आपको बताते हैं आप इन जगहों पर कैसे पहुंचें।

(दिव्यांशी भदौरिया)

होली का त्योहार आने में अब ज्यादा दिन नहीं बचें। अगर आप भी होली का त्योहार शानदार बनाना चाहते हैं, तो आप इन जगहों पर जा सकते हैं। जाने से पहले जाने कितना खर्चा और कैसे पहुंचें। इस लेख में हमने बताया है कि दिल्ली से बस या ट्रेन के माध्यम से वहां कैसे पहुंचा जाए और इसकी लागत क्या होगी।

रंगों का त्योहार होली बस आने ही वाला है। इस साल यह त्यौहार 14 मार्च को मनाया जाएगा। इस खास मौके के लिए बस कुछ ही दिन बचे हैं, लोग अभी से ही मौज-मस्ती करने के लिए सबसे अच्छी जगहों की तलाश शुरू कर रहे हैं। अगर आप भी होली मनाने की योजना बना रहे हैं, लेकिन उलझन में हैं कि कहां जाकर होली मनाएं, तो चिंता न करें, हम आपकी मदद के लिए मौजूद हैं। आइए आपको बताते हैं आप इन जगहों पर कैसे पहुंचें।

वृंदावन– वृंदावन को भगवान कृष्ण की पवित्र जन्मभूमि माना जाता है। इसे होली मनाने के लिए सबसे फेमस स्थानों में से एक माना जाता है। यह शहर सबसे बेहतरीन होली अनुभव प्रदान करता है, यहां पर लोग सड़कों पर नृत्य करते हैं और एक साथ भक्ति गीत गाते हैं मिल जाएंगे।

दिल्ली से वृंदावन कैसे पहुंचें?

-ट्रेन से- वृंदावन पहुंचने का सबसे आसान और किफ़ायती तरीका ट्रेन से जाना है। दिल्ली के हज़रत निज़ामुद्दीन रेलवे स्टेशन या नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से मथुरा जंक्शन तक कुछ ट्रेनें चलती हैं, जो मुख्य शहर से लगभग 15 किमी दूर है।

मथुरा से, आप वृंदावन पहुंचने के लिए टैक्सी या स्थानीय बस ले सकते हैं। यात्रा में लगभग 2 से 3 घंटे लगते हैं। कई ट्रेन विकल्प हैं, जिनमें से कोई भी चुन सकता है, प्रत्येक का किराया 180 रुपये से 800 रुपये के बीच है।



- बस के द्वारा- वृंदावन के लिए बसें दिल्ली के विभिन्न स्थानों से रवाना होती हैं, जिनमें कश्मीरी गेट आईएसबीटी और आनंद विहार बस टर्मिनल शामिल हैं। इच्छुक लोग निजी और सरकारी दोनों तरह की बसों से यात्रा कर सकते हैं। ट्रैफ़िक की स्थिति के आधार पर यात्रा में लगभग 3 से 4 घंटे लगेंगे। बस ऑपरेटर और यात्रा के समय के आधार पर किराया 240 रुपये से 500 रुपये तक होगा।

वाराणसी– वाराणसी अपने घाटों और गंगा आरती के लिए ज़्यादा मशहूर है, लेकिन होली का अनुभव भी अनोखा होता है। सबसे रोमांचक उत्सव गंगा के किनारे घाटों पर होता है, जहां दुनिया भर के लोग एक साथ आते हैं और दिन का आनंद लेते हैं।

दिल्ली से वाराणसी कैसे पहुंचें?

- ट्रेन से- दिल्ली-वाराणसी सुपरफास्ट एक्सप्रेस या शताब्दी एक्सप्रेस वाराणसी जाने वाले यात्रियों के लिए लोकप्रिय विकल्प हैं। ये ट्रेनें नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से रवाना होती हैं और लगभग 12 से 14 घंटे में वाराणसी जंक्शन पहुँचती हैं, जिससे यह एक आरामदायक रात भर की यात्रा बन जाती है।

- बस द्वारा- हालांकि वाराणसी दिल्ली से काफी दूर है (लगभग 800 किमी), आप लंबी दूरी की बस यात्रा का विकल्प भी चुन सकते हैं। बसें कश्मीरी गेट आईएसबीटी और आनंद विहार बस टर्मिनल से चलती हैं। सड़क की स्थिति के आधार पर यात्रा में 14 से 16 घंटे लग सकते हैं। आपको यहां से 540 से 1400 रुपये बस किराया लगेगा।

पुष्कर – राजस्थान राज्य में स्थित पुष्कर न केवल अपनी मनमोहक झील के नजारों और ऊंट मेले के लिए प्रसिद्ध है, बल्कि अपने अनोखे होली इवेंट के लिए भी जाना जाता है। होली की मस्ती, सड़कों पर रंगों की होली और बहुत कुछ के कारण इस जगह पर बड़ी संख्या में लोग आते हैं।

दिल्ली से पुष्कर कैसे पहुंचें?

- ट्रेन से- ट्रेन से पुष्कर पहुंचने के लिए, आप नई दिल्ली रेलवे स्टेशन से अजमेर जंक्शन तक ट्रेन से जा सकते हैं, जिसमें लगभग 6 से 7 घंटे लगते हैं। अजमेर से पुष्कर लगभग 15 किलोमीटर दूर है। इच्छुक लोग शहर तक पहुंचने के लिए टैक्सी या बस ले सकते हैं, जिसमें कम से कम 30 मिनट लगेंगे।

- बस से- पुष्कर के लिए बसें दिल्ली के कश्मीरी गेट आईएसबीटी और आनंद विहार बस टर्मिनल से भी चलती हैं। सड़क की स्थिति और ट्रैफ़िक के आधार पर पुष्कर तक बस यात्रा में लगभग 10 से 12 घंटे लगते हैं। बस और ट्रेन के प्रकार के आधार पर, दोनों परिवहन 700 रुपये से 5,000 रुपये के बीच की कीमत में कवर किए जा सकते हैं।

संक्षिप्त समाचार

आदिवासियों के सुप्रसिद्ध पर्व करम महोत्सव पर विधायक हुए शामिल

टुण्डी/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। पूर्वी टुंडी प्रखंड के महुआडाबर गांव में आदिवासियों के सुप्रसिद्ध पर्व करम महोत्सव पर टुंडी विधायक मथुरा प्रसाद महतो अपने सभी समर्थकों के साथ हुए शामिल जहां आदिवासी भाई



बहनों ने अपने लोकप्रिय विधायक को माला पहनाकर भव्य स्वागत किया तथा उनके स्वागत में मांदर के थाप पर गीत नृत्य प्रस्तुत किया गया साथ ही विधायक ने करम महोत्सव की पावन बेला में सभी आदिवासी भाई बहनों एवं समाज से जुड़े लोगों को हार्दिक शुभकामनाएं दिया एवं पर्व पर सभी को दीघार्यु होने की कामना किया। मौके पर पूर्वी टुंडी झामुमो प्रखंड सचिव रामचन्द्र मुर्मू,के के तिवारी, समेत बड़ी संख्या में आदिवासी समुदाय के लोग उपस्थित थे।

चेक बाउंस मामले के वारंटी को न्यायिक हिरासत भेजा गया

हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। इचाक प्रतिनिधि इचाक थाना क्षेत्र के बरियठ गांव निवासी वासुदेव कुमार मेहता को चेक बाउंस मामले में पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। बासुदेव के खिलाफ राजकुमार मेहता ने मामला दर्ज कराया गया था। राजकुमार ने बताया कि निजी काम के लिए वासुदेव कुमार मेहता ने चार लाख 60 हजार लिया था। दो महीना बीतने के बाद कई बार रुपया वापस मांगा पर टालता चला गया। जिसके बाद न्यायालय का सहारा लिया, उसे गिरफ्तार कर जेल भिजवाया। इस संबंध में कई बार हमने गांव के सामाजिक तौर तरीके से पंचायत भी बैठाया। लेकिन उस पर वासुदेव कुमार मेहता ने अमल नहीं किया था। फिलहाल वासुदेव कुमार मेहता के ऊपर इस तरह के कई मामले हैं। अभी फिलहाल बासुदेव कुमार मेहता ने एचपी गैस का डीलरशिप चल रहा था। थाना प्रभारी संतोष कुमार सिंह ने कहा कि इस तरह से ठगे आदमी को कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा नियम कानून के दायरे में वैसे वारन्टी लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेजा जाएगा।

इनाम की घोषणा कर 18 अपराधियों पर शिकंजा कसेगी पुलिस

जमशेदपुर/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। अपराधियों पर शिकंजा कसने के लिए जमशेदपुर पुलिस उनपर इनामी राशि तय करने जा रही है। फिलहाल जमशेदपुर के 5 प्रमुख समेत 18 अपराधियों पर पुलिस शिकंजा कसेगी, जो लम्बे समय से फरार चल रहे हैं। उनपर इनाम का प्रस्ताव पुलिस मुख्यालय भेजा जाएगा। स्वीकृति मिलने के बाद उसके आधार पर कार्रवाई की जाएगी। अपराधियों पर कार्रवाई के लिए जिला पुलिस एसटीएफ तैयार करेगी, जिसका काम ही फरार अपराधियों के खिलाफ लगातार कार्रवाई करना होगा। पहले ही फरार अपराधियों की संपत्ति यदि कुर्क हो गई होगी तो वर्तमान में उसके द्वारा कहां संपत्ति अर्जित की जा रही है, उसका पता लगाकर कार्रवाई की जाएगी।

टाटीझरिया के मां सती आरोग्य अस्पताल में होली मिलन समारोह का आयोजन

हजारीबाग/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। टाटीझरिया के मां सती आरोग्य अस्पताल में बुधवार को होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित लोगों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाया और गले मिला। सभी लोगों ने लजीज व्यंजनों का मजा लिया। अस्पताल प्रबंधक प्रभात चौधरी, गौरव चौधरी और मनीष चौधरी ने कहा कि होली भाईचारे का त्योहार है। इसे प्रेम और सौहार्द के साथ मनाना चाहिए। मौके पर मुखिया सुरेश यादव, मुखिया प्रतिनिधि उपेंद्र पांडेय, योधी प्रसाद यादव, एमके पाठक, रवि सिंह, कैलाशपति सिंह, महेश अग्रवाल, सुरेश प्रसाद, लालमोहन कुमार महतो, होपन सिंह, शैलेश सिंह, सहदेव गोप, सीताराम महतो, डॉ. शुभम सिंह, डॉ. एमके सिन्हा, राहुल मिश्रा, संदीप साव, हरेंद्र कुमार, अमित साव, निशी कुमारी, कौशल्या कुमारी, संतोष कुमार मौजूद रहे।

शंख नदी संगम तट से बदस्तूर जारी है अवैध बालू का उठाव

सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। शंख नदी संगम तट से अवैध रूप से बालू का उठाव बदस्तूर जारी है। स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि हर दिन संगम घाट से सुबह से 9:00 बजे तक दर्जनों ट्रैक्टर द्वारा अवैध रुप से ट्रैक्टर से बालू का उठाव किया जाता है। ग्रामीणों ने कांग्रेस नेता प्रदीप केसरी को बताया कि ट्रैक्टर चालकों द्वारा स्थनीय ग्रामीणों को प्रति ट्रैक्टर सिर्फ 200 रुपए दिया जाता है। जबकि शहर में प्रति ट्रैक्टर 2500 रुप से लेकर 3000 रुपए की दर से बचते हैं। इधर प्रदीप केसरी ने कहा कि एक तरफ खनन विभाग दावा करता है कि बालू की अवैध कार्य बंद है। जबकि जिले में बहने वाली नदियों से अवैध बालू का उठाव लगातार जारी है। शंख नदी घाट के पथ में काफी मात्रा में बालू गिरने के कारण लोगों को आवागमन में कई तरह की परेशानी होती है। वहीं सड़क दुर्घटना भी होते रहता है।

क्रशर में काम करने वाले मजदूर का शव बरामद

कोडरमा/डोमचांच/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। थाना क्षेत्र अंतर्गत ताराटांड में बुधवार अलसुबह एक व्यक्ति का शव बरामद हुआ है। मृतक की पहचान दारको टूडू भेलवाघाटी,जिला गिरिडीह निवासी के रूप में की गई है। मृतक क्रशर मील में मजदूरी का काम करता था। मृतक का पैर कटा हुआ था। इससे आशंका जताई गई है कि मजदूर का क्रशर मशीन में फंसने से मौत हुई है। जानकारी के अनुसार मृतक क्रशर में मजदूरी का काम करता था। इसी दौरान रात में क्रशर मशीन चलाने के दौरान मशीन में फंसने से युवक की मौत हो गई। सुबह ग्रामीणों ने मजदूर का शव देखकर घटना की सूचना थाना को दी। थाना प्रभारी ओम प्रकाश घटनास्थल पर पहुंचे और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया। जबकि पुलिस पूरे मामले की जांच कर रही है। थाना प्रभारी ओम प्रकाश ने कहा कि मामले की जांच जारी है। इधर घटना की खबर सुनकर मृतक के परिजन कोडरमा पहुंचे। इस दौरान मृतक के परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल था।

होलिका दहन की तैयारी में जुटे लोग, बाजार में लुभा रही है गेहुं एवं चने की बालियां

सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिले में 13 मार्च की रात 10:37 बजे के बाद होलिका दहन होगी। इसको लेकर तैयारी शुरू कर दी गई है। होलिका दहन वाले स्थानों में लोग लकड़ी एकत्र करने में जुटे हैं। होलिका दहन वाले स्थानों को गोबर से लिपा जा रहा है। वहीं बाजारों में गेहुं, चना, जौ की हरी बालियां लोगों को लुभा रही है। बताया गया कि होलिका दहन के समय लोग गेहुं, चना, जौ की हरी बालियां को सेंक कर प्रसाद के रुप में ग्रहण करते हैं। इधर वक्त के साथ-साथ जिला में होलिका दहन का स्वरुप भी बदला है। बताया गया कि पूर्व में जिला मुख्यालय में नीचे बाजार दुर्गा पूजा पंडाल परिसर में ही सिर्फ होलिका दहन का वृहद आयोजन होता था। जहां पूरे गांव के लोग जुटते थे। लेकिन अब शहर के कई जगहो में होलिका दहन का आयोजन हो रहा है और मुहल्लो के हिसाब से लोग अपना कार्यक्रम तय कर रहे है। अब होलिका दहन में गोबर से बने गोईठा और बडकुले भी कम ही नजर आते है।

नशे की हालत में वाहन नहीं चलाने का सीओ का सख्त निर्देश

लातेहार/बेतला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। बरवाडीह के सीओ मनोज कुमार ने होली के दौरान किसी भी सूरत में चालकों को नशे की हालत में कोई वाहन नहीं चलाने और सड़कों के किनारे किसी भी तरह के दुकान नहीं लगाने का सख्त निर्देश दिया है। वहीं सीओ ने आदेश की अनदेखी किए जाने की दशा में पकड़े जाने पर दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करने की बात कही है।इसबारे में सीओ कुमार ने कहा कि नशे की हालत में वाहन चलाना या फिर सड़कों के किनारे दुकान लगाना दोनों ही गलत हैं। ऐसे में हमेशा कोई अप्रिय घटना घटने की संभावना बनी रहती है।

विश्व किडनी दिवस : गुर्दे स्वस्थ रखने के लिए समय रहते जांच कराएं : मोशीर आलम

पटना/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। हर वर्ष मार्च के दूसरे गुरुवार को विश्व किडनी दिवस मनाया जाता है, जिसका उद्देश्य किडनी से संबंधित बीमारियों के प्रति जागरूकता बढ़ाना है। इस वर्ष, 13 मार्च 2025 को, विश्व किडनी दिवस की थीम है: 'क्या आपकी किडनी ठीक है? जल्दी पहचानें, किडनी स्वास्थ्य की रक्षा करें'।

किडनी: शरीर का महत्वपूर्ण अंग

किडनी हमारे शरीर में महत्वपूर्ण भूमिका निभाती हैं। वे रक्त को फि ल्टर करके विषाक्त पदार्थों को निकालती हैं, शरीर में द्रव और इलेक्ट्रोलाइट संतुलन को बनाए रखती हैं, और रक्तचाप को नियंत्रित करती हैं। किडनी की सही कार्यप्रणाली के बिना, शरीर में विषाक्त पदार्थ जमा हो सकते हैं, जिससे गंभीर स्वास्थ्य समस्याएं हो सकती हैं।

किडनी रोग: एक छुपा खतरा

किडनी रोगों को अक्सर 'साइलेंट किलर' कहा जाता है क्योंकि उनके लक्षण प्रारंभिक चरण में स्पष्ट नहीं होते। भारत में, क्रोनिक किडनी रोग (सीकेडी) एक बढ़ती हुई स्वास्थ्य चिंता है, जो चुपचाप लाखों लोगों को प्रभावित कर रही है। मुख्य जोखिम कारकों में मधुमेह, उच्च रक्तचाप, हृदय रोग, मोटापा और किडनी रोग का पारिवारिक इतिहास शामिल हैं।

गुर्दे का इतिहास और रोगों की पृष्ठभूमि

प्राचीन काल से ही गुर्दे को शरीर का "फि ल्टर प्लांट" माना जाता रहा है। आयुर्वेद में इसे "वृक्क" कहा गया और इसके कार्यों को "मल शोधन" से जोड़ा। 19वीं सदी में वैज्ञानिकों ने गुर्दे की संरचना और क्रिया को समझा। 1940 के दशक में डायलिसिस मशीन का आविष्कार हुआ, जिसने गुर्दा खराब होने पर जीवनरक्षा का मार्ग खोला।

भारत में किडनी चिकित्सा का इतिहास

भारत में नेफ्रोलॉजी की शुरूआत 1960 के दशक में हुई। 1971 में क्रिश्चियन मेडिकल कॉलेज (उटउ), वेल्लोर ने देश का पहला सफल किडनी ट्रांसप्लांट किया। 1980 तक एम्स, दिल्ली और PGIMER, चंडीगढ़ जैसे संस्थानों ने डायलिसिस और ट्रांसप्लांट सेवाएं शुरू कीं। भारत में आधुनिक नेफ्रोलॉजी की शुरूआत 1956 में हुई, जब पहली बार किडनी बायोप्सी की गई थी। यह घटना भारत में नेफ्रोलॉजी को एक विशेष चिकित्सा शाखा के रूप में मान्यता दिलाने में महत्वपूर्ण साबित हुई। पिछले पांच दशकों में, भारतीय नेफ्रोलॉजी ने उल्लेखनीय प्रगति की है, जिससे किडनी रोगों के निदान और उपचार में सुधार हुआ है। आंकड़े चौंकाने वाले : भारत में 1.5 लाख से अधिक लोग प्रतिवर्ष गुर्दा रोगों से मरते हैं। इंडियन सोसाइटी ऑफ नेफ्रोलॉजी के अनुसार, 17% भारतीय क्रोनिक किडनी डिजीज से पीड़ित हैं।

- कारण: मधुमेह (37%), उच्च रक्तचाप (24%), और संक्रमण प्रमुख कारक।
- सुविधाएं: 2016 में शुरू राष्ट्रीय डायलिसिस कार्यक्रम के तहत 800+ केंद्र सक्रिय। आज भी 90% ग्रामीण रोगी समय पर इलाज से वंचित।

बिहार में किडनी स्वास्थ्य की स्थिति

बिहार में किडनी रोगों की बढ़ती संख्या चिंता का विषय है। बिहार में गुर्दा रोगों का प्रसार राष्ट्रीय औसत से अधिक है। राज्य स्वास्थ्य विभाग 2023 के अनुसार:

- 2.3 करोड़ लोग उच्च रक्तचाप और 1.1 करोड़ मधुमेह से पीड़ित, जो CKD के प्रमुख कारण हैं।
- 2025 तक राज्य में 50+ डायलिसिस केंद्रों की योजना, परंतु अभी केवल 30 सक्रिय। राज्य में जागरूकता की कमी, प्रारंभिक पहचान की अनुपलब्धता, और सीमित चिकित्सा सुविधाएं इस समस्या को और बढ़ा रही हैं। पटना में सिटी डायलिसिस सेंटर के निदेशक श्री मुशीर आलम ने बताया कि मैंने देखा है कि कई मरीज देर से आते हैं, जब किडनी की क्षति अपरिवर्तनीय हो चुकी होती है।

प्रारंभिक पहचान का महत्व

किडनी रोगों की प्रारंभिक पहचान और रोकथाम के लिए जागरूकता अत्यंत महत्वपूर्ण है। नियमित स्वास्थ्य जांच, विशेष रूप से यदि आप जोखिम कारकों के अंतर्गत आते हैं, आवश्यक है। स्वस्थ जीवनशैली, संतुलित आहार, नियमित व्यायाम, और धूम्रपान तथा अत्यधिक शराब के सेवन से बचना किडनी स्वास्थ्य को बनाए रखने में सहायक हैं।

बिहार में किडनी स्वास्थ्य के लिए आवश्यक कदम

बिहार में किडनी स्वास्थ्य में सुधार के लिए निम्नलिखित कदम उठाए जाने चाहिए:

1. जागरूकता कार्यक्रम: ग्रामीण और शहरी क्षेत्रों में किडनी स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए नियमित कार्यक्रम आयोजित किए जाने चाहिए।
2. नियमित स्वास्थ्य जांच: प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्रों में नियमित किडनी जांच की सुविधा उपलब्ध कराई जानी चाहिए।
3. चिकित्सा सुविधाओं का विस्तार: राज्य में डायलिसिस केंद्रों और नेफ्रोलॉजी विशेषज्ञों की संख्या बढ़ाई जानी चाहिए।
4. स्वस्थ जीवनशैली को प्रोत्साहन: स्कूलों और समुदायों में स्वस्थ आहार और व्यायाम के महत्व पर शिक्षा दी जानी चाहिए।

विश्व किडनी दिवस 2025 का यह संदेश है कि हम सभी अपनी किडनी के स्वास्थ्य के प्रति सचेत रहें। प्रारंभिक पहचान और उचित देखभाल से किडनी रोगों को रोका जा सकता है। आइए, हम सब मिलकर इस दिशा में कदम बढ़ाएं और एक स्वस्थ समाज का निर्माण करें।

पतंजली आरोग्य केंद्र का उद्घाटन

कोडरमा/चंदवारा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। चंदवारा में पतंजलि आरोग्य केंद्र का उदघाटन बरही विधायक मनोज कुमार यादव ने बुधवार को किया। विधायक ने कहा कि वर्तमान समय में आयुर्वेद की ओर लोग जा रहे हैं। आयुर्वेद केवल रोगों का इलाज नहीं करता है, बल्कि शरीर और मन के संतुलन को बनाए रखता है। इससे व्यक्ति स्वस्थ, उजार्वान बना रहता है। आयुर्वेद चिकित्सा देश की प्राचीन स्वास्थ्य प्रणाली है, जो प्राकृतिक उपचारों पर आधारित है। स्वस्थ्य शरीर के लिए आयुर्वेद सबसे बेहतर विकल्प है। इसे अपनाकर लोग वर्षों तक बीमारियों से दूर रह सकता है। केंद्र संचालक रविंद्र सिंह ने बताया कि चंदवारा जैसे ग्रामीण इलाकों में आयुर्वेद चिकित्सा पर आधारित केंद्र की आवश्यकता महसूस की जा रही थी। यहां अधिक से अधिक लोगों को आयुर्वेदिक इलाज का लाभ मिले, यह प्रयास किया जाएगा। यहां आयुर्वेदिक चिकित्सक निशुल्क लोगों का इलाज और परामर्श देंगे। साथ ही पतंजलि से जुड़ी सभी तरह की दवाईयां समेत अन्य उत्पाद लोगों को छूट के साथ मुहैया कराया जाएगा। मौके पर भाजपा नेता रमेश सिंह, कांग्रेस नेता निर्मल ओझा, विधायक प्रतिनिधि लक्ष्मण यादव, उमेश सिंह, महेंद्र यादव, धर्मेंद्र सिंह आदि मौजूद थे।

माओवादी नेता दुर्गा सिंह गिरफ्तार, 18 मामलों में था वांटेड, हथियार भी बरामद

गुमला/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। झारखंड पुलिस को एक बड़ी सफलता हाथ लगी है। 18 मामलों में वांछित माओवादी नेता दुर्गा सिंह उर्फ पंजारी सिंह को गिरफ्तार कर लिया गया। इसके अलावा दो अन्य माओवादियों को भी गिरफ्तार किया गया है। उनके पास से हथियार भी बरामद किए गए हैं। प्रतिबंधित माओवादी समूह पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के केंद्रीय समिति के सदस्य दुर्गा सिंह उर्फ पंजारी सिंह को झारखंड के गुमला जिले में गिरफ्तार किया गया है। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि पीएलएफआई के संस्थापक सदस्यों में से एक दुर्गा को बुधवार रात कामडारा थाना क्षेत्र के अंतर्गत मुरुमकेला तेतरटोली गांव के पास छापेमारी के दौरान गिरफ्तार किया गया। गुमला के एसपी शंभू कुमार



सिंह ने बताया कि 18 आपराधिक मामलों में वांछित दुर्गा पीएलएफआई नेता दिनेश गोप के जेल जाने के बाद संगठन का दूसरे नंबर का नेता बनकर संगठन का नेतृत्व कर रहा था। एसपी ने बताया, "हमें खुफिया जानकारी मिली थी कि दुर्गा पीएलएफआई के कई साथियों के साथ इलाके में किसी आपराधिक घटना को अंजाम देने की योजना बना रहा था।" गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए गुमला के अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी (एसडीपीओ) के नेतृत्व में जिला पुलिस और एसएसबी 32 बटालियन की एक संयुक्त त्वरित प्रतिक्रिया टीम को तैनात किया गया। एसपी ने बताया कि छापेमारी के दौरान हमारी टीम ने मुरुमकेला तेतरटोली गांव के पास दो मोटरसाइकिलों पर संदिग्ध लोगों को देखा। पुलिस को देखकर संदिग्धों ने भागने का प्रयास किया। एक मोटरसाइकिल भागने में सफल रही, लेकिन हमने पीछा कर दूसरी मोटरसाइकिल पर सवार तीन लोगों को गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि दुर्गा सिंह के अलावा पीएलएफआई के एरिया कमांडर कलेश्वर हजाम उर्फ टेम्पू हजाम और रांची के ओरमांझी निवासी रामकुमार सिंह को भी गिरफ्तार किया गया है। पुलिस ने उनके पास से एक डबल बैरल राइफल, एक देसी रिवॉल्वर और आठ कारतूस बरामद किए हैं।

राधा-श्याम सुंदर भगवान के साथ खेली गई फूलों की होली

हजारीबाग/विष्णुगढ़/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। प्रखंड के भेलवारा पंचायत के भुताही मुरगांव में श्री राधा श्याम सुंदर मंदिर द्वारा बुधवार को गौर पूर्णिमा महामहोत्सव का आयोजन किया गया। जिसमें करीब एक क्विंटल से अधिक फूलों की होली खेली गई। अबीर-गुलाल से भी लोग सराबोर रहे। कृष्ण भक्त महिला-पुरूष, बच्चे, युवक-युवतियां सभी एक रंग में नजर आए। महामहोत्सव की शुरूआत नगर संकीर्तन के साथ शुरू हुई। रमुवां स्थित दुर्गा मंदिर के प्रांगण से हॉस्पीटल चौक, अखाड़ा चौक, ब्लॉक रोड़ होते हुए सातमील मोड़ पहुंचकर नगर संकीर्तन का समापन हुआ। इस दौरान हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण-कृष्ण हरे हरे, हरे राम, हरे राम, राम-राम हरे हरे की गूंज पर सभी कृष्ण भक्त थिरकते रहे। राधा श्याम सुंदर मंदिर में गौर निताई भगवान का दुग्ध, घी, पंचामृत आदि से महाअभिषेक किया गया। संध्या आरती में भी मंदिर परिसर में काफी भीड़ रही। इसके पश्चात श्रीमद् भागवत कथा का वाचन वीरभद्र प्रभु आदि ने किया। गौर पूर्णिमा महामहोत्सव को लेकर मंदिर परिसर में सांस्कृतिक कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया। जिसमें एक से बढ़कर एक गीत, नृत्य, संगीत आदि की प्रस्तुति ने लोगों का मन मोह लिया। सांस्कृतिक कार्यक्रम के पश्चात वृंदावन की होली की तर्ज पर एक क्विंटल से अधिक से फूलों एवं अबीर-गुलाल की होली खेली गई। सभी कृष्ण भक्तों एवं ग्रामीणों के बीच महाप्रसाद का वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। लोगों ने इस आयोजन की काफी सराहना की।

महिला सम्मान हेतु पुलिस मुख्यालय की सराहनीय पहल

गुठनी/सिवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। महिला दिवस के पूर्व दिवस 7 मार्च को पुलिस मुख्यालय पटना से सस्ते दो अर्थ वाले अश्लील भोजपुरी गीत के सार्वजानिक स्थानों पर उपयोग वर्जित संबंधी जारी पत्र को महिला दिवस के मौके पर महिला सम्मान का एक अनोखा तोहफा है। अश्लील/ अश्लीलता के खिलाफ पुलिस उप महानिरीक्षक का सभी वरीय पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक, पुलिस अधीक्षक रेल सहित को निर्देशित पत्र की शोशल मीडिया पर काफी सराहना मिल रही है। बिहार पुलिस मुख्यालय अपराध अनुसंसधान विभाग एवं कमजोर वर्ग प्रभाग के पत्रक 50 दिनांक 7 मार्च को जारी पत्र में लिखा गया है कि आये दिन ऐसा देखा जाता है कि सार्वजनिक स्थलों/ समारोहों बसों/ट्रको,/ऑटो रिक्शा आदि में सस्ते दोहरे अर्थ वाले/अश्लील भोजपुरी गानों का प्रसारण धडल्ले से बिना रोक-टोक के किया जाता है। गीतों के प्रसारण से महिलाओं की सुरक्षा एवं गरिमा तथा बच्चों की मनोवृत्ति बुरी तरह से प्रभावित होती है।

कोडरमा में होली में विधि- व्यवस्था के लिए एक हजार पुलिस पदाधिकारी व जवांन होंगे तैनात

कोडरमा/नवबिहार टाइम्स संवाददाता। जिले में होली पर्व पर सुरक्षा का चाक- चौबंद व्यवस्था रहेगी। हुडदंगियों पर पुलिस की विशेष नजर रहेगी। एसपी अनुदीप सिंह ने बताया कि जिले में सुरक्षा को लेकर एक हजार पुलिस पदाधिकारी और जवान विभिन्न स्थानों पर तैनात किए जाएंगे ।

उन्होंने बताया कि जिले को अतिरिक्त पुलिस बल भी मुख्यालय से प्राप्त हुआ है। एसपी ने कहा कि 550 लोगों के विरुद्ध 107 पर कार्रवाई की गई है। उन्होंने कहा कि की गुरुवार को विभिन्न थाना क्षेत्र में फ्लैग मार्च निकाली जाएगी। जिले में सुरक्षा को लेकर आठ क्यूआरटी टीम बनाई गई है। जबकि संवेदनशील स्थानों को चिह्नित किया गया है। जिले में किसी भी परिस्थिति से निपटने के लिए पुलिस मॉक ड्रिल भी किया है। विशेष चेकिंग अभियान चलाकर शराब पीकर गाड़ी चलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जा रही है। जिले में होली को लेकर अवैध शराब के खिलाफ भी विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सोशल मीडिया की निगरानी के लिए विशेष टीम का गठन किया गया है। आपत्तिजनक पोस्ट करने वालों के खिलाफ प्रशासनिक कार्रवाई की जाएगी। सुरक्षा को लेकर सीएम हेमंत सोरेन ने भी बैठक कर सभी जिले के वरीय पुलिस पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए हैं। जिले में डीसी और एसपी के जॉइंट ऑर्डर भी निकाली गई है, जिसमें 135 दंडाधिकारी, पुलिस पदाधिकारी की प्रतिनियुक्ति विभिन्न स्थानों पर किया गया है। सभी पुलिस पदाधिकारी, जवानों और दंडाधिकारी 15 मार्च तक अपनी ड्यूटी पर तैनात रहेंगे।

सिमडेगा में दिया जा रहा होली में पर्यावरण रक्षा का संदेश

सिमडेगा/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रंग और उमंग के पर्व होली के अवसर पर सिमडेगा जिले में उत्साह का वातावरण बना हुआ है। शहर के श्रीरामजानकी मंदिर परिसर में होलिका दहन में गोकाष्ठ यानी गोइठा का इस्तेमाल कर पर्यावरण की रक्षा का संदेश दिया जा रहा है। आज यहां मारवाड़ी समुदाय के पुरुषों महिलाओं सहित सभी लोगों ने पारंपरिक वेशभूषा ने यहां विधिवत पूजन किया।

नरेश शर्मा और अरुणा शर्मा ने कहा कि महाशिवरात्रि के दूसरे दिन से ही घर-घर में गोइठा बनाने का काम शुरू हो जाता है। राजस्थान और हरियाणा की परंपरा के अनुसार यहां पूजन किया जाता है और सबों के लिए सुख- शांति, समृद्धि की कामना की जाती है। पुरोहित पंडित वासुदेव गौतम ने कहा कि इस तरह के होलिका दहन में लकड़ी का बहुत कम इस्तेमाल होता है, जिससे पर्यावरण की रक्षा होती है साथ ही गोकाष्ठ का धुआँ वातावरण में फैलता है तो इससे बीमारियां फैलाने वाले सूक्ष्म जीव नष्ट होते हैं।

होली मिलन में मंत्री ने शांति व सद्भावना का दिया संदेश

रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। होली आपसी समरसता और भाईचारे का पर्व है और यह पर्व शांति और सद्भावना का संदेश भी देता है इसलिए सभी सदभाव के साथ होली मनाए ताकि हिंदुस्तान की खूबसूरती बनी रहे" यह बातें बीती देर रात झारखंड सरकार के कैबिनेट मंत्री संजय प्रसाद यादव ने रामगढ़ में कहीं। मौका था युवा राजद के होली मिलन समारोह का जिसमें मंत्री के साथ लोगों ने फूलों की होली खेलते हुए आपसी सद्भावना का संदेश दिया। रामगढ़ के एक निजी सभागार में आयोजित होली मिलन समारोह में झारखंड सरकार के उद्योग, श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवम कौशल विकास विभाग के मंत्री संजय प्रसाद यादव ने शिरकत किया। इस क्रम में राजद के प्रदेश सचिव ललन यादव के साथ कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। कार्यक्रम की शुरूआत मंत्री ने फीता काटने के बाद दिप प्रज्वलित कर किया जिसमे



आयोजक ललन यादव मुख्य रूप से उपस्थित रहे। मौके पर मंत्री संजय प्रसाद यादव ने लोगों को संबोधित करते हुए होली और ईद का त्योहार सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने की अपील की। पत्रकारों से बात करते हुए उन्होंने बताया कि होली पर्व को लेकर हम रामगढ़ में आए जैसा कि आप सभी लोग जान रहे हैं होली के साथ रमजान का महीना भी चल रहा है और सोहराय पर्व भी है, पूरे देश सहित अपने राज्य में भी हम लोगों ने संदेश दिया है कि शांति वातावरण में भाईचारे के साथ हर साल की भांति उत्साह में सभी धर्म के लोग रंग अबीर के साथ-साथ आपसी गले मिलकर पर्व को मनाने का काम करें ताकि हिंदुस्तान की खूबसूरती बनी रहे।

शांति सौहाद्रपूर्ण वातावरण में होली त्यौहार मनाने को लेकर प्रशासनिक तैयारियां पूर्ण

चप्पे-चप्पे पर पुलिस बल की हुई प्रतिनियुक्ति सामाजिक तत्वों पर त्वरित होगी कार्रवाई

महाराजगंज/सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। होली पर विधिव्यवस्था संधारण को लेकर सम्पूर्ण अनुमंडल क्षेत्र में प्रशासनिक तैयारी पूरी कर ली गई है .संवेदनशील स्थानो पर दंडाधिकारी के साथ पुलिस बल की प्रतिनियुक्ति कर दी गई है .किसी भी प्रकार की अप्रिय सूचना या सहायता के लिए अनुमंडल क्षेत्र के संबंधित बीडीओ सीओ थाना अध्यक्ष के मोबाइल पर सूचना दी जा सकती है . अनुमंडल प्रशासन द्वारा सभी प्रकार की आवश्यक एवं ऐतियातन तैयारी कर ली गई है. इस संबंध मेंअनुमंडल के एसडीओ अनिल कुमार,सीडीपीओ राकेश रंजन के द्वारा संयुक्त आदेश जारी किया गया है. जिसके तहत अनुमंडल क्षेत्र के सभी महत्वपूर्ण स्थलों पर दंडाधिकारी एवम पुलिस पदाधिकारी के साथ साथ काफी संख्या में पुलिस के जवानों की प्रतिनियुक्ति की गई है. सभी दंडाधिकारी एवं पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने प्रतिनियुक्ति स्थल पर उपस्थित होकर संयुक्त फोटो, व्हाट्सएप नम्बर पर भेजना सुनिश्चित करेंगे। अनुमंडल की अधिकारी द्वय ने कहा है कि असामाजिक तत्वों पर कड़ी नजर रखी जाएगी. शांति भंग करने वाले या कानून को हाथ में लेने वाले असमाजिक तत्वों पर तत्काल विधि-सम्मत कार्रवाई सुनिश्चित है. अफवाह फैलाने वालों पर कठोर कार्रवाई करने से जरा भी नही हिचक नहीं की जाएगी .सभी पदाधिकारियों को पूरी तरह चौकस रहने का निर्देश दिया गया है।

होली पर्व को लेकर 24 घंटे अलर्ट मोड में रहेगी स्वास्थ्य सेवा

सीवान/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। जिलाधिकारी के दिशानिर्देश पर होली के त्यौहार को ध्यान में रखते हुए सदर अस्पताल, अनुमंडलीय अस्पताल, सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र की चिकित्सा व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने की व्यवस्था की गई है.सिविल सर्जन डॉ.श्रीनिवास प्रसाद ने जिले के सभी स्वास्थ्य केंद्र के डॉक्टरों,नर्सिंग स्टाफ, पैरामेडिकल स्टाफ और अन्य संबंधित विभागों को अलर्ट मोड में रहने के लिए निर्देशित किया है.सिविल सर्जन ने आपात स्थिति से निबटने के लिए सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर मेडिकल टीम का गठन कर एंबुलेंस को अलर्ट मोड में रखने का निर्देश दिया है.होली के दौरान किसी भी प्रकार की दुर्घटना या



आपातकालीन चिकित्सा स्थिति के संभावित मामलों को देखते हुए आपात चिकित्सा सेवाओं को चौबीसों घंटे चालू रखने के निर्देश दिए गए हैं. होली के दिन 14 मार्च को शासकीय अवकाश होने के कारण ओपीडी बंद रहेगा, लेकिन इमरजेंसी सेवाएं पूर्ववत 24 घंटे उपलब्ध रहेंगी.

आपात चिकित्सा सेवाओं को लेकर विशेष प्रबंध

आपातकालीन वार्डों में जीवन रक्षक दवाओं और आवश्यक संसाधनों की पर्याप्त उपलब्धता सुनिश्चित की गई है.मेडिकल स्टाफ को अलर्ट मोड पर रहने के निर्देश दिए गए हैं, ताकि जरूरत पड़ने पर तत्काल सहायता दी जा सके.सभी डॉक्टरों और पैरामेडिकल स्टाफ को इमरजेंसी ड्यूटी के लिए तैयार रहने का निर्देश दिया गया है.मरीजों को समय पर इलाज मिल सके, इसके लिए ट्रॉमा और इमरजेंसी यूनिट को विशेष रूप से सशक्त किया गया है.

सुरक्षा व्यवस्था भी होगी चाक-चौबंद

अस्पताल परिसर में किसी भी प्रकार की अप्रिय घटना को रोकने के लिए प्राइवेट सुरक्षा गार्ड तैनात किए गए हैं. सिक्योरिटी सुपरवाइजर को विशेष सतर्कता बरतने और सुरक्षा स्टाफ को चौकसी बढ़ाने के निर्देश दिए गए हैं.आपात स्थिति में कानून-व्यवस्था बनाए रखने के लिए स्थानीय पुलिस से समन्वय स्थापित करने का निर्देश प्राइवेट गार्डों को दिया गया है.

क्या कहते है सिविल सर्जन

जिलाधिकारी के निर्देश पर सभी स्वास्थ्य केंद्रों पर स्वास्थ्य सेवा को अलर्ट मोड में रखा गया है.आपात स्थिति से निबटने के लिए मेडिकल टीम के साथ एंबुलेंस की तैनाती की गई है.

डॉक्टर श्रीनिवास प्रसाद, सिविल सर्जन,सीवान

जहरीला पदार्थ खाने से महिला की हालत गंभीर

साहिबगंज/राजमहल/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। तीन पहाड़ थाना के बाबूपुर नीचे टोला गांव में गुरुवार को एक महिला गलती से जहरीले पदार्थ खा लेने से मूर्छित हो गई। मिली जानकारी के अनुसार सरवन महतो की 30 वर्षीय पत्नी पूनम देवी दोपहर के वक्त घर में रखा जहरीली पदार्थ गलती से खा

महाकुंभ के कारण मांसाहारी खाने की खपत घटी

सब्जियों की महंगाई में गिरावट

नईदिल्ली, एजेंसी। खुदरा महंगाई में तेज गिरावट के पीछे इस बार महाकुंभ का योगदान है। एसबीआई की रिपोर्ट कहती है कि महाकुंभ के दौरान लोगों ने मांसाहारी खाना से परहेज किया। इससे लहसुन और प्याज की खपत में भारी कमी आई। सब्जियों में इन दोनों का योगदान सबसे ज्यादा होता है। इसलिए इनकी खपत घटने से सब्जियों की महंगाई घटी है।



एसबीआई की रिपोर्ट के अनुसार, खाद्य एवं पेय पदार्थों की महंगाई में भारी नरमी (मासिक आधार पर 1.85 फीसदी घटकर 3.84 प्रतिशत) के कारण फरवरी में खुदरा महंगाई 7 महीने के निचले स्तर 3.6 प्रतिशत पर आ गई। यह गिरावट सब्जियों के दाम में कमी के कारण हुई, जो 20 महीनों के बाद नकारात्मक 1.07 फीसदी पर आ गई। इसमें 80 फीसदी गिरावट केवल तीन सब्जियों (लहसुन, आलू, टमाटर) के कारण हुई। दिलचस्प यह है कि सबसे अधिक गिरावट लहसुन में हुई है, जो संभवत : महाकुंभ के दौरान मांसाहारी वस्तुओं की कम खपत को दर्शाती है।

एपल ने संवेदनशील जानकारी तक पहुंच से भारत में प्रतिद्वंद्वियों को रोका

नईदिल्ली, एजेंसी। आईफोन निर्माता एपल ने भारत में अपने प्रतिद्वंद्वियों मैच और स्टार्टअप्स के एक समूह को अपनी व्यावसायिक रूप से संवेदनशील जानकारी तक पहुंचने से रोक दिया है। पिछले वर्ष भारतीय प्रतिस्पर्धा आयोग (सीसीआई) ने जांच में पाया कि एपल ने अपने आईओएस ऑपरेटिंग सिस्टम पर एप स्टोर्स के बाजार में अपनी प्रमुख स्थिति का फायदा उठाकर एप



डेवलपर्स, यूजर्स और अन्य भुगतान प्रोसेसरों को नुकसान पहुंचाया। हालांकि, एपल ने किसी भी गलत काम से इन्कार किया है। उसका कहना है कि वह भारत में एक छोटी कंपनी है, जहां गूगल के ऑपरेटिंग सिस्टम वाले फोन का बोलबाला है। उधर, सीसीआई की जांच प्रक्रिया समाप्त हो गई है, लेकिन अभी निष्कर्षों की समीक्षा करनी है जिसके बाद अंतिम निर्णय आएगा। अगर यह साबित हो जाता है कि कंपनी गलत कार्य में शामिल है, तो एपल को जुर्माना भरने के लिए बाध्य होना पड़ सकता है। स्टार्टअप समूह अलायंस ऑफ डिजिटल इंडिया फाउंडेशन (एडीआईएफ) ने सीसीआई से कुछ गोपनीय जानकारी तक पहुंच की मंजूरी देने की अपील की थी, जिसमें डेवलपर भुगतान और कुल बिलिंग का विवरण शामिल था।

दूरदराज के रेलवे प्रोजेक्ट्स को मिलेगी मदद

अश्विनी वैष्णव बोले- मस्क की कंपनी का भारत में स्वागत

नईदिल्ली, एजेंसी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को उद्योगपति एलन मस्क की कंपनी स्टारलिंक का भारत में स्वागत किया। इस दौरान वैष्णव ने कहा कि कंपनी से दूरदराज के इलाकों में रेलवे परियोजनाओं को मदद मिलेगी।

वैष्णव ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, स्टारलिंक, भारत में आपका स्वागत है! इससे दूरदराज के क्षेत्रों की रेलवे परियोजनाओं को मदद मिलेगी।

वैष्णव, जो सूचना एवं प्रसारण और इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री भी हैं, की यह टिप्पणी मुकेश अंबानी की जियो प्लेटफॉर्म्स और सुनील मित्तल की भारती एयरटेल के साथ समझौतों के बाद आई है। ये समझौते मस्क की कंपनी स्पेसएक्स द्वारा भारत में स्टारलिंक की ब्रॉडबैंड इंटरनेट सेवाएं लाने के लिए किए गए हैं। ये दोनों डील महीनों से इस बात पर चल रही बहस के बाद हुई हैं कि



मस्क के उद्यम को स्पेक्ट्रम अधिकार कैसे दिए जाने चाहिए।

जियो-एयरटेल ने की थी स्पेक्ट्रम नीलामी की मांग- पिछले कुछ महीनों में, जियो और एयरटेल ने भारत में सैटेलाइट सेवाओं के लिए स्पेक्ट्रम देने के लिए नीलामी की मांग की थी, क्योंकि उन्हें चिंता थी कि प्रशासनिक आवंटन से मस्क को कम कीमत पर एयरवेव मिल जाएगी।

स्टारलिंक दुनिया का सबसे बड़ा लो-अर्थ-ऑर्बिट- जियो रिटेल आउटलेट और ऑनलाइन स्टोर में स्टारलिंक उपकरण पेश करेगा और ग्राहक इंस्टॉलेशन और एक्टिवेशन का समर्थन भी करेगा। जियो और स्पेसएक्स यह भी देखेंगे कि वे एक-दूसरे की पेशकश को कैसे बढ़ावा दे सकते हैं। बता दें कि स्टारलिंक स्पेसएक्स द्वारा संचालित दुनिया का सबसे बड़ा लो-अर्थ-ऑर्बिट तारामंडल है।

भारती एयरटेल ने स्पेसएक्स से समझौता करने की घोषणा की- मंगलवार को, भारती एयरटेल ने घोषणा की कि वह गैर-अनन्य आधार पर भारत में स्टारलिंक की हाई-स्पीड इंटरनेट सेवा लाने के लिए स्पेसएक्स के साथ समझौता कर रही है। एयरटेल पहले से ही दूसरे सबसे बड़े स्थाह तारामंडल यूटेलसैट वनवेब के साथ साझेदारी कर रही है। इसके अलावा, जियो प्लेटफॉर्म्स का एक अन्य प्रमुख वैश्विक उपग्रह-आधारित कनेक्टिविटी प्रदाता स्थस के साथ संयुक्त उद्यम है।

एसआईए-इंडिया ने एयरटेल और जियो के साथ स्पेसएक्स की साझेदारी का स्वागत किया

इसके अलावा, सैटकॉम इंडस्ट्री एसोसिएशन-इंडिया (एसआईए-इंडिया) ने भी एयरटेल और रिलायंस जियो के साथ एलन मस्क की कंपनी स्पेसएक्स की रणनीतिक साझेदारी का स्वागत किया। एसआईए-इंडिया के महानिदेशक अनिल प्रकाश ने कहा, ये सहयोग ब्रॉडबैंड सेवाओं का विस्तार करने में मदद करेंगे और बंदरगाहों, ग्रामीण उद्यमों, खनन, तेल क्षेत्रों, गांवों और विशेष आर्थिक क्षेत्रों (ईईजेड) जैसे उद्योगों में कनेक्टिविटी बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे, जहां उपग्रह प्रौद्योगिकी काफी लाभ पहुंचा सकती है। उन्होंने आगे कहा कि ये साझेदारियां मौजूदा नेटवर्क के साथ मिलकर सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देंगी, डिजिटल समावेशन को प्रोत्साहित करेंगी, और शिक्षा, स्वास्थ्य सेवा, ई-गवर्नेंस और कृषि जैसे क्षेत्रों में नए व्यावसायिक अवसर पैदा करेंगी।

नवरत्न कंपनी को वायु सेना से 2463 करोड़ का मिला ऑर्डर

नईदिल्ली, एजेंसी। डिफेंस कंपनी ने भारतीय वायु सेना से रडार सिस्टम के लिए 2463 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिलने का ऐलान किया है। इस अपडेट के बाद भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड के शेयर गुरुवार को सुबह के कारोबार में उछल पड़े। बीईएल ने बुधवार को भारतीय वायु सेना से अश्विनी रडार के लिए 2,463 करोड़ रुपये का ऑर्डर मिलने की घोषणा की थी।



बीईएल ऑर्डर की डिटेल

भारत इलेक्ट्रॉनिक्स लिमिटेड, नवरत्न डिफेंस सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रम ने अश्विनी रडार की आपूर्ति और सेवाओं के लिए रक्षा मंत्रालय के साथ 2,463 करोड़ रुपये (टैक्स को छोड़कर) के अनुबंध पर हस्ताक्षर करने की घोषणा की। बीईएल के अनुसार इन पूर्णत स्वदेशी एईएसए राडारों को डीआरडीओ और बीईएल द्वारा संयुक्त रूप से विकसित किया गया है और इन्होंने ऊंचाई में इलेक्ट्रॉनिक स्कैनिंग के साथ इंटीग्रेटेड आईएफएफ किया है और 4डी निगरानी करने में सक्षम हैं। अपग्रेडेड ईसीसीएम सुविधाओं वाले ये मोबाइल रडार सभी इलाकों में तैनात किए जा सकते हैं और ऑटोमेटिक रूप से लड़ाकू विमानों से लेकर धीमी गति से चलने वाले लक्ष्यों तक के हवाई लक्ष्यों का पता लगा सकते हैं और ट्रैक कर सकते हैं।

बीईएल शेयर प्राइस ट्रेंड- गुरुवार को बीएसई पर बीईएल के शेयर 282.45 रुपये पर खुले और पिछले दिनों के बंद 276.75 रुपये के मुकाबले लगभग 2 प्रतिशत अधिक थे।

सोने की बढ़ी चमक, चांदी की घटी

नईदिल्ली, एजेंसी। शादियों का सीजन खत्म होने के बावजूद सोने की कीमतों में तेजी जारी है। आज भी सोने की चमक बढ़ी है जबकि, चांदी की घट गई है। सर्राफा बाजार के लेटेस्ट भाव के मुताबिक होली से पहले आज 13 मार्च को 24 कैरेट सोना बुधवार के बंद भाव 86143 रुपये के मुकाबले 529 रुपये महंगा होकर 86672 रुपये प्रति 10 ग्राम पर खुला। वहीं, चांदी के रेट 150 रुपये टूटकर 97950 रुपये प्रति किलो पर आ गए। सर्राफा बाजार के रेट इंडिया बुलियन एंड ज्वैलर्स एसोसिएशन ने जारी किए हैं, जिनमें जीएसटी नहीं लगा है। हो सकता है आपके शहर में इससे 1000 से 2000 रुपये का अंतर आ रहा हो। आईबीजेए दिन में दो बार रेट जारी करता है। एक बार दोपहर 12 बजे के करीब दूसरा 5 बजे के आसपास। आईबीजेए रेट्स के मुताबिक 23 कैरेट गोल्ड भी 527 रुपये महंगा होकर 86325 रुपये प्रति 10 ग्राम के भाव से खुला। वहीं, 22 कैरेट गोल्ड का औसत हाजिर भाव दोपहर 485 रुपये उछलकर 79392 रुपये पर खुला। 18 कैरेट का भाव भी 397 रुपये महंगा होकर 65004 रुपये प्रति 10 ग्राम पर पहुंच गया है।



इस साल सोना 10932 और चांदी 11933 रुपये महंगी

मार्च में अब तक सोना 1616 रुपये और चांदी 4470 रुपये उछल चुकी है। 28 फरवरी को सोने का भाव 85056 रुपये था। जबकि चांदी की कीमत 93480 रुपये। साल 2025 में अब तक सोना 10932 रुपये और चांदी 11933 रुपये महंगी हो चुकी है। 31 दिसंबर 24 को सोना 75740 रुपये पर बंद हुआ था।

70 पर जाएगा सुजलॉन एनर्जी का शेयर

मार्च महीने में लगातार चढ़ रहा भाव

नईदिल्ली, एजेंसी। सुजलॉन एनर्जी के शेयर लगातार चर्चा में हैं। कंपनी के शेयर में आज गुरुवार को तगड़ी तेजी देखी गई। सुजलॉन एनर्जी के शेयर 2 प्रतिशत से अधिक चढ़कर 54.96 रुपये के इंट्रा डे हाई पर पहुंच गए थे। इस साल अब तक यह शेयर 16 प्रतिशत तक टूटा है। लेकिन इस महीने मार्च में इसमें 10 प्रतिशत से अधिक की तेजी देखी गई। लगातार पांच महीनों तक गिरावट के बाद सुजलॉन एनर्जी के शेयर की कीमत निवेशकों के रडार पर है।

सुजलॉन एनर्जी शेयर प्राइस- सुजलॉन एनर्जी के शेयर पिछले साल 12 सितंबर को 86.04 के 52-सप्ताह के उच्चतम स्तर पर पहुंच गए थे, उसके बाद रिकवरी फेज में प्रवेश कर गया। फरवरी के अंत तक, शेयर अपने शिखर से 42 प्रतिशत से अधिक गिर गया था। हालांकि, शेयर अभी भी अपने 52-सप्ताह के निचले स्तर



35.50 से ऊपर है, जो पिछले साल 14 मार्च को पहुंचा था।

क्या यह खरीदने लायक स्टॉक है- इस स्टॉक में हाल ही में तेजी तब आई जब कंपनी ने 4 मार्च को घोषणा की कि वह जिंदल रिन्यूएबल्स के साथ अपने सबसे बड़े कामर्शियल और इंडस्ट्रियल ऑर्डर का विस्तार कर रही है।

एक्सचेंज फाइलिंग के अनुसार, कंपनी ने जिंदल रिन्यूएबल्स की सहायक कंपनी जिंदल ग्रीन विंड 1 प्राइवेट लिमिटेड से 204.75 मेगावाट का तीसरा ऑर्डर हासिल किया, जिससे भारत में कम सीओ2 स्टील क्रांति को और गति मिली।

क्या है टारगेट प्राइस

शेयर की कीमत में भारी गिरावट को देखते हुए, ब्रोकरेज फर्म इन्वेस्टेक ने 70 के टारगेट प्राइस के साथ बाय कॉल के साथ स्टॉक पर कवरेज शुरू किया। कंपनी की मजबूत विकास संभावनाएं और स्टॉक का अट्रैक्टिव वैल्यूएशन सुजलॉन को लंबी अवधि खरीद के लिए आकर्षक बनाता है। तकनीकी एनालिस्ट का भी मानना है कि स्टॉक में आगे की बढ़त के लिए अनुकूल सेटअप है। पटेल ने कहा, शेयर अब क्यू3 प्रतिरोध से ऊपर बना हुआ है, जो तेजी का संकेत है। अगर सुजलॉन दो से तीन सेशंस तक 54 से ऊपर बना रहता है, तो यह मजबूती की पुष्टि कर सकता है और संभावित रूप से 58 के स्तर की ओर बढ़ सकता है।

फंड हाउसों ने मामला सामने आने से पहले इंडसइंड बैंक के 1.6 करोड़ शेयर बेचे

नईदिल्ली, एजेंसी। इंडसइंड बैंक के डेरिवेटिव खातों में गड़बड़ी का मामला सामने आने से पहले ही म्यूचुअल फंड हाउसों ने बैंक के 1.6 करोड़ शेयर बेच दिए थे। फंड हाउसों के पास कुल 20.7 करोड़ शेयर फरवरी में थे। इनका बाजार मूल्य 28 फरवरी तक 19,884 करोड़ रुपये था। जनवरी में 22.3 करोड़ शेयर थे। कुछ ब्रोकरेज हाउसों ने मामला सामना आने से पहले ही बैंक के शेयर को डाउनग्रेड कर दिया था। यह स्टॉक म्यूचुअल फंड उद्योग में सबसे ज्यादा कटौती वाले स्टॉक में से एक था। क्वांट म्यूचुअल फंड ने जिन तीन शेयरों को हाल में खरीदा था, उसमें से एक इंडसइंड बैंक भी था। इसने फरवरी में 300 करोड़ रुपये के 30.77 लाख शेयर खरीदे थे। कोटक म्यूचुअल फंड ने फरवरी में 509 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। बंधन म्यूचुअल फंड के पास 900 करोड़ रुपये के 93.47 लाख शेयर थे और यह फंड हाउस की शीर्ष 10 होल्डिंग्स में से एक था। पीपीएफएएस म्यूचुअल फंड ने फरवरी में 29 करोड़ रुपये के शेयर बेचे।

35 फंड हाउसों की 360 स्कीम का निवेश

28 फरवरी तक इंडसइंड बैंक में करीब 35 फंड हाउसों की 360 स्कीमों का निवेश था। पांच फंड हाउस 1,000 करोड़ रुपये से अधिक का निवेश था। आईसीआईसीआई प्रूडेंशियल म्यूचुअल फंड का सबसे अधिक 3,778 करोड़ रुपये था।

आईटी शेयरों में 88000 करोड़ डूबने से मंदी की आहट

नईदिल्ली, एजेंसी। दुनियाभर का बाजार उथल-पुथल के दौर से गुजर रहा है। अमेरिकी मंदी की आशंकाओं, रेटिंग में गिरावट और लक्षित मूल्य कटौती (टार्गेट प्राइस कट्स) ने निवेशकों की चिंता बढ़ा दी है। इसका नतीजा यह हुआ कि भारत की टॉप 10 आईटी कंपनियों के शेयर अपने शिखर से 33 प्रतिशत तक गिर चुके हैं। इनका कुल बाजार मूल्य 88,000 करोड़ रुपये तक घट गया है। निफ्टी आईटी इंडेक्स अब गिरावट के क्षेत्र में प्रवेश कर गया है।

भारत की सबसे बड़ी सॉफ्टवेयर सेवा प्रदाता कंपनी, टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज अपने उच्चतम स्तर से 23 प्रतिशत तक लुढ़क गई है, जिससे निवेशकों को 3.7 लाख करोड़ रुपये का नुकसान हुआ है। टॉप 10 आईटी कंपनियों में से आठ मंदी की गिरफ्त में हैं, जिनमें इंफोसिस, एचसीएल टेक और टेक महिंद्रा भी शामिल हैं। एलटीआई माइंडट्री को सबसे अधिक 33 प्रतिशत की गिरावट का झटका लगा है, जबकि विप्रो इस सूची में सबसे कम प्रभावित हुआ है, लेकिन यह भी 16 प्रतिशत नीचे है। बाजार में जारी हलचल के बीच मंदी को लेकर सुगबुगाहट तेज है।

मंदी आ रही है क्या

अक्सर जब शेयर बाजार में उतार-चढ़ाव आता है, महंगाई बढ़ती है या कंपनियां छंटनी करने लगती हैं, तो



यह सवाल जोर पकड़ने लगता है- मंदी आ रही है क्या वैश्विक बाजार में पिछले कुछ दिनों में मंदी की सुगबुगाहट बढ़ी है। अमेरिका में ऊंची महंगाई और फेडरल रिजर्व द्वारा ब्याज दरों में कटौती में देरी से बाजार में अनिश्चितता बढ़ रही है। इससे आईटी कंपनियों की ग्रोथ पर असर पड़ रहा है और भारतीय कंपनियां भी इससे अछूती नहीं हैं। जेपी मॉर्गन के प्रमुख अर्थशास्त्री ने 2025 में अमेरिकी मंदी की संभावना 40 प्रतिशत तक आंकी है। गोल्डमैन सैक्स और मॉर्गन स्टेनली के अर्थशास्त्रियों ने भी अमेरिकी जीडीपी ग्रोथ अनुमान को घटाकर क्रमशः 1.7 प्रतिशत और 1.5 प्रतिशत कर दिया है। आईटी कंपनियों के शेयरों में भारी गिरावट और निवेशकों का डूबता पैसा मंदी की आहट के संकेत दे रहा है। ऐसे में यह जानना बहुत जरूरी है कि मंदी है क्या, आती कैसे है और इसका आम आदमी की जेब पर क्या असर पड़ सकता है

मंदी किस बला का नाम है

मंदी एक आर्थिक गिरावट की स्थिति है, जो कुछ महीनों से लेकर सालों तक बनी रह सकती है। यह तब आती है जब किसी देश की अर्थव्यवस्था दो तिमाहियों (लगातार छह महीनों) तक सिकुड़ती रहती है। इस गिरावट को आमतौर पर जीडीपी (सकल घरेलू उत्पाद) में कमी के आधार पर मापा जाता है।

हालांकि, सिर्फ जीडीपी में गिरावट ही मंदी का संकेत नहीं देती। मंदी में बेरोजगारी बढ़ने, उपभोक्ता और बिजनेस खर्च में कमी, उद्योगों के ठप होने और वित्तीय बाजारों में अस्थिरता का भी हाथ होता है। इस आधार पर हम कह सकते हैं कि अर्थव्यवस्था के अलग-अलग चरणों में मंदी भी एक महत्वपूर्ण चरण है।

मंदी और आर्थिक महामंदी में क्या अंतर है- मंदी और महामंदी के बीच सबसे बड़ा अंतर अवधि और उसकी गंभीरता का होता है। मंदी कुछ महीनों या सालभर तक रह सकती है।

ऐसी स्थिति जहां मंदी कई वर्षों तक चलती है और अर्थव्यवस्था को बुरी तरह प्रभावित करती है, तो उसे महामंदी कहते हैं। 1929 की ग्रेट डिप्रेशन (महामंदी) इसका सबसे बड़ा उदाहरण है, जब अमेरिकी अर्थव्यवस्था तबाह हो गई थी।

मंदी क्यों आती है

- **असेट बबल** - जब किसी विशेष उद्योग में अनियंत्रित तेजी आती है, तो निवेशक उसमें पैसा लगाते चले जाते हैं।
  लेकिन जब यह वृद्धि टिकाऊ नहीं रहती और बबल फूटता है, तो पूरी अर्थव्यवस्था पर इसका असर पड़ता है। इसके उदाहरण हैं- 1990 के दशक का डॉट-कॉम बबल और 2008 की हाउसिंग क्राइसिस।
- **अर्थव्यवस्था में बहुत अधिक तेजी** -अगर किसी देश की अर्थव्यवस्था बहुत तेजी से बढ़ती है, तो संसाधन और कुशल श्रम की कमी होने लगती है। इससे कंपनियों का मुनाफा गिरने लगता है और वे छंटनी शुरू कर देती हैं, जिससे मंदी का खतरा बढ़ जाता है।
- **वैश्विक झटके** -आज की वैश्विक अर्थव्यवस्था अन्य देशों और घटनाओं पर निर्भर करती है। युद्ध, महामारी और वैश्विक आर्थिक संकट मंदी का कारण बन सकते हैं। 2020 की कोरोना महामारी ने पूरे विश्व को आर्थिक मंदी में धकेल दिया था।

मंदी का क्या है इतिहास

अमेरिका के राष्ट्रीय आर्थिक अनुसंधान ब्यूरो के अनुसार, वहां अब तक कई बार मंदी आ चुकी है।

12_16.12..2018 PAGE-04.qxd 13-03-2025 22:08 Page 1

जेल में छापेमारी से कर्मियों में हड़कम्प

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

मेदिनीनगर (पलामू)। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में वीआइपी ट्रीटमेंट मिल रहा था, उसको जेल प्रशासन की ओर से जेल में कई कमरे मुहैया कराए गए थे। एक कमरे का उपयोग पूजा कक्ष तो शेष अन्य सुविधाओं के लिए किया जाता था। इसका खुलासा तब हुआ जब बुधवार की दोपहर जिला प्रशासन की टीम ने केंद्रीय कारा में छापामारी की। उपायुक्त शशि रंजन व एसपी रीष्मा रमेशन के नेतृत्व में मेदिनीनगर केंद्रीय कारा में छापामारी की गई। इस छापामारी में दिनेश गोप को केंद्रीय कारा के अंदर दी जाने वाली वीआइपी ट्रीटमेंट का खुलासा हुआ है।

इस दौरान अधिकारियों को कारा से संबंधित कई जानकारियां मिली हैं। छापामारी के दौरान प्रशासनिक अधिकारियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा।

छापामारी के दौरान कुछ भी आपत्तिजनक बरामद नहीं हुआ है। जेल के अंदर कुछ कैदियों को वीआईपी ट्रीटमेंट दिया जा रहा है। इस मामले में वह एक्शन लेंगे। छापामारी अभियान में नगर आयुक्त मो.जावेद हुसैन,



डीडीसी मो. शब्बीर अहमद, जिला आपूर्ति पदाधिकारी प्रीति किस्कू, सदर एसडीओ सुलोचना मीणा, कार्यपालक दंडाधिकारी सेवाराम साहू, विक्रम आनंद, रश्मि रंजन, सदर सीओ अमरजीत बिल्होत्रा, चैनपुर बीडीओ प्रदीप कुमार,चैनपुर सीओ चंद्रशेखर कुणाल, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी नीता चौहान शामिल थे।

बताते चलें कि संगठित अपराध व आगामी त्योहारों के मद्देनजर केंद्रीय कारा में छापामारी की गई थी, जो करीब डेढ़ घंटे तक तक चली। इसमें प्रशासनिक अधिकारियों ने अलग-अलग टीम बनाकर छापेमारी की थी।

झारखंड से अमेरिका पहुंची गुझिया की मिठास

गुझिया के साथ ही गुड़ का ठेकुआ, कचौरी और नमकीन है लोगों की पसंद

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। सुरभि केंद्र सेक्टर चार में कार्यरत महिलाएं होली को लेकर गुझिया, गुड़ का ठेकुआ, कचौरी, नमकीन तैयार कर रही हैं। स्वाद और शुद्धता की गारंटी के साथ इनके बनाए गए घरेलू स्नैक स्थानीय स्तर पर ही नहीं, बल्कि अंतरराष्ट्रीय स्तर पर लोगों की पसंद बन गए हैं।

अमेरिका में रहने वाले एनआरआई एवं भारत के विभिन्न राज्यों में रहने वाले बोकारो के निवासियों को भी यहां की गुझिया, गुड़ का ठेकुआ, कचौरी और नमकीन काफी पसंद है।

लोग केंद्र से संपर्क कर इसे मंगाते हैं। यहां की गुझिया की मिठास अमेरिका तक पहुंच गई है। घरेलू स्नैक्स की बिक्री से यहां कार्यरत गरीब महिलाएं आर्थिक रुप से सबल बन रही हैं।

महिला समिति बोकारो की ओर से सेक्टर चार में सुरभि केंद्र का संचालन किया जा रहा है। होली पर पारंपरिक पकवान और स्नैक्स की मांग बढ़ गई है।

बढ़ते ऑर्डर को पूरा करने के लिए समूह की महिलाएं अथक प्रयास कर रही हैं।

यहां एक दर्जन से अधिक दिव्यांग और अभिवंचित वर्ग की महिलाएं काम कर रही हैं, जिनमें से अधिकतर विधवा, दिव्यांग और गरीब पृष्ठभूमि से आती हैं। उनके लिए यह केवल रोजगार का माध्यम ही नहीं, बल्कि सम्मानजनक आजीविका और आत्मनिर्भरता का माध्यम है।

महिला समिति बोकारो की अध्यक्ष अनीता तिवारी के निर्देशन में सुरभि का प्रबंधन किया जाता है। समूह की कोषाध्यक्ष अभिरुचि के अनुसार लगभग 40 वर्ष पूर्व सुरभि केंद्र की शुरूआत हुई थी।

यहां मसाला गेहूं का आटा तैयार



किया जाता था। उत्पादों की शुद्धता ही हमारी सबसे बड़ी ताकत है। इस वजह से हमेशा शानदार प्रतिक्रिया मिली है। केंद्र में महिलाएं मसाला, सत्तू, बेसन, गुझिया, गुड़ का ठेकुआ, कचौरी और नमकीन आदि तैयार करती हैं।

अब यहां 28 से अधिक उत्पाद तैयार किए जाते हैं। इस बार गुझिया की मांग सबसे अधिक है, जिससे हमारी टीम काफी उत्साहित है। अनीता तिवारी ने कहा कि यहां तैयार उत्पाद सुरभि केंद्र सेक्टर चार सी, बोकारो जनरल अस्पताल और स्वाद सदन एडीएम बिल्डिंग के काउंटर के माध्यम से बिक्री किए जाते हैं।

समूह को होने वाली आय महिलाओं के विकास और कल्याण में निवेश किया जाता है। यहां कार्यरत महिलाओं को प्रत्येक माह चार से पांच हजार रुपए की आय होती है।

सुरभि केंद्र की प्रभारी जया ने कहा कि सूखे नाश्ते की मांग वर्ष भर रहती है, लेकिन होली में गुझिया, गुड़ का ठेकुआ, कचौरी और नमकीन की मांग बढ़ जाती है।

उन्होंने बताया कि बढ़ते ऑर्डर को पूरा करने के लिए हमारी टीम लगातार काम कर रही है। ग्राहक हमारे उत्पादों की गुणवत्ता और पारंपरिक स्वाद को पसंद करते हैं। जिससे हमें प्रोत्साहन मिलता है।

समूह की यह पहल न केवल पारंपरिक भारतीय पकवान और स्नैक्स को संरक्षित कर रहा है। साथ ही महिला स्वावलंबन और भारतीय संस्कृति का परिचायक है।

सुरभि केंद्र में कार्यरत शकुंतला ने कहा कि यहां 2008 से काम कर रही हूं।

होली में गुझिया की मांग में वृद्धि हुई है। अमेरिका के अलावा देश के अन्य राज्यों से ऑर्डर मिल रहा है। पकवान और स्नैक्स की बिक्री से आय होती है।

अमन साहू के तीन गुर्गे हथियार के साथ गिरफ्तार

अपराधियों को कराया गया पैदल मार्च

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। रांची पुलिस ने बीआइटी, रातू और मांडर में छापामारी कर अमन साहु गैंग के तीन अपराधी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। गिरफ्तार आरोपित अजय सिंह को बीआइटी, समीर कुमार को रातू और वसीम अंसारी को मांडर इलाके से पकड़ा गया है। पुलिस ने आरोपितों के पास से एक मैग्जीन के साथ दो जिंदा गोली, दो देशी कट्टा, दो गोली और एक बाइक बरामद किया है।

पुलिस का कहना है कि कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा को गोली लगने के बाद कांड का खुलासा करने के लिए एसआइटी का गठन किया गया है। एसएसपी चंदन कुमार सिन्हा को सूचना मिली कि शहर के अलग-अलग इलाको में अमन गिरोह के सदस्य घूम रहे हैं। उनके द्वारा कोई बड़ी घटना को अंजाम दिया जा सकता है। पुलिस की टीम तीनों इलाके में पहुंची और छापामारी कर उन्हें गिरफ्तार किया गया। अजय सिंह के बारे में सूचना मिली थी कि वह हथियार लेकर सिकिदरी से निकलकर अनगड़ा की ओर जा रहा है। पुलिस बुधिया बगान के पास चेकिंग कर रही थी तभी अजय वहां पहुंचा, लेकिन पुलिस को देखकर भागने लगा। पुलिस ने उसे आगे जाकर पकड़ा और तलाशी ली गई तो उसके पास से हथियार बरामद हो गया।

पुलिस का कहना है कि अजय का जब पकड़ा गया तो उसके पास से बाइक भी बरामद की गई। बाइक की जांच की गई तो बाइक चोरी का निकली। अजय सिंह अनगड़ा में किसी बड़ी घटना को अंजाम देने वाला था।उसने पुलिस को बयान दिया है कि वह नेता कमलेश राम के घर में पार्टी में गया था। वहां फायरिंग करने के दौरान उसके पैर में गोली लग गई थी। तभी से वह जख्मी है। इसकी पुष्टि बीआइटी थानेदार के द्वारा की गई है।

पुलिस का कहना है कि इस मामले में हर बिंदु पर जांच होगी। अजय सिंह पर 14 मामले दर्ज हैं। समीर



पर तीन मामले दर्ज है, जबकि वसीम अंसारी पर चार मामले दर्ज हैं।बीआइटी थानेदार की लापरवाही की वजह से रांची पुलिस की छवि खराब हो सकती है। पैदल मार्च कराने के दौरान अमन गिरोह के लोग किसी घटना को अंजाम दे देते तो पुलिस की कोई तैयारी नहीं थी। पुलिस जब अमन गिरोह के तीनों सदस्यों को कोर्ट ले जा रही थी, तभी उनका पैदल मार्च कराया गया। जयपाल सिंह स्टेडियम के पास तीनों अपराधियों को गाड़ी से उतार दिया गया और फिर उन्हें पैदल ले जाया गया। कई लोगों के द्वारा वीडियो और फोटो लिया जा रहा था। लोग रुक- रुककर तीनों अपराधियों के बारे में जानकारी ले रहे थे। अजय सिंह के पैर में चोट लगी थी, लेकिन उसे सहारा देकर पैदल मार्च कराया गया।

कोयला कारोबारी विपिन मिश्रा को गोली मारने वाले अपराधियों की तलाश में पुलिस छापामारी कर रही है। इस मामले में पुलिस का कहना है कि अपराधियों की पहचान हो गई है, लेकिन उनकी गिरफ्तारी नहीं हो पा रही है। हालांकि, पुलिस दावा कर रही है कि इस कांड का खुलासा जल्द से जल्द कर लिया जाएगा।

रातू इलाके में वसीम एक मैदान में हथियार के साथ बैठा हुआ था। पुलिस ने मैदान से वसीम को गिरफ्तार कर लिया। वसीम को विद्यानसभा चुनाव के दौरान तीन माह के लिए जिला बदर किया गया था। रांची आने के बाद वसीम फिर से सक्रिय हो गया।

मंडल कारा में हुई छापेमारी

गढ़वा। मंडल कारा में मंगलवार की देर रात उपायुक्त शेखर जमुआर के निर्देश पर सदर अनुमंडल पदाधिकारी संजय कुमार के नेतृत्व में छापेमारी हुई। इस दौरान कई दंडाधिकारी एवं पुलिस अधिकारियों सहित बड़ी संख्या में पुलिस बल के जवान शामिल थे।

इस संबंध में एसडीओ ने बताया कि विधि व्यवस्था के दृष्टिकोण से मंडल कारा के सभी वार्डों में समय-समय पर औचक जांच तथा निरुद्ध कैदियों की विधिवत तलाशी की कार्रवाई की जाती है। इस क्रम में मंडल कारा गढ़वा के सभी वार्डों की सघन तलाशी छापामारी दल ने की। छापामारी दल में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी नीरज कुमार, बीडीओ गढ़वा कुमार नरेंद्र नारायण, सीओ मेराल यशवंत नायक, प्रशिक्षु उपसमाहर्ता रविकांत शर्मा, थाना प्रभारी गढ़वा इंस्पेक्टर बृज कुमार, थाना प्रभारी मेराल विष्णुकांत, महिला थाना प्रभारी सहित कई पुलिस अधिकारी एवं करीब 200 से अधिक पुलिस बल मौजूद रहे। छापेमारी के लिए गठित अलग-अलग टीमों द्वारा महिला वार्ड सहित सभी वार्डों में गहन तलाशी ली गई।

कुड़मी समुदाय को ले केंद्र सरकार को हलफनामा दायर करने का निर्देश

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

जमशेदपुर। झारखंड हाई कोर्ट में बुधवार को झारखंड एबोरिजिनल कुड़मी पंच बनाम केंद्र सरकार और अन्य मामले की सुनवाई हुई। कुड़मी समाज की याचिका पर सुनवाई के दौरान अदालत ने केंद्र सरकार से पूछा कि आखिर किस संवैधानिक प्रविधान या कानून के तहत कुड़मी समुदाय को अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) की सूची में डाला गया।

अदालत ने केंद्र सरकार को इस संबंध में हलफनामा दाखिल करने का निर्देश दिया है। वहीं, झारखंड क्षत्रिय पहाड़ा समिति द्वारा दायर एक याचिका को अदालत ने खारिज कर दी। बुधवार को झारखंड हाईकोर्ट के न्यायाधीश राजेश शंकर की पीठ में याचिका पर सुनवाई हुई।

यह याचिका झारखंड एबोरिजिनल कुड़मी पंच की ओर से दायर की गई थी, जिसमें केंद्र सरकार से यह स्पष्ट करने की मांग की गई कि कुड़मी समुदाय को ओबीसी सूची में रखने का संवैधानिक आधार क्या है।

इस दौरान, अजीत ओरांव नामक व्यक्ति ने झारखंड क्षत्रिय पहाड़ा समिति की ओर से एक याचिका दायर कर आग्रह किया था कि अदालत अपने आठ अप्रैल 2024 के आदेश को वापस ले। उनका तर्क था कि अदालत ने यह आदेश बिना झारखंड क्षत्रिय पहाड़ा समिति को सुने पारित कर दिया था।

हालांकि, कुड़मी समाज की ओर से अधिवक्ता आकाशदीप ने अदालत में दलील दी कि उनकी रिट याचिका मूल रूप से केंद्र सरकार के खिलाफ है, न कि किसी निजी संगठन के।

उन्होंने कहा कि कुड़मी समाज सिर्फ यह जानना चाहता है कि सरकार ने किस संवैधानिक प्रावधान के तहत उन्हें ओबीसी में शामिल किया है। यदि सरकार इस प्रश्न का स्पष्ट उत्तर दे देती है, तो विवाद स्वतः समाप्त हो जाएगा।

अधिवक्ता ने अदालत को यह भी बताया कि बार-बार निर्देश देने के बावजूद केंद्र सरकार अब तक कोई जवाब दाखिल नहीं कर पाई है।

इस पर अदालत ने झारखंड क्षत्रिय पहाड़ा समिति की याचिका को आधारहीन बताते हुए खारिज कर दिया और कुड़मी समुदाय की याचिका को मेरिट के आधार पर सुनवाई के लिए स्वीकार कर लिया।

निकाय चुनाव की तैयारी में जुटा चुनाव आयोग

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। राज्य में नगर निकाय चुनाव एक अक्टूबर 2024 को अर्हता तिथि के आधार पर होगा। इस तिथि तक वैसे सभी मतदाता, जिनके नाम मतदाता सूची में सम्मिलित है, उन्हें मतदान का अधिकार प्राप्त होगा। भारत निर्वाचन आयोग से मतदाता सूची प्राप्त होने के बाद उसका विखंडन करते हुए जिलों में मतदाता सूची का प्रकाशन किया जा रहा है।

झारखंड के 13 नगर निकायों में 2020 से ही चुनाव लंबित है। वहीं, चुनाव नहीं होने से केंद्र ने नगर निकायों के लिए दिए जाने वाले वित्तीय अनुदान पर भी रोक लगा दी है।

राज्य निर्वाचन आयोग के निर्देश पर विभिन्न जिलों में मतदाता सूची के प्रकाशन की प्रक्रिया शुरू कर दी है। उसपर आपत्तियां ली जा रही हैं। यह निकाय चुनाव की प्रारंभिक प्रक्रिया है।

इसके पूरे होने के बाद आगे की

मई-जून में हो सकते हैं चुनाव

कार्रवाई की जाएगी। बताते चलें कि भारत निर्वाचन आयोग द्वारा सौंपी गई मतदाता सूची के आधार पर ही राज्य में विधानसभा चुनाव हुआ था।

उसके बाद मतदाता सूची का पुनरीक्षण नहीं हुआ है। राज्य निर्वाचन आयोग ने भी उसी मतदाता सूची के आधार पर राज्य में नगर निकाय चुनाव कराने की जानकारी झारखंड उच्च न्यायालय में दी है।

इधर, राज्य सरकार के निर्देश पर झारखंड पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा कराए जा रहे ट्रिपल टेस्ट की प्रक्रिया अंतिम चरण में है। हालांकि इस सर्वे की विश्वसनीयता पर सवाल उठाए जा रहे हैं।

झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के बाद नगर निकायों में ट्रिपल टेस्ट के जरिए ओबीसी आरक्षण तय किया जाना है। इस उद्देश्य से डोर टू डोर सर्वे का काम चल रहा है। राज्य पिछड़ा वर्ग आयोग द्वारा इसके लिए 31 दिसंबर आखिरी तारीख निर्धारित की गई थी, बाद में इसमें लगने वाले समय को देखते हुए इसे बढ़ा दिया गया।

राज्य में लंबित निकाय चुनाव मई-जून माह में हो सकता है। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश पर राज्य निर्वाचन आयोग चुनाव की तैयारियों में लगा है।

आयोग द्वारा नगर निगम, नगर परिषद और नगर पंचायत के विभिन्न पदों के लिए होने वाले चुनाव के लिए वार्डों के पुनर्गठन का काम भी पूरा कर लिया गया है।

इसी के आधार पर मतदाता सूची का विखंडन किया जा रहा है।

कयास लगाया जा रहा है कि मई-जून में चुनाव नहीं होने से यह आगे के लिए टल जाएगा, क्योंकि इसके बाद राज्य में वर्षा शुरू हो जाएगी। ऐसे में फिर नवंबर-दिसंबर माह में चुनाव हो सकेगा।

अमन साहू के बाद अब गैंग को खत्म करने की तैयारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। पलामू में मुठभेड़ में गैंगस्टर अमन साहू उर्फ अमन साव के मारे जाने के बाद इंटरनेट मीडिया फेसबुक पर गैंग की कमान संभालने संबंधित शूटर मयंक सिंह के पोस्ट की पुलिस सच्चाई निकालेगी।

जिस फेसबुक आईडी ने उक्त सूचना पोस्ट की गई है, उस आईडी के आईपी एड्रेस के लिए झारखंड पुलिस फेसबुक से पत्राचार करेगी। इससे यह पता चल सकेगा कि मयंक सिंह के नाम से फेसबुक चलाने वाला शख्स कौन है और वह कहां रहता है। इससे उसकी गिरफ्तारी में पुलिस को मदद मिलेगा।

मयंक सिंह ने उक्त सूचना को अपने सहयोगी राहुल सिंह के फेसबुक वॉल पर भी पोस्ट किया है। पुलिस मयंक सिंह के साथ-साथ राहुल सिंह के आईपी एड्रेस के लिए भी फेसबुक से पत्राचार करेगी।

मयंक सिंह ने भी झारखंड पुलिस के नाक में दम कर रखा है। वह फेसबुक पर तो सक्रिय है ही, इंटरनेट कॉल के माध्यम से कोयला कारोबारियों, ट्रांसपोर्टरों, प्रमुख व्यवसायियों से रंगदारी मांगता रहा है।

अमन साहू के जेल में रहने के दौरान उसके नाम पर मयंक सिंह ही रंगदारी के लिए कॉल करता था। पिछले दो साल में अमन साहू के नाम पर रंगदारी और व्यवसायियों पर गोली चलाने के मामले में मयंक सिंह फेसबुक पोस्ट कर जिम्मेदारी लेता था।

अमन साहू के मारे जाने के बाद उसने फेसबुक पर प्रेस बयान जारी कर गैंग की कमान संभालने का दावा किया है। इसमें उसने अपने एक अन्य सहयोगी राहुल सिंह का भी नाम लिया है। उसने प्रेस बयान में बताया है कि बॉस (अमन साहू) के मारे जाने के बाद वह और राहुल सिंह अब गैंग की कमान संभालेंगे।

इधर, फेसबुक पर मयंक सिंह की सक्रियता से झारखंड पुलिस भी पशोपेश में है। पुलिस ने अजर बैजान में पकड़े गए सुनील सिंह मीणा को ही मयंक सिंह माना था। अब वह मयंक सिंह नहीं है तो फेसबुक पोस्ट करने वाला कहां और कौन है, इसकी प्रक्रिया भी जल्द पूरी होगी।

बाबूलाल मरांडी को एनडीए को एकजुट करने की जिम्मेदारी

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड विधानसभा चुनाव परिणाम आने के बाद लगभग तीन महीने तक भाजपा के विधायकों को विधानसभा में अपने नेता के लिए इंतजार करना पड़ा। इस परिस्थिति ने सत्तापक्ष को निशाना साधने का भी मौका दिया।

विधानसभा के चालू बजट सत्र में भी कई ऐसे मौके आए, जब सदन में भाजपा विधायकों के बीच समन्वय और तारतम्यता की घोर कमी दिखी। भाजपा के विधायक इसे महसूस कर रहे थे, लेकिन दलीय अनुशासन की वजह से खुलकर सामने नहीं आ पा रहे थे।

विधायकों के स्तर से भी केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव बनाया गया तो आनन-फानन में केंद्रीय पर्यवेक्षक तैनात कर इस प्रक्रिया को अंजाम दिया गया। पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी विधायक दल के नेता बनाए गए और अगले दिन ही उन्हें विधानसभा में नेता



प्रतिपक्ष की मान्यता मिल गई।

विधानसभा में भाजपा विधायक दल का नेता चयनित होने के बाद भाजपा विधायक अगर तेवर में दिख रहे हैं तो इसकी एक बड़ी वजह नेतृत्व को लेकर संशय का दौर समाप्त होना है। उधर, नेता प्रतिपक्ष बाबूलाल मरांडी ने एनडीए के घटक दलों के बीच समन्वय के प्रयास किए हैं, ताकि सदन में सत्तापक्ष को मिलकर घेरा जा सके। उन्होंने इन दलों के विधायकों से विधानसभा का सत्र आरंभ होने के आधे घंटे पूर्व होने वाली बैठक में भी आने का आग्रह किया है, ताकि साझा रणनीति पर काम कर दबाव बनाया जा सके।

जमशेदपुर पश्चिम से जदयू के विधायक सरयू राय ने कहा कि नेता चयनित होने के बाद बाबूलाल मरांडी ने उनसे संपर्क किया। पहले भी अक्सर उनसे राज्य के मसलों पर बातचीत होती थी।

सदन में अभी तक एनडीए के विधायक सत्तापक्ष को घेरने के लिए एक साथ कभी नहीं दिखे। भाजपा के विधायकों ने अपने स्तर से रणनीति बनाई। हालांकि, एनडीए के घटक दल में शामिल जदयू, आजसू और लोजपा रामविलास के विधायकों के बैठने की व्यवस्था भाजपा विधायकों के साथ ही है।

विधानसभा में इन दलों के एक-एक विधायक हैं। सभी अपने स्तर से अपने मुद्दे उठाते हैं। भाजपा द्वारा समन्वय की पहल किए जाने के बाद संभावना है कि महत्वपूर्ण विषयों पर एनडीए सदन में एकजुट दिखे।

सीबीएसई छात्रों को मिला बड़ा तोहफा

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

धनबाद। सीबीएसई ने होली के कारण 15 मार्च की परीक्षा के लिए विशेष व्यवस्था दी है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक डॉ. संयम भारद्वाज के अनुसार सीबीएसई को सूचना मिली है कि देश के अधिकांश हिस्सों में होली का त्योहार 14 मार्च को मनाया जाएगा।

कुछ जगह पर यह 15 मार्च को भी है। इसलिए इसका प्रभाव 15 मार्च तक रह सकता है। ऐसे में कुछ छात्रों को परीक्षा देने में कठिनाई हो सकती है। इसे ध्यान में रखते हुए बोर्ड ने यह निर्णय लिया है कि जिन छात्रों के लिए 15 मार्च को परीक्षा देना संभव नहीं है, वो इस तिथि को परीक्षा में शामिल न होने का विकल्प चुन सकते हैं।

ऐसे छात्रों को विशेष परीक्षा में शामिल होने का अवसर दिया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि सीबीएसई की नीति के तहत राष्ट्रीय या अंतरराष्ट्रीय स्तर की खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेने वाले छात्रों के लिए ऐसी परीक्षा आयोजित की जाती है।

यहां बता दें कि 15 मार्च को 12वीं के हिंदी कोर एवं हिंदी ऐच्छिक की परीक्षा निर्धारित है। सीबीएसई ने अपने आधिकारिक एक्स हैंडल पर यह जानकारी पोस्ट की है।

सर्वे की धीमी गति से लोगों में रोष

जमशेदपुर। प्रधानमंत्री आवास योजना (ग्रामीण) के लिए किए जा रहे सर्वे में सिंहभूम जिले में अब तक 15 फीसदी लाभुकों का ही सर्वे हुआ है। वित्तीय वर्ष 2024-25 में पीएम आवास के लिए 89017 लाभुकों का सर्वे करने का लक्ष्य है। इसमें अब तक 6043 लाभुकों का ही सर्वे हुआ है।

आदिवासी बहुल क्षेत्र घाटशिला में 10287 लाभुकों में मात्र 343 यानी नौ फीसदी का ही सर्वे हो पाया है। सर्वे का काम 31 मार्च 2025 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है।

स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने नवनियुक्त चिकित्सकों को सौंपे नियुक्ति पत्र

स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र को मिलेगी नयी उड़ान

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

रांची। झारखंड के स्वास्थ्य मंत्री डॉ. इरफान अंसारी ने बुधवार को नवनियुक्त चिकित्सकों को नियुक्ति पत्र सौंपे। नामकुम स्थित आईपीएच सभागार में हुए इस कार्यक्रम में कुल 56 विशेषज्ञ चिकित्सा पदाधिकारी, 38 चिकित्सा पदाधिकारी, 11 दंत चिकित्सक और 57 ओटी टेक्निशियन को नियुक्त किया गया। इस दौरान मंत्री ने कहा कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में झारखंड को एक मजबूत स्वास्थ्य व्यवस्था देने की दिशा में लगातार काम किया जा रहा है।

मंत्री ने बताया कि राज्य में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए सरकार बड़े कदम उठा रही है। रिम्स पर मरीजों का बोझ कम करने के लिए जल्द ही पांच सुपर स्पेशियलिटी हॉस्पिटल बनाए जाएंगे। इसके अलावा डॉक्टर्स की कमी को पूरा करने के लिए जल्द ही 10,000 से अधिक भर्तियां की जाएंगी। रिटायर्ड डॉक्टरों की सेवाएं भी ली जाएंगी, जिससे मरीजों को बेहतर इलाज मिल सके।

मंत्री डॉ. अंसारी ने नए डॉक्टर्स को बधाई देते हुए कहा कि उनकी भूमिका समाज के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। अब वे अस्पतालों में अपनी सेवाएं देंगे और लोगों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधा देने में योगदान करेंगे। उन्होंने कहा, डॉक्टर्स मरीजों की जान बचाने का काम करते हैं, इसलिए हमें उनका मनोबल भी बढ़ाना होगा। मैं आपके साथ हूं और हम मिलकर झारखंड की स्वास्थ्य व्यवस्था को नई ऊंचाई पर ले जाएंगे।

स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि राज्य में जल्द ही नए मेडिकल कॉलेज और मेडिकल सीटें बढ़ाई जाएंगी। हर पंचायत में हेल्थ कॉटेज बनाए जाएंगे और इलाज में एआई व रोबोटिक टेक्नोलॉजी का इस्तेमाल किया जाएगा। 108 एंबुलेंस सेवा का विस्तार होगा और दूरदराज के इलाकों में बाइक एंबुलेंस शुरू की जाएगी।

मंत्री ने बताया कि मुख्यमंत्री के प्रयासों से झारखंड में एयर एंबुलेंस सेवा शुरू की गई, जिससे अब तक हजारों लोगों की जान बचाई जा चुकी है। सरकार अब हर जिले में हेलीकॉप्टर एंबुलेंस सेवा शुरू करने पर विचार कर रही है।

राज्य सरकार ने बड़ी कंपनियों को सीएसआर फंड के तहत स्वास्थ्य के क्षेत्र में काम करने के निर्देश दिए हैं। वहीं, प्राइवेट अस्पतालों को यह सुनिश्चित करने के लिए कहा गया है कि किसी मरीज की मृत्यु होने पर उसके परिवार पर बकाया बिल का अतिरिक्त बोझ न डाला जाए। कार्यक्रम में स्वास्थ्य विभाग के अपर मुख्य सचिव अजय कुमार ने भी नवनियुक्त चिकित्सकों को बधाई दी। उन्होंने कहा कि अब लोग डॉक्टर्स की ओर आशा भरी नजरों से देखेंगे, इसलिए हर मरीज का बेहतर इलाज करना उनकी प्राथमिकता होनी चाहिए। इस अवसर पर अभियान निदेशक अबु इमरान सहित स्वास्थ्य विभाग के कई वरिष्ठ अधिकारी और चिकित्सक उपस्थित थे।

63000 महिलाओं को सरकार ने दिया झटका

नवबिहार टाइम्स संवाददाता

साहिबगंज। झारखंड के साहिबगंज जिले में मुख्यमंत्री मंईयां सम्मान योजना से करीब 63 हजार लाभुकों का नाम काटा गया है। फिलहाल एक लाख 40 हजार महिलाओं को इसका लाभ मिलेगा। बताया जाता है कि एक दिन में करीब 20 हजार महिलाओं के खाते में ही राशि जाएगी। ऐसे में सभी महिलाओं के खाते में राशि जाने में करीब सात दिन लग जाएगा। होली के मौके पर करीब 63000 महिलाओं का नाम कटने पर कहीं खुशी तो कही गम का माहौल है। पिछली बार दो लाख तीन हजार महिलाओं की सूची बैंक को भेजी गई थी।

इस बार एक लाख 40 हजार महिलाओं का डाटा ही अथेंटिकेट हो पाया था। नाम में कटौती की सूचना मिलने पर कई महिलाएं व उनके स्वजन आधार कार्ड लेकर उनके खाते में राशि जाएगी या नहीं यह जानना चाह रहे थे। इस वजह से कार्यालयों में भीड़ लगनी शुरू हो गई है।

रांची युनिवर्सिटी की राष्ट्रीय सेवा योजना एवं इंटरनल कमेटी के संयुक्त प्रयास से अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस समारोह आरयू के डीएसडब्ल्यू डॉ. सुदेश कुमार साहू की अध्यक्षता में आर्यभट्ट सभागार में आयोजित किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ गुब्बारे उड़ाकर किया गया। मुख्य अतिथि मंत्री दीपिका पांडेय सिंह, विशिष्ट अतिथि सदस्य, राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग, डा. आशा लकड़ा, सम्मानित अतिथि निशा उरांव, डॉ. पूनम कुमारी, पद्मश्री चामी मुर्मु, डॉ. शशि बाला सिंह, डॉ. रोज उरांव, गार्गी मलकानी, श्रेयसी मिश्रा, मधुमिता ने सामूहिक रूप से दीप प्रज्ज्वलित कर समारोह की शुरूआत की।

दीपिका पांडेय सिंह ने कहा कि झारखंड सरकार की महिलाओं के सम्मान के लिए शुरू किए गए मंइयां सम्मान योजना महिलाओं के आर्थिक उत्थान में मील का पत्थर है।

विश्व कप की ओर कदम बढ़ा रहे विराट-रोहित

दुनियाभर की मीडिया कर रही टीम इंडिया की प्रशंसा

नई दिल्ली, एजेंसी। टीम इंडिया ने जब दुबई के मैदान पर चैंपियंस ट्रॉफी जीते तो सबकी नजरें उनपर आ गई। जब फोटोग्राफर्स उन्हें डांडियां खेलते हुए कैप्चर कर रहे थे तो रोहित ने मजाकिया अंदाज में कहा कि भाई, हम कोई रिटायर नहीं हो रहे हैं। उन्होंने और कुछ खास गालियों के बाद हंसते हुए कोहली से कहा, इनको तो लग रहा है...। वैसे हम रिटायर नहीं होने जा रहे हैं। रोहित और कोहली जब मैदान पर जश्न मना रहे थे तो वहीं, दूसरी तरफ कोच गौतम गंभीर ने नवजोत सिंह सिद्धू के साथ टेलीविजन चैट में शेर सुनाकर अपने इरादे जाहिर कर दिए। उन्होंने कहा कि सांप के डर से जंगल से भागना कोई विकल्प नहीं है/ सांप के फन को रौंदने की कला सीखो।

टीम इंडिया जब दुबई पहुंची थी तो माना गया कि वहां की स्थितियां उनकी मदद करेंगी। अन्य सभी टीमें जब पाकिस्तान में थी तो टीम इंडिया ने एक ही मैदान पर अपना सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन दिखाया। भारत के पास नया कोच है। बीते महीनों ही टीम इंडिया ने न्यूजीलैंड के खिलाफ घरेलू टेस्ट सीरीज गंवाई। बुमराह के शानदार प्रदर्शन के बावजूद टीम ने बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी गंवा दी। तब कप्तान की उम्र, फिटनेस और फॉर्म पर सवाल उठे। कहा गया कि कोहली भी रन नहीं बना पा रहे। चैंपियंस ट्रॉफी इनके लिए नए मौके की तरह थी। वहां जिस तरह से सीनियर प्लेयरों की मदद से भारत ने खिताब जीता, उसकी खूब सराहना होनी चाहिए। इसने विराट और रोहित के लिए वनडे विश्व कप 2027 के राह भी खोल दिए हैं।

ऑस्ट्रेलियाई अखबार ने की प्रशंसा

भले ही चैंपियंस ट्रॉफी को वनडे विश्व कप या टी20 विश्व कप जैसे लोकप्रियता नहीं मिल पाई है लेकिन आईसीसी टूर्नामेंट जीतने के बाद भारतीय टीम को मैदान पर एक घंटे से ज्यादा सतय तक जश्न मनाते देखा गया। टीम जब होटल पहुंची तो वहां भी जश्न मनाया गया। टीम इंडिया की जीत पर ऑस्ट्रेलियाई अखबार ने लिखा- वे पहले एक बिखरी हुई इकाई के रूप में दिखाई दे रहे थे। लेकिन जीत ने उन्हें एकजुट कर दिया। उन्होंने बारबाडोस में अहमदाबाद के भूत को दफना दिया था, लेकिन दुबई में 50 ओवर के प्रारूप में होने वाली यह जीत इन खिलाड़ियों के लिए ख़ास रहेगी।

अनुभव साझा करने में खुशी हो रही – कोहली

रोहित भी जीत के बाद बेहद खुश थे। उन्होंने कहा कि अभी भी बहुत भूख है, यहां तक कि उन लोगों में भी जिन्होंने बहुत क्रिकेट खेला है। यह युवा खिलाड़ियों पर भी असर डालता है। अगर वे अपने कुछ अन्य वरिष्ठ सदस्यों को ऐसी भूख दिखाते हुए देखते हैं ... तो यह दर्शाता है कि हम इसी तरह से अपना क्रिकेट खेलना चाहते हैं। वहीं, कोहली ने काह कि हम ऑस्ट्रेलिया के कठिन दौरे के बाद वापसी करना चाहते थे और हम एक बड़ा टूर्नामेंट जीतना चाहते थे। चेंजरूम में इतनी प्रतिभा है कि वे भारतीय क्रिकेट को सही दिशा में आगे ले जा रहे हैं। हमें अपना अनुभव साझा करने में खुशी हो रही है।

रोहित अब भी दमदार खिलाड़ी हैं – पोंटिंग

रोहित पर बोलते हुए ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग ने कहा कि वह अब भी दमदार खिलाड़ी हैं तथा वह 2027 में दक्षिण अफ्रीका, जिम्बाब्वे और नामीबिया की संयुक्त मेजबानी में होने वाले वनडे विश्व कप तक भारतीय टीम का नेतृत्व करना जारी रख सकते हैं। उन्होंने कहा कि जब आप अपने करियर के इस पड़ाव के करीब पहुंचते हैं तो हर कोई आपके संन्यास लेने का इंतजार कर रहा होता है। मैं नहीं जानता कि ऐसा क्यों होता है। वह भी तब जबकि आप अच्छा खेल रहे हो जैसा कि उन्होंने (चैंपियंस ट्रॉफी के फाइनल में) अच्छी पारी खेली थी। मुझे लगता है कि वह उन सवालों को हमेशा के लिए खत्म करने की कोशिश कर रहे थे और कह रहे थे, नहीं, मैं अब भी काफी अच्छा खेल रहा हूं। मुझे इस टीम में खेलना पसंद है। मुझे इस टीम का नेतृत्व करना पसंद है।



6 मिनट में 1 मिलियन लाइक्स हार्दिक ने तोड़ा विराट का रिकॉर्ड



नई दिल्ली, एजेंसी। भारतीय क्रिकेट टीम के धमाकेदार बल्लेबाज विराट कोहली सोशल मीडिया पर काफी फेमस हैं। उनके एक पोस्ट पर मिलियन्स में लाइक्स और हजारों कमेंट्स आते हैं। लेकिन चैंपियंस ट्रॉफी जीत के बाद भारतीय क्रिकेट टीम के ऑलराउंडर हार्दिक पांड्या द्वारा डाली गई तस्वीर ने विराट कोहली का सनसनीखेज रिकॉर्ड तोड़ दिया है। हार्दिक ने दुबई में जीत के बाद अपनी प्रतिष्ठित टी20 विश्व कप 2024 की तस्वीर को फिर से बनाया, जिसमें उन्होंने सोशल मीडिया स्टार खाबी लेम के पोज की नकल की। यह तस्वीर सोशल मीडिया पर तुरंत वायरल हो गई और इसने इंस्टाग्राम पर किसी भारतीय द्वारा सबसे तेज 1 मिलियन लाइक पाने का विराट का रिकॉर्ड तोड़ दिया।

हार्दिक पांड्या की इस फोटो पर मात्र 6 मिनट में ही एक मिलियन से ज्यादा लाइक्स आ गए। इससे पहले भारत की टी20 विश्व कप जीत के बाद विराट की पोस्ट ने 7 मिनट के भीतर 1 मिलियन लाइक का आंकड़ा छूआ था। हार्दिक पांड्या आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी में भारत की जीत के प्रमुख कारकों में से एक थे।

टूर्नामेंट में शुभमन गिल (पांच मैचों में एक शतक के साथ 188 रन), श्रेयस अय्यर (पांच मैचों में दो अर्द्धशतक के साथ 243 रन), अक्षर पटेल (पांच मैचों में पांच विकेट के साथ 109 रन), केएल राहुल (पांच मैचों में 140.00 की औसत से 140 रन) और वरुण चक्रवर्ती (नौ विकेट) जैसे कई मौजूदा और भविष्य के सितारों ने अपना योगदान दिया जिससे भारत की लगातार दूसरी बार व्हाइट-बॉल खिताब जीत सका।

हार्दिक पांड्या ने बीसीसीआई द्वारा पोस्ट किए गए एक वीडियो में कहा, 2017 में काम बाकी था। मैं तब काम पूरा नहीं कर पाया था, और मुझे बहुत खुशी है कि आज की रात वह रात है, जब मैं कह सकता हूं कि मैं चैंपियन ट्रॉफी विजेता हूं। यह अच्छा लगता है। मुझे लगता है कि मेरे लिए यह हमेशा से ही जितना संभव हो सके उतनी चैंपियनशिप जीतने के बारे में रहा है। मैंने यह तब कहा था जब हम 2024 में जीते थे, यह अभी खत्म नहीं हुआ है। मुझे अभी भी 5-6 और ट्रॉफी की जरूरत है। मैं रोमांचित हूं कि एक और ट्रॉफी जुड़ गई है।

रोहित के पास संन्यास लेने या किसी भी आलोचना को सुनने का कोई कारण नहीं है : डिविलियर्स





नई दिल्ली, एजेंसी। दक्षिण अफ्रीका के महान बल्लेबाज एबी डिविलियर्स ने रोहित शर्मा के बल्लेबाज और कप्तान के रूप में रिकॉर्ड की सराहना की। उन्होंने हाल ही में आईसीसी चैंपियंस ट्रॉफी जीती और वनडे प्रारूप से उनके संन्यास के बारे में बहुत सारी चर्चाओं पर विराम लगा दिया। भारत ने फाइनल में न्यूजीलैंड पर चार विकेट से जीत दर्ज कर अपना तीसरा चैंपियंस ट्रॉफी खिताब जीता। हाल ही में मिली इस उपलब्धि के साथ रोहित आईसीसी खिताबों के मामले में दूसरे सबसे सफल भारतीय कप्तान बन गए हैं।

रोहित की कप्तानी में भारत ने ब्रिजटाउन में फाइनल में दक्षिण अफ्रीका को हराकर 2024 टी20 विश्व कप का खिताब जीतने के 9 महीने से भी कम समय में अपना दूसरा आईसीसी रजत पदक जीता, जिससे 2013 में धोनी के नेतृत्व में चैंपियंस ट्रॉफी जीत तक फैले एक दशक से अधिक लंबे आईसीसी खिताब के सूखे को समाप्त किया गया।

डिविलियर्स ने कहा, अन्य कप्तानों की तुलना में रोहित के जीत प्रतिशत को देखें, यह लगभग 74त्न है, जो कि अतीत के किसी भी अन्य कप्तान की तुलना में काफी अधिक है। अगर वह आगे बढ़ता रहता है, तो वह अब तक के सर्वश्रेष्ठ वनडे कप्तानों में से एक के रूप में जाना जाएगा। रोहित ने यह भी कहा है कि वह संन्यास नहीं ले रहे हैं और उन्होंने अनुरोध किया है कि अफवाहें फैलने से रोकें।

रोहित के वनडे से संन्यास लेने की अफवाहें चल रही थीं, ठीक उसी तरह जैसे उन्होंने पिछले साल बारबाडोस में विश्व कप जीतने के बाद टी20आई प्रारूप से संन्यास ले लिया था। लेकिन कप्तान ने 76 रन बनाकर प्लेयर ऑफ द फाइनल का पुरस्कार जीतने बाद इन अटकलों को खारिज कर दिया।

डिविलियर्स ने कहा, वह क्यों संन्यास लेंगे? उस तरह के रिकॉर्ड के साथ, न केवल कप्तान के रूप में बल्कि एक बल्लेबाज के रूप में भी। फाइनल में 76 रन की पारी, भारत को शानदार शुरुआत देना, सफलता की नींव रखना और दबाव के चरम पर होने पर आगे से नेतृत्व करना। रोहित शर्मा के पास संन्यास लेने का कोई कारण नहीं है। किसी भी आलोचना को सुनने का कोई कारण नहीं है। उनका रिकॉर्ड खुद बोलता है। इतना ही नहीं, उन्होंने अपने खेल को भी बदल दिया है।

उन्होंने कहा, अगर हम पावरप्ले में उनके स्ट्राइक रेट को देखें, तो यह पावरप्ले में एक ओपनिंग बल्लेबाज के लिए काफी कम था, लेकिन 2022 से उनका स्ट्राइक रेट पहले पावरप्ले में 115 हो गया है और यही अच्छे और महान के बीच का अंतर है। यह आपके अपने खेल को बदल रहा है और यह कभी नहीं रुकता। आपके पास हमेशा सीखने के लिए कुछ होता है और कुछ बेहतर करने के लिए होता है।

चोटिल राहुल द्रविड़ ने बतौर कोच संभाला मोर्चा, अपनी टीम राजस्थान रॉयल्स से जुड़े; बैसाखी पर आए नजर



जयपुर। राजस्थान रॉयल्स के नए मुख्य कोच राहुल द्रविड़ ने आईपीएल का आगामी सत्र शुरू होने से पहले ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लिया। द्रविड़ को स्थानीय लीग मैच में खेलने के दौरान पैर में चोट लग गई थी। फ्रेंचाइजी ने अपने आधिकारिक सोशल मीडिया हैंडल पर एक वीडियो शेयर किया जिसमें द्रविड़ पहले ट्रेनिंग शिविर में हिस्सा लेते दिखाई दिए। इस दौरान द्रविड़ बैसाखी के सहारे चल रहे थे। द्रविड़ को भले ही चलने में दिक्कत हो रही थी, लेकिन उन्होंने सक्रियता से ट्रेनिंग सीजन में हिस्सा लिया। द्रविड़ ने खिलाड़ियों से हाथ मिलाए और फिर वह रियान पराग, यशस्वी जायसवाल के साथ चर्चा करने लगे। यशस्वी ने इस दौरान कई शॉट्स लगाए और वह द्रविड़ से सलाह लेते नजर आए। हाथ में बैसाखी लिए द्रविड़ पूरे सत्र को ध्यान से देखते रहे। राजस्थान ने इस बात की पुष्टि की थी कि द्रविड़ को खेलते वक्त चोट लग गई थी। राजस्थान रॉयल्स ने एक्स पर एक फोटो पोस्ट की थी जिसमें राहुल बैठे हुए थे। राजस्थान फ्रेंचाइजी ने इसके कैप्शन में लिखा था, मुख्य कोच राहुल द्रविड़ जिन्हें बंगलुरू में क्रिकेट खेलते वक्त चोट लगी थी और वह इससे उबर रहे हैं और जयपुर में टीम के साथ जुड़ गए हैं। पिछले सप्ताह द्रविड़ को विजय क्रिकेट क्लब के लिए जयनगर क्रिकेटर्स के खिलाफ खेलते हुए चोट लगी थी।

सात्विक-चिराग की भारतीय जोड़ी ऑल इंग्लैंड के दूसरे दौर में



बर्मिंघम -भारत के सात्विकसाईराज रेंकीरेड्डी और चिराग शेट्टी की भारतीय पुरुष युगल जोड़ी ऑल इंग्लैंड चैंपियनशिप के दूसरे दौर में पहुंच गई है। सात्विक-चिराग ने डेनमार्क के डेनियल लुंडगार्ड और मैड्स वेस्टेरगार्ड को सीधे गेम में हराया। पिछले महीने पिता के निधन के बाद वापसी करने वाले सात्विक ने अपने जोड़ीदार चिराग के साथ मिलकर प्रभावशाली प्रदर्शन किया और 40 मिनट तक चले मुकाबले में 21-17, 21-15 से जीत दर्ज की।

एशियाई खेलों की चैंपियन सातवीं वरीयता प्राप्त भारतीय जोड़ी राउंड ऑफ 16 के दौर में गुरुवार को चीन की हाओ नान जेई और वेई हान झेंग का सामना करेगी। दिन के अन्य मैचों में लक्ष्य सेन का सामना पुरुष एकल वर्ग में इंडोनेशिया के जोनाथन क्रिस्टी से होगा, जबकि मालविका बंसोड़ जापान की तीसरी वरीयता प्राप्त और दो बार की विश्व चैंपियन अकाने यामागुची का सामना करेंगी। मालविका ने इससे पहले इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट के अपने डेब्यू मैच में सिंगापुर की यिओ जिया मिन को हराया था। विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर मौजूद त्रिसा जॉली और गायत्री गोपीचंद का सामना आठवीं वरीयता प्राप्त कोरियाई जोड़ी ही जियोंग किम और ही योंग कोंग की जोड़ी से होगा।

सिंधू का सफर पहले दौर में थमा- इससे पहले, महिला एकल वर्ग में बुधवार को बड़ा झटका लगा था और दो बार की ओलंपिक पदक विजेता पीवी सिंधू का सफर पहले ही दौर में थम गया था। सिंधू को पहले दौर में कोरिया की किम गा युन के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा। सिंधू ने किम के खिलाफ पहला गेम जीता था, इसके बावजूद तीन गेम तक चले मैच में हारकर बाहर हो गईं। पैर की मांसपेशियों में चोट के बाद वापसी कर रहीं 29 साल की सिंधू को एरेना बर्मिंघम में एक घंटे से कुछ अधिक समय चले मुकाबले में दुनिया की 21वें नंबर की खिलाड़ी किम के खिलाफ 21-19, 13-21, 13-21 से हार का सामना करना पड़ा था।

19वें ओवर में निकल गए 3 विकेट फिर भी जीते ऑस्ट्रेलियाई मास्टर्स, रोमांच चरम पर

नई दिल्ली, एजेंसी। ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स ने 2 विकेट से जीत हासिल कर अंतर्राष्ट्रीय मास्टर्स लीग टी20, 2025 के सेमीफाइनल में अपनी जगह पक्की कर ली, जबकि इंग्लैंड मास्टर्स इस मैच से पहले ही सेमीफाइनल की दौड़ से बाहर हो चुका था। रायपुर के शहीद वीर नारायण सिंह अंतर्राष्ट्रीय स्टेडियम में खेले गए मुकाबले में दर्शकों को अंत के ओवरों तक रोमांच देखने को मिला।

इंग्लैंड मास्टर्स – 209-3 (20 ओवर)

टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 20 ओवर में 209/3 का स्कोर बनाया। उनके बल्लेबाजों ने अहम योगदान दिया, जिसमें टिम एम्ब्रोस ने अर्धशतक बनाया और डैरेन मैडी ने 19 गेंदों पर 29 रन की तेज पारी खेली। इससे पहले कप्तान इयोन मोर्गन ने पूरा धमाल मचाया। उन्होंने ऑस्ट्रेलिया के सभी गेंदबाजों की खबर ली और 32 गेंदो पर 5 चौके और 5 छक्कों की मदद से 64 रन बनाए। अंत में ब्रेसनेन ने 8 गेंदों पर 18 रन बनाकर स्कोर 209 तक पहुंचा दिया।

ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स – 210-7 (19.1 ओवर)

210 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए 20 ओवर में 211/8 रन बनाकर मैच समाप्त हुआ। नाथन रियरडन ने शानदार 83 रनों की पारी खेलकर महत्वपूर्ण भूमिका निभाई, जबकि डेनियल क्रिश्चियन ने मात्र 20 गेंदों पर



अर्धशतक बनाया, जो टूर्नामेंट का सबसे तेज अर्धशतक था। महत्वपूर्ण मौकों पर विकेट गंवाने के बावजूद, ऑस्ट्रेलिया मास्टर्स अपने आक्रामक बल्लेबाजी दृष्टिकोण की बदौलत फिनिश लाइन को पार करने में सफल रहे। इंग्लैंड के लिए टिम ब्रेसनेन ने 45 रन देकर पांच विकेट लिए लेकिन यह काम न आ सके।अंक तालिका को देखा जाए तो फिलहाल श्रीलंका मास्टर्स पांच मैचों में चार जीत के साथ पहले नंबर पर बनी हुई है जबकि दूसरे नंबर पर सचिन तेंदुलकर की कप्तानी वाली इंडिया मास्टर्स है। ऑस्ट्रेलिया ने पांच में से तीन मुकाबले जीतकर सेमीफाइनल में जगह बनाई है तो वहीं, विंडीज ने 5 मैचों में तीन जीत के साथ आगे कदम बढ़ाया है। अब वीरवार को भारत मास्टर्स और ऑस्ट्रेलियाई मास्टर्स में पहला सेमीफाइनल मुकाबला खेला जाएगा। शुक्रवार को श्रीलंका मास्टर्स और विंडीज मास्टर्स आमने सामने होंगे। दोनों मैचों के विजेता रविवार को रायपुर के मैदान पर फाइनल खेलेंगे।

रेलवे का नए नियम, ट्रेन में खाने की कीमतें और मेन्यू प्रदर्शित करना अनिवार्य, लोकसभा में रेल मंत्री ने दी जानकारी

नई दिल्ली, एजेंसी। रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में बताया कि ट्रेनों में यात्रियों को परोसे जाने वाले खाद्य पदार्थों का मेनू और मूल्य लिस्ट प्रदर्शित करना अनिवार्य है। उन्होंने एक लिखित उत्तर में कहा कि यात्रियों की जानकारी के लिए आइआरसीटीसी की वेबसाइट पर सभी खाद्य पदार्थों का मेनू और दरें उपलब्ध हैं। सभी विवरणों के साथ मुद्रित मेनू कार्ड वेटरों के पास उपलब्ध कराए जाते हैं और यात्रियों को मांगने पर दिए जाते हैं।

उन्होंने कहा कि पेन्ट्री कारों में भी रेट लिस्ट प्रदर्शित की गई है। इसके अलावा, भारतीय रेलवे में खानपान सेवाओं के मेनू और शुल्क के बारे में यात्रियों को जागरूक करने के लिए, मेनू और शुल्क के लिंक के साथ यात्रियों को एसएमएस भेजना शुरू किया गया है।

एक अन्य प्रश्न के जवाब में अश्विनी वैष्णव ने कहा कि बिलासपुर-मनाली-लेह नई रेलवे लाइन की अनुमानित लागत 1,31,000 करोड़ रुपये है, जो कारगिल को कनेक्टिविटी प्रदान करेगी। बिलासपुर-मनाली-लेह लाइन की विस्तृत परियोजना रिपोर्ट तैयार कर ली गई है। उन्होंने कहा कि बिलासपुर-मनाली-लेह नई लाइन, जो आंशिक रूप से केंद्र शासित प्रदेश लद्दाख में



आती है, को रक्षा मंत्रालय द्वारा रणनीतिक लाइन के रूप में पहचाना गया है।

अश्विनी वैष्णव ने एक अन्य प्रश्न के जवाब में कहा कि 15 फरवरी को नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर हुई भगदड़ में मारे गए या घायल हुए 33 परिवारों को कुल 2.01 करोड़ रुपये का मुआवजा दिया गया है।

इस मामले में प्रत्येक मृतक के परिजन को 10 लाख रुपये, गंभीर रूप से घायलों को 2.50 लाख रुपये और सामान्य रूप से घायलों को एक-एक लाख रुपये की अनुग्रह राशि दी गई है। यह भगदड़ नई दिल्ली रेलवे स्टेशन पर उस समय हुई जब प्रयागराज में महाकुंभ मेले के लिए श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ रही थी।

सरकार ने लोकसभा को बताया कि तीन तलाक विरोधी कानून के तहत दर्ज होने वाले मामलों का कोई डाटा केंद्र के स्तर पर नहीं रखा जाता क्योंकि कानून-व्यवस्था राज्य से जुड़ा विषय है। केंद्रीय अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा सदस्य दीपक अधिकारी के प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। सदस्य ने देश में तीन तलाक कानून पारित होने के बाद से दर्ज मामलों की संख्या का विवरण मांगा था।

इसके जवाब में मंत्री ने कहा कि ऐसा कोई डाटा केंद्र के स्तर पर नहीं रखा जाता है। इसके अलावा, पुलिस और विधि व्यवस्था राज्य के विषय हैं। उनके अनुसार, मुस्लिम महिला (विवाह अधिकार संरक्षण) अधिनियम के तहत अपराधों के मामलों में निपटारा राज्य सरकारों के स्तर पर किया जाता है।

बीएसएनएल, एमटीएनएल ने परिसंपत्ति मुद्रीकरण से 12,984 करोड़ रुपये जुटाए

सार्वजनिक क्षेत्र की दूरसंचार कंपनियों बीएसएनएल और एमटीएनएल ने 2019 से भूमि, भवन, टावर और फाइबर के मुद्रीकरण से कुल 12,984.86 करोड़ रुपये कमाए हैं।

संचार राज्य मंत्री पेम्मासानी चंद्रशेखर द्वारा लोकसभा में साझा किए गए आंकड़ों के अनुसार, बीएसएनएल ने जनवरी 2025 तक भूमि और भवनों के मुद्रीकरण से 2,387.82 करोड़ रुपये और एमटीएनएल ने 2,134.61 करोड़ रुपये कमाए हैं। शेखर ने एक लिखित उत्तर में कहा कि बीएसएनएल और एमटीएनएल केवल उन भूमि और भवन परिसंपत्तियों का मुद्रीकरण कर रहे हैं जिनकी निकट भविष्य में उनके अपने उपयोग के लिए आवश्यकता नहीं है।

प्राकृतिक भंडार के कारण तुम्मलापल्ले के पानी में यूरेनियम की मात्रा अधिक: सरकार ने लोकसभा में बताया कि आंध्र प्रदेश के तुम्मलापल्ले में पानी में यूरेनियम की उपस्थिति क्षेत्र में रेडियोधर्मी खनिज के प्राकृतिक भंडार के कारण है। एक प्रश्न के लिखित जवाब में केंद्रीय मंत्री जितेंद्र सिंह ने कहा कि आंध्र प्रदेश प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड, आइआइटी-चेन्नई और भाभा परमाणु अनुसंधान केंद्र जैसी विभिन्न एजेंसियों ने क्षेत्र में पानी में यूरेनियम संदूषण के दावों की जांच करने के लिए व्यापक और गहन जल-भूवैज्ञानिक जांच की। एजेंसियों ने यह भी जांच की कि क्या यूरेनियम कारपोरेशन आफ इंडिया (यूसीआइएल) की खनन परियोजना ने इस तरह के संदूषण में कोई भूमिका निभाई है।

अल्पसंख्यकों को तीन वर्षों में 2,347 करोड़ रुपये के रियायती ऋण दिए गए: राष्ट्रीय अल्पसंख्यक विकास और वित्त निगम (एनएमडीएफसी) ने पिछले तीन वर्षों के दौरान 2,347.15 करोड़ रुपये का रियायती ऋण वितरित किया है, जिससे अल्पसंख्यक समुदायों के 5.50 लाख से अधिक पात्र लोगों को इसका लाभ मिला।

अल्पसंख्यक कार्य मंत्री किरण रिजिजू ने लोकसभा में एक प्रश्न के लिखित उत्तर में यह जानकारी दी। रिजिजू ने कहा कि रियायती ऋण के लिए एनएमडीएफसी पात्रता मानदंड में कहा गया है कि व्यक्तियों को एक अधिसूचित राष्ट्रीय अल्पसंख्यक, विशेष रूप से बौद्ध, ईसाई, जैन, मुस्लिम, पारसी और सिख से संबंधित होना चाहिए।

संक्षिप्त समाचार



बिना काम जारी कर दी राशि, दिल्ली में एसीबी का ऐक्शन; सिंचाई विभाग के अधिकारियों पर धोखाधड़ी का केस दर्ज

नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा (एसीबी) ने सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग के सीडी-7 डिवीजन के अधिकारियों के खिलाफ धोखाधड़ी का केस दर्ज किया है। अधिकारियों पर आरोप है कि उन्होंने निजी ठेकेदारों से सांठगांठ कर बिना काम पूरा हुए ही भुगतान की पूरी राशि जारी कर दी थी। एसीबी की टीम मामले की जांच में जुटी है। एसीबी के मुताबिक, इस संबंध में सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की सतर्कता शाखा की तरफ से शिकायत मिली थी। इसमें आरोप लगाया गया था कि सीडी-7 डिवीजन के अधिकारियों ने निजी ठेकेदारों को फर्जी तरह से बिना काम पूरा हुए ही पूरी राशि का भुगतान कर दिया है। शिकायत के आधार पर विभाग के प्रमुख सचिव ने अभियंताओं की एक समिति गठित की थी, जिसने प्रत्येक मामले की जांच कर एक रिपोर्ट तैयार की। समिति ने छह कार्यों की भौतिक जांच के बाद तैयार रिपोर्ट में गड़बड़ियों का उल्लेख किया है। सिंचाई एवं बाढ़ नियंत्रण विभाग की सतर्कता शाखा की तरफ से शिकायत दी गई थी। दिल्ली की भ्रष्टाचार निरोधक शाखा की टीम जांच में जुटी है। समिति ने रिपोर्ट में बताया कि चार मामलों में बिना कार्य पूरा किए ही सौ फीसदी तक भुगतान कर दिया गया है। वहीं, एक कार्य को लाल डोरा की सीमाओं से परे जाकर अनधिकृत रूप से निष्पादित किया गया। इस रिपोर्ट के बाद भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने इन आरोपों का अपने स्तर पर भौतिक सत्यापन किया, तो जांच समिति की रिपोर्ट में दिए गए तथ्यों की पुष्टि हुई। आरोपों की पुष्टि के बाद एसीबी ने सीडी-7 डिवीजन के आरोपी अधिकारियों के खिलाफ भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 17-ए के तहत कार्रवाई से पूर्व स्वीकृति प्राप्त करने का प्रस्ताव भेजा था, जिस पर मंजूरी मिलते ही मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

दिल्ली मेट्रो रेड लाइन की सेवाएं प्रभावित, केबल चोरी के कारण लगा ब्रेक



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली की रेड लाइन मेट्रो पर सुबह से सेवाएं प्रभावित हैं। इसकी वजह है केबल चोरी की घटना। केबल चोरी की घटनाओं के कारण यात्रियों को बार-बार असुविधा का सामना करना पड़ता है। इसपर डीएमआरसी ने खेद जताया है। डीएमआरसी बार-बार इस तरह की होने वाली समस्याओं को हल करने के लिए कानूनी मशीनरी के संपर्क में है। नॉन पीक आवर्स के दौरान प्रभावित खंड की मरम्मत करने की कोशिश की जाएगी। हालांकि, अगर ऐसा नहीं हो पाता है, तो आज रात यात्री सेवाएं समाप्त होने के बाद मरम्मत का काम शुरू होगा। डीएमआरसी ने 13 मार्च को यात्रियों को शाहदरा से सीलमपुर तक रेड लाइन पर सेवाओं में देरी की सूचना दी है। इसमें कहा गया है कि अन्य सभी लाइनों पर सेवाएं सामान्य हैं। सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर डीएमआरसी ने बताया, रेड लाइन अपडेट। शाहदरा से सीलमपुर तक सेवाओं में देरी। अन्य सभी लाइनों पर सेवा सामान्य है।

दूसरी ओर, 11 मार्च को डीएमआरसी ने बताया कि होली के मौके पर 14 मार्च को एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन सहित दिल्ली मेट्रो की सभी लाइन पर दोपहर 2:30 बजे तक मेट्रो ट्रेन सेवाएं उपलब्ध नहीं होंगी। डीएमआरसी ने कहा कि इसके बाद (दोपहर 2.30 बजे के बाद) सभी लाइन पर सामान्य सेवाएं शुरू होंगी। दिल्ली मेट्रो ने कहा, होली त्योहार के दिन 14 मार्च को एयरपोर्ट एक्सप्रेस लाइन समेत सभी मेट्रो लाइन पर मेट्रो सेवाएं दोपहर 2:30 बजे तक उपलब्ध नहीं होंगी।

होली पर बदलेगा मौसम, यूपी-हरियाणा और पंजाब समेत 11 राज्यों में दो दिन बारिश का अनुमान



नई दिल्ली, एजेंसी। दिल्ली में आज बादल छाए रहने और रात में बूंदाबांदी होने की संभावना जताई है। दिल्ली, नोएडा, गाजियाबाद समेत पूरे एनसीआर में आज रात से फिर मौसम करवट लेगा। मौसम विभाग ने मौसम को लेकर लेटेस्ट अपडेट जारी किया है। दक्षिणी तमिलनाडु के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया गया है। दक्षिणी तमिलनाडु में भारी बारिश के आसार हैं। आगामी दो दिनों में बीकानेर, जयपुर व भरतपुर संभाग के कुछ हिस्सों में हल्की बारिश होने की संभावना है और तापमान में दो से तीन डिग्री सेल्सियस तक गिरावट होने के आसार हैं। वहीं संगरिया में सबसे कम न्यूनतम तापमान बुधवार सुबह 13.1 डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया। आज यानी 13 मार्च से उत्तर-पश्चिम भारत के अधिकतर इलाकों में बारिश का दौर शुरू होने वाला है। इससे लू वाले इलाकों को राहत मिलेगी। वहीं, दिल्ली को भी दिनभर की गर्मी से कुछ राहत मिल सकती है। लेकिन पहाड़ों पर बर्फबारी अभी जारी रहने वाली है। वहीं कुछ राज्यों में हीटवेव का दौर चल रहा है। अब से 16 मार्च तक पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र में गरज और बिजली के साथ हल्की से मध्यम बारिश और बर्फबारी हो सकती है। 14 मार्च को लद्दाख, गिलगित बाल्टिस्तान, मुजफ्फराबाद, हिमाचल प्रदेश जम्मू कश्मीर में अलग-अलग स्थानों पर बारिश की संभावना है। 13 और 14 मार्च को और दिल्ली एनसीआर के साथ-साथ पंजाब, हरियाणा, पश्चिमी उत्तर प्रदेश में हल्की बारिश और गरज के साथ बारिश हो सकती है।

सीवेज ढांचे का सही ढंग से नहीं हो रहा इस्तेमाल, जलशक्ति मंत्रालय बोला- प्रोजेक्टों में देरी से नदियां हो रहीं प्रदूषित

नई दिल्ली, एजेंसी। केंद्र सरकार ने कहा है कि नदियों के प्रदूषण के मामले में स्थिति में सुधार आया है, लेकिन सीवेज इन्फ्रास्ट्रक्चर का पूरा इस्तेमाल न होने के कारण अपेक्षित परिणाम नहीं मिले हैं।



जलशक्ति मंत्रालय की ओर से विगत दिवस राज्यसभा में बताया गया कि नदियों के प्रदूषण पर अपेक्षा के अनुरूप अंकुश न लग पाने के लिए घरों में सीवेज कनेक्शन की कमी और परियोजनाओं को पूरा करने में हुई देरी भी जिम्मेदार है।

नदियों के प्रदूषण से जुड़े सवालों के जवाब में जलशक्ति राज्य मंत्री राजभूषण चौधरी ने सदन को बताया कि विभागों की ओर से रखरखाव और मरम्मत के कार्यों में दिखाया जाने वाला लचर रवैया भी इसके लिए उत्तरदायी है।

हालांकि प्रदूषित नदियों पर केंद्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की रिपोर्ट के मुताबिक प्रदूषण वाले हिस्सों में कमी आई है। 2018 में ऐसे खंडों की संख्या 351 थी, जो अब घटकर 311 रह गए हैं। इन 351 खंडों में 106 को स्थिति दुरुस्त हो जाने के बाद सूची से हटा दिया गया है। जबकि 74 में सुधार के प्रमाण मिले हैं। मंत्रालय के अनुसार नदियों की सफाई और उन्हें पुनर्जीवन देना एक सतत प्रक्रिया है। मुख्य रूप से यह राज्यों, केंद्र शासित क्षेत्रों और स्थानीय निकायों की जिम्मेदारी है। उन्हें ही घरेलू सीवेज और औद्योगिक कचरे को नदियों में जाने से पहले साफ करना है। एक अन्य सवाल के जवाब में चौधरी ने कहा कि सीपीसीबी ने 73 ऐसे उद्योगों को बंद करने का आदेश दिया है जो नदियों को बहुत अधिक प्रदूषित कर रहे थे। ये सभी उद्योग कचरे के निस्तारण को लेकर मानकों का लगातार उल्लंघन कर रहे थे।

नियमित रक्तदान से कम होता है भयानक बीमारी का खतरा, शोध में हुआ खुलासा

लंदन , एजेंसी। रक्तदान किसी की जान बचाने के लिए तो काम आता ही है, लेकिन यह आपकी सेहत के लिए भी फायदेमंद हो सकता है। हाल ही में किए गए एक शोध से यह पता चला है कि जो लोग नियमित रूप से रक्तदान करते हैं, उनमें कैंसर होने का खतरा कम हो सकता है। यह शोध लंदन के फ्रांसिस क्रिक इंस्टीट्यूट के वैज्ञानिकों ने किया। उन्होंने पाया कि लंबे समय तक रक्तदान करने वालों के खून में जेनेटिक बदलाव होते हैं, जो कैंसर के खतरे को कम करने में मदद कर सकते हैं।शोधकर्ताओं ने 60 साल के 2 समूह के रक्तदाताओं के खून की तुलना की। पहले समूह में वे लोग शामिल



थे, जिन्होंने पिछले 40 सालों से हर साल 3 बार रक्तदान किया। दूसरे समूह में ऐसे लोग थे, जिन्होंने अब तक केवल 5 बार रक्तदान किया। पहले समूह के 50 प्रतिशत लोगों के खून में खास जेनेटिक बदलाव पाए गए, जो शरीर में कैंसर के खतरे को कम कर सकते हैं। शोधकर्ताओं का कहना है कि समय के साथ शरीर में खून में म्यूटेशन होते रहते हैं, जो कैंसर का कारण बन सकते हैं। लेकिन रक्तदान से नया खून बनने की प्रक्रिया तेज होती है, जिससे शरीर के स्टेम सेल्स अधिक सक्रिय हो जाते हैं और नया, स्वस्थ खून बनता है। रक्तदान से पुराने और हानिकारक ब्लड सेल्स कम हो जाते हैं, जिससे शरीर में स्वास्थ्य की स्थिति बेहतर होती है। आज सुबह एक बार फिर भूकंप के झटकों से धरती कांप गई। भारत और ताइवान में भूकंप के झटके महसूस किए गए। भारत के गुजरात राज्य के सौराष्ट्र क्षेत्र में स्थित अमरेली शहर में लोग भूकंप के झटकों से डर गए। ताइवान में भी 5.2 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे लोग परेशान हो गए।


झूठ दिखा पाक का दावा, पंजाबी फौजी बोला- मैंने 50 से 60 पाकिस्तानी फौजियों को मरते देखा

कराची , एजेंसी। पाकिस्तानी सेना ने बलूचिस्तान में हाईजैक की गई जाफर एक्सप्रेस ट्रेन से सभी बंधकों को सुरक्षित छुड़ा लिया है। पाकिस्तान की सेना का कहना है कि उनका रेस्क्यू ऑपरेशन सफलतापूर्वक खत्म हो गया है और सभी बंधकों को रिहा कर लिया गया है। हालांकि, बलूच लिबरेशन आर्मी का दावा है कि सेना का यह दावा पूरी तरह से गलत है और अभी भी उनके कब्जे में 150 से ज्यादा लोग हैं। पाकिस्तान सेना के प्रवक्ता, अहमद शरीफ चौधरी, ने कहा कि ऑपरेशन के दौरान बलूच विद्रोहियों को हराया गया और 212 बंधकों को मुक्त किया गया। सेना के मुताबिक, इस ऑपरेशन में 33 विद्रोहियों को मार गिराया गया और 21 बंधकों की मौत हो गई। हालांकि, बलूच ने अपनी बात में विरोध करते हुए कहा कि सेना का दावा पूरी तरह से झूठा है। बलूच के अनुसार, अभी भी उनके पास 150 से ज्यादा बंधक हैं। इस मामले में एक चश्मदीद ने जो जानकारी दी, वह पाकिस्तानी सेना के दावों को और कमजोर कर देती है। एक पंजाबी फौजी ने बताया कि उसने अपनी आँखों से देखा कि बीएलए के लड़ाकों ने पाकिस्तानी सैनिकों का कत्लेआम किया। उसने बताया कि 50 से 60 पाकिस्तानी सैनिकों को बीएलए के विद्रोहियों ने मार गिराया। इस बयान ने पाकिस्तान की ओर से किए गए दावों की सच्चाई पर सवाल उठा दिया है। लान न्यूज ने सोशल मीडिया पर वीडियो शेयर किया है, जिसमें पीड़ित चश्मदीद यह बताता है कि बीएलए के लड़ाकों ने 50 से 60 लोगों को मार डाला। जाफर एक्सप्रेस ट्रेन में कुल 440 यात्री सवार थे, जिनमें से 21 को बीएलए के लड़ाकों ने ट्रेन पर कब्जा करते समय ही मार डाला था। इन 21 में चार पाकिस्तानी सैनिक भी शामिल थे।

अमेरिका में मंगेतर ने मां के साथ मिलकर मकान खरीदा, दुल्हन ने शादी से किया इनकार

न्यूयार्क, एजेंसी। शादी का सपना देख रही एक महिला के लिए यह किसी बुरे सपने से कम नहीं था। अमेरिका में एक महिला ने अपनी शादी इसलिए खत्म कर दी क्योंकि उसके मंगेतर ने उसे बताए बिना उसकी मां के साथ मिलकर एक मकान खरीद लिया था। जब यह राज खुला तो दुल्हन ने शादी से इनकार कर दिया और हमेशा के लिए रिश्ता तोड़ दिया।

इसका खुलासा कैसे हुआ?: यह महिला अपने मंगेतर के साथ शादी की तैयारियों में व्यस्त थी। वे एक साथ नया जीवन शुरू करने की योजना बना रहे थे, लेकिन तभी उसे पता चला कि उसके मंगेतर ने अपनी मां के साथ मिलकर एक नया घर खरीद लिया है और उसने यह बात अपनी होने वाली पत्नी से छुपाई है। जब दुल्हन ने अपने मंगेतर से इस बारे में पूछा तो उसका जवाब चौंकाने वाला था। उन्होंने कहा कि उन्होंने यह निर्णय अपनी मां के साथ मिलकर लिया था





और उन्हें दुल्हन को कुछ भी बताने की जरूरत महसूस नहीं हुई।

दुल्हन ने सगाई तोड़ने का फैसला क्यों किया?

जब महिला को पता चला कि उसके मंगेतर ने उसकी राय के बिना इतना बड़ा फैसला ले लिया तो उसने शादी से इनकार कर दिया। उनके अनुसार अगर शादी से पहले ऐसा विश्वासघात हुआ है तो भविष्य में यह रिश्ता और भी ज्यादा परेशानियों से भरा होगा।

सोशल मीडिया पर छिड़ी बहस: यह घटना सोशल मीडिया पर वायरल हो गई और लोगों की इस पर मिली-जुली प्रतिक्रियाएं आ रही हैं। एक यूजर ने लिखा, अगर मंगेतर पहले ही पत्नी से ज्यादा मां को महत्व देता तो यह रिश्ता टिक नहीं पाता। एक अन्य यूजर ने कहा, शादी से पहले ऐसी बातें छिपाना गलत है। विश्वास रिश्ते की नींव है। हालांकि कुछ लोगों ने मंगेतर का समर्थन किया, लेकिन हो सकता है कि उसके इरादे गलत न रहे हों। हर बात पर संदेह करना जरूरी नहीं है।

क्या सगाई तोड़ने का फैसला सही था? : दुल्हन के इस फैसले पर कई लोग सहमत हैं कि रिश्ते में पारदर्शिता और आपसी सहमति जरूरी है। अगर शादी से पहले इस तरह के बड़े फैसले गुप्त रूप से लिए जाएं तो रिश्ते में अविश्वास पैदा होता है। इस घटना से यह सीख मिलती है कि रिश्तों में विश्वास और खुलापन बहुत जरूरी है। जब दो लोग शादी करने का फैसला करते हैं, तो उन्हें हर बड़े फैसले में एक-दूसरे को शामिल करना चाहिए।

पूर्व प्रधानमंत्री प्रचंड बोले- लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट हों लोग

काठमांडो, एजेंसी। नेपाल के पूर्व प्रधानमंत्री और मुख्य विपक्षी दल सीपीएन (माओवादी सेंटर) के चेयरमैन पुष्प कमल दहल उर्फ प्रचंड ने लोकतंत्र की रक्षा के लिए एकजुट होने का आह्वान किया है। उन्होंने लोगों से कहा कि उनकी पार्टी लोकतंत्र और संविधान की रक्षा के लिए काठमांडों में विरोध प्रदर्शन करेगी तब लोग उसमें बड़ी संख्या में एकत्र होने के लिए तैयार रहें। प्रचंड ने यह बयान रविवार को पूर्व राजा ज्ञानेंद्र के पोखरा से काठमांडो लौटने पर उनके समर्थकों की ओर से आयोजित प्रदर्शन की ओर इशारा करते हुए दिया।

माओवादी नेता ने कहा कि तरह-तरह के बहानों के तहत भ्रष्ट और अवसरवादी तत्व व्यवस्था को कमजोर करने और लोगों के अधिकारों को छीनने का प्रयास कर रहे हैं। ऐसी सभी साजिशों को विफल करना और जनता के अधिकारों की रक्षा करना माओवादियों की जिम्मेदारी है और हम इससे पीछे नहीं हटेंगे। उन्होंने कहा कि हमने निष्क्रिय मोर्चों को सक्रिय करके सभी जातीय क्षेत्रीय मोर्चों को मजबूत करने की नीति अपनाई है। हम धीरे-धीरे सभाएं आयोजित करके सभी मोर्चों को सक्रिय बनाएंगे। प्रचंड ने कहा कि लंबे संघर्ष के बाद लोगों को लोकतांत्रिक अधिकार और संप्रभुता मिली है। इसे उलटने के प्रयास किए जा रहे हैं। यह हमारी जिम्मेदारी है कि हम देश को ऐसी ताकतों के कब्जे में नहीं आने दें। केपी शर्मा ओली की वर्तमान सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने आरोप लगाया कि सरकार भ्रष्ट लोगों को बचाने और अच्छा काम करने वालों को दंडित करने का प्रयास कर रही है। इससे राजशाही समर्थक ताकतों को संकट का फायदा उठाने का मौका मिल रहा है।

बाबा हरिहरनाथ सोनपुर में खेले होली...

मिथिला सांस्कृतिक परिषद के होली मिलन में फगुआ गीतों की बौछार, खूब उड़े अबीर-गुलाल



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। इस्पातनगरी बोकारो में चौतरफा होलियाना माहौल के बीच मिथिला-मैथिलों की संस्था मिथिला सांस्कृतिक परिषद, बोकारो का होली मिलन समारोह धूमधाम से संपन्न हुआ। परिषद की ओर से नगर के सेक्टर- 4 में संचालित मिथिला एकेडमी पब्लिक स्कूल में आयोजित होली मिलन में एक तरफ जहां खूब अबीर-गुलाल उड़ते रहे, वहीं घंटों पारंपरिक फगुआ गीतों की बौछार होती रही। ढोलक, झाल-मंजीरा और हारमोनियम के साथ परिषद की कीर्तन मंडली के कलाकारों ने फागुन-रस की ऐसी बौछार की कि उपस्थित सभी लोग उसमें सराबोर हो गए। कलाकारों ने फगुआ गीतों- बाबा हरिहरनाथ सोनपुर में खेले होली..., बिरज में होरी खेलत नंदलाल... मिथिला में राम खेलथि होरी..., खेले मसाने में होरी दिगंबर... आदि गीतों की झड़ी लगा दी। इस क्रम में आसपास का पूरा वातावरण होलीमय बना रहा। इसके पूर्व, सभी आगंतुकों का स्वागत अबीर, मिष्ठान्न, पकौड़ी और ठंठई से किया गया। परिषद के अध्यक्ष जय प्रकाश चौधरी ने सभी का स्वागत करते हुए होली को आपसी प्रेम, सदभाव और भाईचारे का पर्व बताया। उन्होंने मिथिला समाज के लोगो से एकजुट होकर आगे बढ़ने का आह्वान किया। महासचिव नीरज चौधरी ने कहा कि यह त्योहार आपसी मतभेद मिटाकर सबको एक रंग में रंगने का संदेश देता है। साथ ही, बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतीक भी है, जो हमें सामाजिक समरसता और सौहार्द बनाए रखने की प्रेरणा देता है। इस अवसर पर अध्यक्ष व महासचिव के अलावा निदेशक मंडल के राजेन्द्र कुमार, कृष्णचंद्र झा व विजय कुमार झा सहित हरिमोहन झा, समरेन्द्र झा, चंद्रकांत मिश्र, पीके झा चंदन, डॉ. यूसी झा, श्रीमोहन झा, मिहिर कुमार झा राजू, अविनाश झा अवि, अरुण पाठक, रोशन कुमार तरुण, विजय मिश्र अंजू, सुदीप ठाकुर, प्रकाश झा, सुभद्र चौधरी, प्रमोद मिश्र, उमेश झा, रमण ठाकुर, विनय कुमार झा, विवेकानंद झा, अरविंद मिश्र, अविनाश मिश्र, भूषण पाठक, दिलीप ठाकुर, मनोज कुमार झा, ललित झा, चंचल झा, गोविंद कुमार झा, हरिमोहन झा, भृगुनन्दन ठाकुर, आशुतोष झा, अमरनाथ झा, कमलेश कुमार मिश्र, पशुपति झा, गणेश झा, अनुपम मिश्र आदि उपस्थित रहे।

होली का माहौल बिगाड़ने वालों पर है पुलिस की नजर

कंट्रोल रूम से हो रही है चौबीस घंटे निगरानी





बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो और चास के चौक चौराहों अगर आप सड़क सड़क पर गाड़ी को पार करते हुए जमावड़ा लगा रहे हैं तो सावधान हो जाइए। क्योंकि बोकारो जिला प्रशासन और पुलिस आपकी सभी हरकतों को हाई डेफिनेशन 360 डिग्री कैमरा के साथ मॉनिटरिंग कर रही है। साथ ही साथ कैमरों में लगे स्पीकर के माध्यम से अलर्ट भी करने का काम करेगी। बोकारो जिला प्रशासन और पुलिस ने चास अनुमंडल क्षेत्र के सभी चौक चौराहा में सीसीटीवी लगाने का काम किया है ।इसका ट्रायल रन देर रात चास एसडीम ,एसडीपीओ सहित और अधिकारियों ने जिला नियंत्रण कक्ष से किया। इस दौरान कई जगहों पर सड़क पर गाड़ियों को खड़ा कर रखा गया था जिसे कंट्रोल रूम से ही हटाने का निर्देश दिया गया इसके माध्यम से होली में हद करने वालों पर नजर रखने का काम भी किया जाने वाला है। सड़क पर खड़ी गाड़ियों का चलन भी ऑनलाइन कंट्रोल रूम से काटा जाएगा। चास एसडीपीओ प्रवीण कुमार सिंह ने बताया कि जिस तरह से कैमरे लगाए गए हैं। इससे एक जगह बैठकर पूरे चास अनुमंडल क्षेत्र को मॉनिटर किया जा सकता है। चौक चौराहा पर गाड़ियों को खड़ा कर इधर-उधर अड्डे बाजी करने वाले लोगों पर भी नकेल कसा जा सकेगा। चौक चौराहा पर तैनात इस मजिस्ट्रेट पुलिस जवान और पेट्रोलिंग पार्टी को भी तुरंत अलर्ट किया जा सकता है। अगर कोई घटना घटती है तो उपद्रव करने वाले लोगों को भी चिन्हित करने में आसानी होगी। चास एसडीएम प्रांजल ढांढा ने बताया कि यह एक अच्छा प्रयास है आने वाले समय में बेरमो अनुमंडल के विभिन्न चौक चौराहों पर भी कैमरा लगाया जाएगा ।हुड़दंग करने वालों पर पैनी नजर रखी जा सकेगी और होली से ही इसकी शुरूआत होगी।

आजसू छात्र नेताओं ने जनता शिवरात्रि महाविद्यालय में शिक्षाविदों व विद्यार्थियों के साथ खेली होली



मेदिनीनगर (पलामू)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। अखिल झारखण्ड छात्र संघ (आजसू) ने जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के प्रांगण में एनपीयू वाली होली खेली गई। होली से पूर्व डीजे के साथ रंगोत्सव के आयोजन में एनपीयू के सभी छात्र -छात्राएं, शिक्षक व कर्मचारी सभी उपस्थित हुए। मौके पर सभी एक साथ मिलकर शिक्षाविदों व विद्यार्थियों पर रंगों की बौछार किया । जनता शिवरात्रि महाविद्यालय के प्राचार्य एसके पांडेय सहित सभी शिक्षकों को गुलाल लगाकर छात्रों ने आशीर्वाद प्राप्त किया । प्राचार्य ने कहा कि होली परम्परागत त्योहार है। इसमे विद्यार्थी अनुसाशन का परिचय देते हुए इसे मना रहे है । मुख्य अतिथि के रूप में आजसू पार्टी के केंद्रीय सचिव सतीश कुमार, इम्तिआज अहमद नजमी , बिकेश शुक्ला व केंद्रीय सदस्य तुलसी शुक्ला ने मंच से विद्यार्थियों पर पर रंगो की बरसात किया। कार्यक्रम के आयोजक आजसू छात्र नेता अभिषेक राज ने कहा कि "एनपीयू वाली होली" का आयोजन का मूल मकशद छात्रों के जुड़ाव को महाविद्यालय से बढ़ाने व होली को एक साथ मनाने के लिए किया गया। आजसू के विश्वविद्यालय प्रभारी हिमांशु रंजन ने कहा कि अगले वर्ष इससे भी भव्य रूप में इसका आयोजन किया जायेगा । मौके पर राहुल मिश्रा, बिपिन शुक्ला ,सचिन सिंह, स्वस्तिक सिन्हा, अभिषेक कुमार, आकाश कुमार आदि सैकड़ो छात्र- छात्राएं उपस्थित थे ।

होली मिलन समारोह में शामिल हुए पदमश्री सम्मानित दो कलाकार



रामगढ़/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रामगढ़ के एक निजी सभागार में आज होली मिलन के अवसर पर दो पदमश्री कलाकार पहुंचे। पदमश्री से सम्मानित कलाकार मुकुंद नायक एवं महावीर नायक ने अपने लोकगीत से लोगों को झूमने पर मजबूर कर दिया। सभी लोग इन दोनों कलाकार के साथ होली के अवसर पर फूलों की होली खेलते हुए नजर आए। इस मौके पर मुकुंद नायक ने सभी झारखंड वासियों को जोहार करते हुए कहा कि यह होली बहुत बड़ा रंग और उल्लास का त्यौहार है लेकिन मैं अपनी एक पीड़ा बताना चाहता हूं कि हम लोग आगे जरूर बढ़ रहे हैं लेकिन इस होली में हम लोग बदरंग भी हो रहे हैं हम अपील करेंगे क्योंकि हम विकासशील देश के वासी हैं हम लोगों की माई माटी भाषा और संस्कृति यह ऐसी चीज है जिसे बचा कर रखना बहुत जरूरी है, हमारे देश में अगर किसी चीज की कमी हो जाएगी तो हम दुनिया के किसी कोने से उसे मंगा सकते हैं लेकिन माई माटी और भाषा संस्कृति को हम लोग विश्व के किसी भी कोने से नहीं मंगा सकते हैं इसलिए मैं अपील करता हूं कि आप आगे बढ़े हमारे देश को विकसित बनाएं खुद विकसित बने लेकिन माई माटी भाषा और संस्कृति को बचा कर रखें। मौके पर एक दूसरे पदम श्री विजेता महावीर नायक ने बताया कि इस पुनीत अवसर पर हमारा संदेश यह है कि यह होली जिसे हम फगुआ भी बोलते है जिसे सब मिलकर खेलते हैं और हमारे राज्य में किसी चीज की कमी नहीं है उस हिसाब से इसका विकास तेजी से होना चाहिए क्योंकि यहां अनेक तरह के खाने हैं वैसा विकास अभी तक नहीं हुआ है हम तो वसुदेव कुटुंबकम के भाव से सभी त्यौहार मनाते हैं और पूरे विश्व को साथ लेकर चलते हैं और हमारा त्यौहार यही संदेश देता है। मौके पर शहर के एक गणमान्य एवम प्रबुद्ध व्यक्ति कमल बगड़िया ने बताया कि प्रकृति अपने चरम सीमा पर है जबकि पलाश के फूल खिलकर अपनी छटा बिखेर रहे हैं चारों ओर बसंती बयार बह रही है और इसके बीच में आज रामगढ़ के लिए बहुत ही पावन दिन है इसका कारण यह है कि हमारे बीच में दो-दो पदम श्री गायक हमारे बीच में उपस्थित हैं यह हमारे लिए गरिमामयी उपस्थिति है और इनका एक साथ छिन्नमस्तिके की धरती पर पांव रखना हमारे लिए गर्व की बात है और अगर दिल में संगीत हो तो पदम श्री को भी पाया जा सकता है यह हमारे दोनों कलाकारों ने करके दिखाया है।

पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को सेंट्रल जेल में दिए गए थे कई कमरे



छापेमारी में हुआ खुलासा

मेदिनीनगर (पलामू)/ नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। पीएलएफआई सुप्रीमो दिनेश गोप को पलामू सेंट्रल जेल में विशेष सुविधाएं दी गई थी। दिनेश गोप को सेंट्रल जेल में कई कमरे मुहैया कराए गए थे। एक कमरे का इस्तेमाल पूजा रूम व बाकी का अन्य सुविधाओं के लिए किया जाता था। यह खुलासा जिला प्रशासन की टीम को जेल में छापेमारी के क्रम में हुई। पलामू डीसी शशि रंजन व पुलिस अधीक्षक रिष्मा रमेशन के नेतृत्व में बुधवार को पलामू सेंट्रल जेल में छापेमारी की गई। छापेमारी में दिनेश गोप को सेंट्रल जेल के अंदर दी जाने वाली विशेष सुविधाओं का खुलासा हुआ। इस दौरान अधिकारियों को जेल से जुड़ी कई जानकारियां मिली है। छापेमारी के दौरान वरीय प्रशासनिक अधिकारियों को कई तरह की परेशानियों का सामना करना पड़ा। दिनेश गोप को दी जाने वाली सुविधाओं को देख अधिकारी नाराज दिखे। पदाधिकारियों ने कार्रवाई की बात कही। इधर पलामू सेंट्रल जेल के अधीक्षक भागीरथी कारजी ने बताया कि छापेमारी की गई है। महाशिवरात्रि के दौरान दिनेश गोप को कमरे मुहैया कराए गए थे।

पतंजलि योग केंद्र ने होली मिलन समारोह का किया आयोजन



धनबाद/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। भूली बी ब्लॉक दुर्गा मंडप के समीप पतंजलि योग केंद्र ने होली मिलन समारोह का आयोजन किया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला संयोजक मनजीत सिंह, विशिष्ट अतिथि जिला सोशल मीडिया प्रभारी मनोज सिंह, पूर्व जिला प्रभारी समरेंद्र पासवान उपस्थित हुए। समारोह में पतंजलि योग केंद्र के सैकड़ो सदस्य शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती वंदना से की गई। इस मौके पर लोगों ने एक दूसरे को अबीर गुलाल लगाकर होली की बधाई दी । इस अवसर पर मुख्य अतिथि मनजीत सिंह ने कहां की होली हमारी पारंपरिक त्योहारों में एक है । इस दिन गिले शिकवे भूल कर अपने को गले लगाया जाता है। रंगो का यह त्यौहार किसी को भी मंत्रमुग्ध करने वाला है ।सभी लोग आज बिरज में होली है रसिया और होली खेले रघुवीरा अवध में जैसे गीतों में सभी को झूमने पर मजबूर कर दिया । कार्यक्रम में योग केंद्र के प्रभारी अशोक गुप्ता, संरक्षक रंजीत कुमार बिल्लू, विजय श्रीवास्तव, गुरचरण सिंह, विजय, विशाल, प्रकाश कुमार, हरविंदर सिंह ,मनोहर महतो, भगवान दास, दिलीप पांडेय, बबन चौहान, आर एन प्रसाद, विजय शर्मा, राकेश वर्मा, शैलेश सिंह, सीमा गुप्ता, बिंदिया देवी, रीना भारती, ममता पांडेय, सरोज गुप्ता, रीना देवी, ललिता चौहान, निर्मला देवी सभी उपस्थित थे ।

कांग्रेस कार्यालय में खूब उड़े होली के रंग गुलाल





कांग्रेस के होली मिलन में उड़े रंग गुलाल, शामिल हुए कई वरीय नेता

बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। बोकारो जिला कांग्रेस कमिटी की ओर से नया मोड स्थित वेस्टइन फार्म जिन्जर में होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। समारोह की अगवाई जिलाध्यक्ष उमेश प्रसाद गुप्ता ने की। मौके पर पूर्व प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने कहा की होली प्रेम, उल्लास और आपसी भाईचारे का त्योंहार हैं। मौके पर बेरमो विधायक कुमार जयमंगल अनूप सिंह ने बोकारो कांग्रेसजनों को होली कि बधाई देते हुऐ कहा कि रंग और गुलाल का त्यौहार होली सबों के जीवन में एक नई उत्साह का संचार करता हैं। बोकारो विधायक श्रीमति स्वेता सिंह ने आपसी भाईचारे के साथ होली का त्यौहार मनाने कि अपील की। मौके पर श्री गुप्ता ने होली की बधाई देते हुऐ कहा की होली का पर्व बुराई पर अच्छाई की जीत का प्रतिक हैं। मौके पर पूर्व प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष राजेश ठाकुर, बेरमो विधायक कुमार जयमंगल अनूप सिंह,बोकारो विधायक श्रीमती स्वेता सिंह, धनबाद लोकसभा पूर्व प्रत्याशी श्रीमती अनुपमा सिंह,रास नारायण सिंह,मृतुन्जय शर्मा, सीके ठाकुर, जोहार महाथा, जिला 20 सूत्री उपाध्यक्ष, मनोज राय, संजय सिंह, जुबिल अहमद, अशोक मिश्रा, बनमाली बाउरी, बबला राम, प्रदीप रजक, तूफान साहनी, नेहा यादव, पूनम देवी,नीलू दुबे,गौरव राय, बैद्यनाथ जायसवाल, शिबू यादव,सुधीर जायसवाल, महेश मंडल जिला कांग्रेस पदाधिकारीगण,प्रखंड, नगर, मंडल अध्यक्षगण सहित बोकारो जिला कांग्रेस कार्यकर्तागण उपस्थित रहे।

होली और जुम्मे की नमाज को लेकर पुलिस ने किया फ्लैग मार्च



बोकारो/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। होली और रमजान को लेकर पुलिस प्रशासन पूरी तरह से अलर्ट मोड में है। चास थाना पुलिस ने आज अपने इलाके में फ्लैग मार्च निकालकर लोगों से शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाने की अपील की।



होली शुक्रवार को मनाया जाने वाला है। उधर जुम्मे की नमाज भी अता की जाएगी। इसके मद्देनजर पुलिस अलर्ट मोड में है। चास थाना के स्वर्णकार मोहल्ला और मुस्लिम मोहल्ला सटा होने के कारण पुलिस ने दोनों ही समुदाय के लोगों से हरदंगियों पर नजर रखते हुए प्रशासन को इसकी सूचना देने की अपील की है। चास थाना प्रभारी खुर्शीद आलम ने कहा कि शांतिपूर्ण तरीके से होली मनाया जाय यह हम सभी लोगों से अपील करते हैं। कुछ लोग बाइक सहित और माध्यम से हुडदंग करते हैं, उन्हें भी चेतावनी है। अगर इस तरह के कहीं भी हुडदंग करते कोई पाया जाएगा तो उसे पर कार्रवाई की जाएगी। क्योंकि पूरे चास क्षेत्र में प्रशासन के द्वारा सीसीटीवी लगा दिया गया है।

शांति और सौहार्दपूर्ण वातावरण में होली मनाने की अपील, सोशल मीडिया पर रहेगी पैनी नजर

असामाजिक तत्वों पर होगी कड़ी कार्रवाई



खूंटी/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। होली के त्योहार को शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मनाने के उद्देश्य से जिला प्रशासन द्वारा कड़े सुरक्षा इंतजाम किए गए हैं। आम जनता से अपील की गई है कि वे आपसी भाईचारे और सौहार्द के साथ इस पावन पर्व को मनाएं। इसी क्रम में, सीडीपीओ खूंटी, श्री वरुण रजक, अंचल अधिकारी खूँटी एस पी आर्या, थाना प्रभारी समेत अन्य वरीय पदाधिकारी द्वारा दलबल के साथ मुख्य मार्ग, खूँटी, तोरपा समेत अन्य क्षेत्रों में फ्लैग मार्च किया गया, जिससे क्षेत्र में सुरक्षा व्यवस्था को और सुदृढ़ किया जा सके। फ्लैग मार्च का उद्देश्य लोगों में सुरक्षा का भरोसा जगाना और असामाजिक तत्वों को कड़ा संदेश देना था कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया पर भी उसकी पैनी नजर रहेगी। किसी भी तरह की अफवाह, भड़काऊ या भ्रामक पोस्ट फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

असामाजिक तत्वों की गतिविधियों पर अंकुश लगाने के लिए प्रशासन पूरी तरह से सतर्क है। जिला प्रशासन ने आमजन से अपील की है कि यदि कहीं भी कोई संदिग्ध गतिविधि दिखाई दे, तो तुरंत प्रशासन को सूचित करें, ताकि समय रहते उचित कार्रवाई की जा सके।

होली को ले सदर थाना क्षेत्र में पुलिस ने निकाला फ्लैग मार्च

होली को शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ मनाएं : उत्तम राय



मेदिनीनगर (पलामू)/नवबिहार टाइम्स ब्यूरो। रंगों का त्योहार होली को शांतिपूर्ण व आपसी सौहार्द के साथ संपन्न कराने को लेकर पुलिस काफी सतर्क है। असमाजिक तत्वों व उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। सदर थाना प्रभारी उत्तम राय के नेतृत्व में सुआ- कौड़िया गोदाम चौक से फ्लैग मार्च निकाली गई। इसमें महिला, पुरूष सशस्त्र बल काफी संख्या में शामिल थे। फ्लैग मार्च जोड़, खनवा, पोखराहा समेत कई पंचायतों में फ्लैग मार्च निकाल कर लोगों से समाज में शांति बनाये रखने का आह्वान किया। मौके पर थाना प्रभारी ने कहा कि समाज में विद्वेष फैलाने वाले असमाजिक तत्व व उपद्रवियों से निपटने के लिए पुलिस पूरी तरह से मुस्तैद है। उन्होंने लोगों से भ्रामक खबर व अफवाहों पर ध्यान नहीं देने की बात कही। फ्लैग मार्च में एसआई रंजीत कुमार, सुजीत पांडेय, एएसआई चंद्रशेखर दूबे, अरबिंद कुमार गुप्ता समेत कई पुलिसकर्मी शामिल थे।

स्वत्वाधिकारी,
प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक कमल किशोर द्वारा डी.बी. कॉर्प. लि. के लिए भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, गोविंदपुर मेन रोड, अशोक नगर, केजी आश्रम, धनबाद (झारखंड) से मुद्रित तथा प्लांट नंबर- 31, कॉपरेटिव कॉलोनी, बोकारो स्टील सिटी, जिला बोकारो (झारखंड) से प्रकाशित। संपादक कमल किशोर, नवबिहार टाइम्स (दैनिक), सत्येंद्र नगर, औरंगाबाद (बिहार), स्थानीय संपादक : मनोज विशाल
फोन नंबर-
9431145665
8210783623
आर.एन.आई. पंजीकरण संख्या :
JHAHIN/2017/72655
E-mail-
nbtimesbihar@gmail.com